■ वर्ष-23 ■ अंक-87
■ पृष्ठ-8 ■ मूल्य-2.00

दिल्ली (राष्ट्रीय संस्करण)
■ शुक्रवार ■ 15 मई 2026
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत्-2083

E-mail
dainiksamayjagat@gmail.com
insmjagat@gmail.com

प्रधान संपादक : अशोक त्रिपाठी

देश की राजधानी से प्रकाशित होकर विभिन्न प्रदेशों में प्रसारित

# दैनिक समय जगत

दिल्ली, भोपाल, म.प्र., उ.प्र. और अन्य राज्यों से एक साथ प्रकाशित

एक संदेश-पूरा देश

ईश्वर से अधिक मूल्यवान दुनिया में कुछ भी नहीं...

शीर्ष की ओर 'समय जगत'
Facebook
asksamayjagat
Instagram
@asksamayjagat
Twitter
@asksamayjagat
यूट्यूब पर
'खबर समय जगत'
को भी सब्सक्राइब करें
www.dainiksamayjagat.in



समय जगत, भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से नई दिल्ली में पुष्प-गुच्छ भेंट कर सौजन्य मुलाकात की।

## अब बिजली खरीद समझौतों के लिए कैबिनेट की पूर्व मंजूरी होगी अनिवार्य

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पॉवर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने निर्णय लिया है कि नई दीर्घकालीन और मध्यकालीन बिजली खरीद समझौते और बिजली आपूर्ति समझौते मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट की मंजूरी के बाद ही लागू किये जा सकेंगे। यह निर्णय शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अब तक समझौते कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा अनुमोदित किए जाते थे, लेकिन अब सभी नए समझौतों के लिए कैबिनेट स्तर की मंजूरी प्राप्त करने का प्रस्ताव किया गया है।

### प्रधानमंत्री की परिकल्पना को साकार कर रहा मध्यप्रदेश

# डिजिटल तकनीक से संवर रहा मध्यप्रदेश : मुख्यमंत्री

**समय जगत, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश आज अधोसंरचना विकास के क्षेत्र में तेजी से एक नई पहचान बना रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत की परिकल्पना को मध्यप्रदेश साकार कर रहा है। प्रदेश में अभूतपूर्व गति से सड़क, पुल, एक्सप्रेसवे और आधुनिक सार्वजनिक अधोसंरचना निर्माण हो रहा है। लोक निर्माण विभाग ने ÷लोक निर्माण से लोक कल्याण÷ को अपना मूल मंत्र बनाकर विकास को सीधे जनता की सुविधा, आर्थिक प्रगति और सामाजिक समृद्धि से जोड़ा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मजबूत अधोसंरचना किसी भी विकसित राष्ट्र की सबसे बड़ी आवश्यकता होती है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देशभर में सड़क, रेलवे, एक्सप्रेसवे, लॉजिस्टिक नेटवर्क और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का व्यापक विस्तार हुआ है। प्रदेश में सड़क संपर्क, शहरी यातायात, औद्योगिक कनेक्टिविटी और ग्रामीण अधोसंरचना के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोक निर्माण विभाग ने प्रदेश के सड़क नेटवर्क को अधिक वैज्ञानिक, व्यवस्थित और भविष्य उन्मुख बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सड़क श्रेणियों के पुनर्गठन तथा




रोड नेटवर्क रैशनलाइजेशन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है, जिससे सड़क निर्माण और रखरखाव की प्राथमिकताएं अधिक स्पष्ट हुई हैं। विभाग द्वारा लोक निर्माण सर्वेक्षण मोबाइल ऐप विकसित किया गया है। यह ऐप त्रढ्ढस् आधारित तकनीक पर कार्य करता है और इसके माध्यम से प्रदेश में 71 हजार किलोमीटर से अधिक सड़कों, लगभग 3 हजार भवनों तथा 1400 से अधिक पुलों का विस्तृत सर्वेक्षण किया जा चुका है। इस सर्वेक्षण से विभाग को अधोसंरचना की वास्तविक स्थिति का डिजिटल डेटा प्राप्त हुआ है, जिसके आधार पर योजनाएँ अधिक सटीक और व्यावहारिक तरीके से तैयार की जा रही हैं।

### रोड नेटवर्क मास्टर प्लान से बेहतर कनेक्टिविटी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोक निर्माण विभाग ने समग्र रोड नेटवर्क मास्टर प्लान तैयार किया है। मास्टर प्लान के अंतर्गत शहरों के लिए बायपास मार्ग, औद्योगिक क्षेत्रों के लिए बेहतर सड़क संपर्क, जिला मुख्यालयों के बीच तेज कनेक्टिविटी तथा यातायात दबाव कम करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके साथ ही यात्रा दूरी और समय कम करने के उद्देश्य से 6 नए ग्रीनफील्ड सड़क मार्गों की पहचान की गई है। इन परियोजनाओं से प्रदेश के औद्योगिक, कृषि एवं पर्यटन क्षेत्रों को नई गति मिलने की संभावना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पारदर्शी और जवाबदेह शासन व्यवस्था के अनुरूप लोक निर्माण विभाग ने जीआईएस आधारित बजट मॉड्यूल लागू किया है। इस प्रणाली से प्रत्येक सड़क प्रस्ताव को डिजिटल नक्शे पर दर्ज किया जाता है। इससे यह तुरंत स्पष्ट हो जाता है कि संबंधित सड़क पहले से किसी अन्य योजना में शामिल है या नहीं। इस व्यवस्था ने योजनाओं में दोहराव को समाप्त करने के साथ विकास कार्यों की प्राथमिकता तय करने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाया है।

# वीडी सतीशन होंगे केरलम के मुख्यमंत्री

### चुनाव नतीजे के 10 दिन बाद कांग्रेस द्वारा की गई घोषणा
### वीडी ने कहा- दैवीय कृपा से मिला पद



**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस नेता वी डी सतीशन केरलम के नए सीएम होंगे। कांग्रेस ने राज्य के चुनाव नतीजे घोषित होने के 10 दिन बाद गुरुवार को इसका ऐलान किया। 61 साल के सतीशन पारावूर सीट से विधायक हैं। कांग्रेस नेता दीपा दासमुंशी ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि पार्टी ने तिरुवनंतपुरम में 7 मई को मीटिंग की थी। पार्टी अध्यक्ष खड़गे, राहुल गांधी से चर्चा के बाद तय किया गया कि केरलम के मुख्यमंत्री वीडी सतीशन होंगे। नाम के ऐलान होने का बाद सतीशन ने कहा- मैं इस पद को निजी उपलब्धि नहीं बल्कि दैवीय कृपा मानता हूं। मैं वेणुगोपाल, रमेश चेन्निथला समेत सभी नेताओं को अपने विश्वास में लूंगा। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने स्थिति और फैसला लेने की प्रक्रिया पर चर्चा की। उन्होंने मुझे बुलाया और मेरी राय पूछी। मैं विधायकों, पार्टी कार्यकर्ताओं और पार्टी पदाधिकारियों का शुक्रिया अदा करता हूं कि उन्होंने मुझे इतना समर्थन दिया। आखिरकार पार्टी ने एक फैसला लिया और एक सच्चे कांग्रेसी के तौर पर हम सब पार्टी के फैसले के साथ हैं। कांग्रेस विधायक राधाकृष्णन ने कहा कि हाईकमान ने बेहद ऊर्जावान और सही फैसला लिया है। केरल के लोगों की भावना-इच्छा को स्वीकार किया। केरल के विपक्ष के नेता के तौर पर वीडी सतीशन ने 10 साल पुराने एलडीएफ शासन के खिलाफ मजबूत लड़ाई लड़ी और बड़ी जीत हासिल की। हाईकमान ने सभी पक्षों की राय सुनी और इस पूरी प्रक्रिया में राहुल सीधे तौर पर शामिल थे। चुनाव के लिए लोकतांत्रिक प्रक्रिया अपनाई गई थी। जब कई नाम सामने हों तो नेता चुनने को लेकर भ्रम की स्थिति बनना स्वाभाविक है। केरलम में यूडीएफ ने 140 में से 102 सीटें जीती हैं। इनमें कांग्रेस की 63 सीटें हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, कांग्रेस विधायकों की बैठक में 75-80त्न विधायकों ने केसी वेणुगोपाल को समर्थन दिया था। वीडी सतीशन को महज 6 विधायकों का समर्थन मिला था।

## केन्द्र द्वारा रेलवे कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को दी गई राहत, 2% डीए बढ़ाया

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने अपने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को बड़ी राहत देते हुए महंगाई भत्ता और महंगाई राहत में 2 फीसदी की बढ़ोतरी की है। यह नई दर 1 जनवरी 2026 से लागू होगी। इस बढ़ोतरी के बाद डीए और डीआर बढ़कर 60 फीसदी हो गया, जो पहले 58 फीसदी था। इस फैसले का लाभ रेलवे के लाखों कर्मचारियों, पेंशनर्स, पारिवारिक पेंशनर्स और अन्य पात्र लाभार्थियों को मिलेगा। यह संशोधन 7वें वेतन आयोग के तहत किया गया है। डीए और डीआर कर्मचारियों और पेंशनर्स की बेसिक सैलरी और पेंशन का एक निश्चित प्रतिशत होता है, जिसे बढ़ती महंगाई के मुताबिक संशोधित किया जाता है। आमतौर पर सरकार इसे साल में दो बार संशोधित करती है, जो अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर तय होता है। सरकार ने महंगाई भत्ते में 2 फीसदी की बढ़ोतरी की है। इस फैसले के बाद रेलवे कर्मचारियों का डीए 58 फीसदी से बढ़कर 60 फीसदी हो गया है। यह बढ़ोतरी 1 जनवरी 2026 से लागू होगी। यह आदेश रेल मंत्रालय की ओर से जारी एक आधिकारिक नोटिफिकेशन में दिया गया है। रेल मंत्रालय के मुताबिक अब रेलवे कर्मचारियों को उनके मूल वेतन का 60 फीसदी डीए मिलेगा। सरकार ने यह भी साफ किया है कि इस बढ़े हुए डीए की गणना केवल बेसिक पे पर की जाएगी। इसका मतलब है कि वेतन मैट्रिक्स के मुताबिक जो मूल वेतन तय है, उसी पर डीए लागू होगा। इसमें किसी भी प्रकार का स्पेशल पे या अन्य भत्ते शामिल नहीं किए जाएंगे। इस फैसले का लाभ सभी रेलवे कर्मचारियों को मिलेगा, जो वेतन मैट्रिक्स के तहत आते हैं। बढ़ा हुआ डीए सीधे उनकी मासिक आय में जुड़ जाएगा, जिससे उनकी सैलरी में इजाफा होगा। बढ़ती महंगाई के बीच यह फैसला रेलवे कर्मचारियों के लिए राहत लेकर आया है। डीए बढ़ने से उनकी क्रय शक्ति में सुधार होगा और रोजमर्रा के खर्चों को संभालना आसान हो जाएगा।



## प्रधानमंत्री से रूसी विदेश मंत्री की मुलाकात, वैश्विक मुद्दों पर हुई चर्चा



**नई दिल्ली।** रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने गुरुवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। लावरोव इन दिनों ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होने के लिए भारत के दौरे पर हैं। इस महत्वपूर्ण बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने आपसी हित से जुड़े कई क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय विषयों पर विस्तार से बात की। चर्चा के दौरान यूक्रेन और पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मौके पर भारत का स्पष्ट और पुराना रुख एक बार फिर सामने रखा। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या या संघर्ष का समाधान निकालने के लिए बातचीत और कूटनीति ही सबसे बेहतर विकल्प है। उन्होंने शांतिपूर्ण समाधान की जरूरत पर जोर दिया। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि लावरोव ने प्रधानमंत्री को दोनों देशों के बीच चल रहे सहयोग की जानकारी दी।

# योगी ने की अमित शाह से मुलाकात

### यूपी में मंत्रीमंडल विस्तार के बाद राजनीतिक गलियारों में मची हलचल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार के बाद राजनीतिक सरगर्मी चरम पर पहुंच गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की। करीब एक घंटे चली इस बैठक में नए मंत्रियों को विभाग आवंटन और 2027 विधानसभा चुनाव की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। गृह मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर इस भेंट की पुष्टि की है। सूत्रों के अनुसार, बैठक में विभागों के बंटवारे पर अंतिम फैसला हो गया है। 10 मई को हुए विस्तार में छह नए चेहरों को मंत्री बनाया गया था, जबकि दो राज्य मंत्रियों को कैबिनेट रैंक दी गई। चार दिन बाद भी विभाग न मिलने से अटकलें तेज थीं, जो अब शाह-योगी बैठक के बाद लगभग सुलझ गई हैं।



### सामाजिक समीकरणों पर फोकस

इस बार विभागों का बंटवारा केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि मिशन-2027 को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। भूपेंद्र सिंह चौधरी के माध्यम से पश्चिमी यूपी के जाट मतदाताओं को साधने, मनोज पांडेय (सपा छोड़कर आए) के जरिए ब्राह्मण समुदाय को जोड़ने और कृष्णा पासवान, सुरेंद्र दिलेर व कैलाश राजपूत जैसे नए मंत्रियों के माध्यम से दलित तथा पिछड़े वर्गों में सरकार की पैठ बढ़ाने की रणनीति है। जानकारों का मानना है कि योगी और शाह ने नए मंत्रियों को ऐसे विभाग देने पर सहमति जताई है।

## भुजंगासन से कंधों और पीठ को मिलती है मजबूती

**नई दिल्ली।** हाल ही में आयुष मंत्रालय ने भुजंगासन को लेकर जरूरी सुझाव दिए हैं और बताया है कि यह आसन कमर, पीठ और कंधों को मजबूत बनाने में बेहद लाभकारी है। साथ ही गलत तरीके से करने पर यह शरीर को नुकसान भी पहुंचा सकता है। भुजंगासन को कोबरा पोज भी कहा जाता है, क्योंकि इस मुद्रा में शरीर का ऊपरी हिस्सा सांप के फन की तरह ऊपर उठता है, जबकि निचला हिस्सा जमीन से जुड़ा रहता है। आयुष मंत्रालय के अनुसार कई लोग इस आसन को करते समय छोटी लेकिन महत्वपूर्ण गलतियां कर देते हैं, जिससे कमर, गर्दन और कंधों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। विशेषज्ञों के मुताबिक भुजंगासन करते समय कोहनियों को बाहर फैलाना, कंधों को कानों की तरफ चढ़ा लेना, कमर को जरूरत से ज्यादा मोड़ना, नितंबों को अत्यधिक कसना और एड़ियों को बाहर की ओर फैलाना आम गलतियां हैं। ऐसी स्थिति में मांसपेशियों पर गलत दबाव पड़ता है और चोट लगने या पुरानी समस्या बढ़ने का खतरा पैदा हो सकता है। आयुष मंत्रालय ने भुजंगासन करने का सही तरीका भी बताया है। इसके लिए सबसे पहले पेट के बल सीधा लेटना चाहिए। पैरों को पीछे की ओर सीधा रखें और हथेलियों को छाती के दोनों तरफ जमीन पर टिकाएं। इसके बाद सांस अंदर लेते हुए धीरे-धीरे सिर, गर्दन और छाती को ऊपर उठाना चाहिए। इस दौरान गर्दन और रीढ़ की हड्डी एक सीध में होनी चाहिए तथा नजर सामने की ओर रखनी चाहिए। विशेषज्ञों का कहना है कि कंधों को नीचे और पीछे की ओर रखना चाहिए ताकि वे कानों से दूर रहें। कोहनियां शरीर के करीब रहें और हथेलियां छाती के पास टिकी हों। वहीं जांघ, घुटने और पैर जमीन से जुड़े रहने चाहिए। आसन करते समय सांस सामान्य बनाए रखना जरूरी है।



**आयुष मंत्रालय ने दी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी**

पत्रकारवार्ता

**ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने की ऐतिहासिक घोषणा, तेल आपूर्ति में मिलेगी मदद**

# ईरान ने दोस्ती निभाते हुए भारत को दिया सुरक्षित रास्ते का भरोसा


**तेहरान/ नई दिल्ली।** मध्य-पूर्व (मिडिल-ईस्ट) में गहराते युद्ध के बादलों और तनावपूर्ण कूटनीतिक माहौल के बीच ईरान ने भारत के साथ अपनी पुरानी दोस्ती को एक नई ऊंचाई दी है। ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने नई दिल्ली में एक ऐतिहासिक घोषणा करते हुए साफ कर दिया है कि रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' में भारतीय जहाजों को विशेष रियायत और सुरक्षा दी जाएगी। यह बयान ऐसे समय में आया है जब ईरान और अमेरिका के बीच तनाव चरम पर है और वैश्विक तेल आपूर्ति के इस मुख्य मार्ग पर ईरान अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है। नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए ईरानी उप विदेश मंत्री ने भारत को 'दोस्त देश' संबोधित किया। उन्होंने कहा कि तेहरान और नई दिल्ली इस बात पर सहमत हैं कि क्षेत्रीय तनाव के बावजूद भारतीय जहाजों को सुरक्षित रास्ता मिलना चाहिए। गरीबाबादी के मुताबिक, अब तक 11 भारतीय जहाजों को होर्मुज से गुजरने की विशेष अनुमति दी जा चुकी है और 13 अन्य जहाजों की मंजूरी पर काम चल रहा है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यह सुविधा किसी अन्य देश को नहीं दी जा रही है, जो भारत के प्रति ईरान के विशेष झुकाव को दर्शाता है। ईरानी मंत्री ने



यह भी खुलासा किया कि होर्मुज जलमार्ग से गुजरने वाले जहाजों के लिए नए नियम बनाए गए हैं, जिसमें कुछ शुल्क (टोल) लगाने की योजना भी शामिल है। हालांकि, भारत के लिए इसमें नरमी बरतने के संकेत दिए गए हैं। अमेरिका के साथ जारी गतिरोध पर उन्होंने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यदि अमेरिका चाहता है कि होर्मुज को पूरी तरह खोला जाए, तो उसे ईरान पर लगे प्रतिबंध हटाने होंगे और जब्त संपत्तियां वापस करनी होंगी। उन्होंने परमाणु कार्यक्रम पर चल रही बातचीत के बारे में बताया कि ईरान बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन अमेरिका केवल अपनी शर्तें थोपना चाहता है। भारत की यात्रा के दौरान ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज से भी मुलाकात की। इस उच्च स्तरीय बैठक में द्विपक्षीय संबंधों, क्षेत्रीय सुरक्षा और व्यापारिक हितों पर विस्तार से चर्चा हुई। भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी इस संवाद की पुष्टि करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच हालिया घटनाक्रमों और सहयोग बढ़ाने पर सकारात्मक बातचीत हुई है। ईरान का यह कदम न केवल भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की बढ़ती रणनीतिक साख को भी प्रमाणित करता है।

## ईरान में ऑनलाइन कारोबार हुआ ठप्प, लोगों को करना पड़ रहा है आर्थिक संकट का सामना

**नई दिल्ली।** दुनिया के दो सबसे शक्तिशाली देशों, अमेरिका और चीन ने वैश्विक व्यापार के सबसे महत्वपूर्ण मार्ग, होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर एक बड़ी सहमति व्यक्त की है। अमेरिकी जानकारी के अनुसार, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच हुई उच्च स्तरीय बातचीत में यह तय हुआ है कि इस जलमार्ग से गुजरने वाले जहाजों पर किसी भी देश को अतिरिक्त शुल्क या टोल लगाने की अनुमति नहीं होनी चाहिए। यह चर्चा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की बीजिंग में होने वाली शिखर बैठक से ठीक पहले हुई है, जो वैश्विक आर्थिक स्थिरता के लिहाज से काफी अहम मानी जा रही है। इसी बीच, कूटनीतिक मोर्चे पर एक और बड़ी खबर आई है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने संकेत



दिए हैं कि ईरान के साथ युद्ध को विराम देने की दिशा में जारी बातचीत में सकारात्मक प्रगति हो रही है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब राष्ट्रपति ट्रंप चीन की राजकीय यात्रा पर हैं। दूसरी ओर, भारत की राजधानी दिल्ली में ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की महत्वपूर्ण बैठक हो रही है, जिसमें हिस्सा लेने के लिए ईरानी विदेश मंत्री सैय्यद अब्बास अरागची भी पहुंचे हुए हैं। मध्य-पूर्व की स्थिति पर नजर डालें तो वहां मानवीय और तकनीकी संकट गहराया हुआ है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा शुरू किए गए हमलों के बाद से ईरान में इंटरनेट सेवाएं पूरी तरह ठप थीं। हालांकि, अब कुछ क्षेत्रों में इसे आंशिक रूप से बहाल किया गया है, लेकिन आम जनता और ऑनलाइन कारोबार से जुड़े लोग अब भी भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। कूटनीतिक दांव-पेच के बीच इजरायल और संयुक्त अरब अमीरात के रिश्तों को लेकर भी विरोधाभास सामने आया है। बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने यूएई की एक ऐतिहासिक यात्रा का दावा किया, जिसे यूएई के विदेश मंत्रालय ने सिरे से खारिज कर दिया।

# भाजपा झांसी महानगर महिला मोर्चा ने किया सपा सांसद के बयान के विरोध में प्रदर्शन




**समय जगत, झांसी।** भारतीय जनता पार्टी झांसी महानगर महिला मोर्चा द्वारा हमीरपुर-महोबा के सपा सांसद द्वारा देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई आपत्तिजनक एवं अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया।

महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने गांधी उद्यान कचहरी से कलेक्ट्रेट कार्यालय तक मार्च निकालते हुए सांसद के बयान की कड़ी निंदा की। इस दौरान प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर संबंधित सांसद के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी की और कहा कि देश के प्रधानमंत्री के प्रति इस प्रकार की भाषा किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी देश को विश्व पटल पर नई ऊंचाइयों तक ले जाने का कार्य कर रहे हैं, ऐसे में उनके खिलाफ अभद्र टिप्पणी करना देशवासियों की भावनाओं का अपमान है।इस प्रदर्शन का नेतृत्व भाजपा झांसी महानगर जिला मंत्री मीनू राजावत ने किया। महिला मोर्चा नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में इस प्रकार की बयानबाजी दोबारा होने पर भाजपा कार्यकर्ता और अधिक उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

प्रदर्शन के दौरान ÷प्रधानमंत्री का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान÷, ÷समाजवादी पार्टी होश में आओ÷, ÷सपा सांसद माफी मांगो÷ एवं ÷अखिलेश यादव शर्म करो÷ जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा।

इस अवसर पर चित्रा सिंह,सुमन पुरोहित,सुशीला दुबे, अपर्णा दुबे, प्रियंका साहू,प्रीति माहौर,कुसुम कुशवाहा,ममता साहू, कविता शर्मा, ममता चौरसिया, पार्षद नीता विकास यादव, पार्षद रजनी जैन, गायत्री पुरोहित, पार्वती रायकवार, श्वेता पाराशर, नीलू कौशल, राधा रायकवार, इंदिरा चतुर्वेदी, ज्योति पटेरिया, किरण गौतम, ममता बुंदेला, नैना पाखरे, नीता माहौर, वैष्णवी ठाकुर, श्यामली सिंह, नीतू जाटव, श्रुति जाटव, अभिलाषा शहरा, रागिनी राजपूत, प्रिय राजपूत, पूनम सिंह, पूजा सिंह, नीलम राजपूत, संगीता, उमा, रागिनी, सुषमा, नेहा गौतम, रिया एवं सुरभि सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## एलएलबी षष्टम् सेमेस्टर की प्रायोगिक मौखिकी परीक्षा आज

**समय जगत, झांसी।** बुन्देलखण्ड कॉलेज के प्राचार्य प्रो0 एस0के0 राय ने बताया कि बुन्देलखण्ड कॉलेज में विधि विभाग के एल-एल0बी0 षष्टम् सेमेस्टर के पेपर कोड एल-8849 एवं एल-8850 की प्रायोगिक / मौखिकी परीक्षा16.05.2026 को प्रातः 10 बजे से आयोजित की. जाएगी। अतः उपरोक्त प्रायोगिक / मौखिकी परीक्षा हेतु आप सभी छात्र-छात्राऐं दोनो प्रायोगिक पेपर की फइलें, केस डायरी एवं पूर्ण ड्रेस (यूनीफार्म) में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों।

## गोविन्द मंदिर के महंत का निधन

**समय जगत, गुरसरांय ।** नगर के धर्माचार्य पं भोले पटसारिया एवं भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व नगर अध्यक्ष,सोनू पटसारिया के पिता गोविन्द मंदिर के महंत पं कृपाराम पटसारिया का निधन हो गया है।

उनके निधन पर नगर के लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

# महावीर बाल शिक्षा संस्कार केंद्र के बच्चों का किया सम्मान



**समय जगत,गुरसराय ।** नगर केश्री महावीर बाल शिक्षा संस्कार केंद्र इंटर कॉलेज के प्रतिभावान छात्रों को को पंडित दीनदयाल सभागार में हिंदुस्तान ओलिंपियाड 2025 के सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी गौरांग राठी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति रहे ।कार्यक्रम में विद्यालय की छात्रा निकेता पटेल कक्षा12 को जनपद झांसी में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर तथा यशराज गौतम कक्षा 9 प्रथम स्थान एवं रिया सेन कक्षा 11 जनपद में प्रथम स्थान प्रियांशु सोनी कक्षा 10 जनपद में द्वितीय स्थान सृष्टि नायक कक्षा 12 जनपद में द्वितीय स्थान गौरी पटेल कक्षा 10 जनपद में तृतीय स्थान खुशी पटेल कक्षा 12 जनपद में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रथम स्थान प्राप्त छात्र को?3100 की चेक द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र को ?2100 की चेक तृतीय स्थान प्राप्त छात्र को ?1100 की चेकप्रशस्ति पत्र मेडल पहनाकर सम्मानित किया ।जिलाधिकारी महोदय ने छात्रों से निरंतर मेहनत अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते रहने की सलाह दी ।उन्होंने बच्चों को नैतिक मूल्यों की भी शिक्षा दी ।हिंदुस्तान ओलंपियाड कार्यक्रम में विद्यालय का नाम रोशन करने वाले छात्रों को विद्यालय के अध्यक्ष उत्तम चंद्र जैन, उपाध्यक्ष राजेंद्र जैन नुनार ,प्रकाश चंद्र जैन मंत्री ,राजेंद्र जैन खिरिया, योगेश जैन ,प्रभात जैन, प्रमोद जैन, अमित जैन शोले ,प्रिंस जैन, अतुल जैन, प्रतीक जैन, दीपक जैन, प्रधानाचार्य रामकुमार सिंह परिहार ,प्रदीप श्रोत्रिय,विकांत पटेल प्रधानाध्यापक, आशुतोष शर्मा, रजनी चौहान ,कल्पना पटेरिया, केके पाठक ,शिवम अग्रवाल, कौशल किशोर मिश्रा, आशानंद सोनकिया, राम जी सोनी, निर्मल शर्मा, हेमलता, अशोक अग्रवाल, शिवांश सोनी, सहित स्टाफआदि उपस्थित रहा।

# मानस गोष्ठी में वक्ताओं ने राम चरित मानस के गूढ़ तत्वों की विवेचना की



**समय जगत, गुरसरांय।** श्री राम चरित मानस के गूढ़ तत्वों पर विवेचनात्मक विद्वत गोष्ठी का आयोजन स्थानीय एक बाटिका में संगीतगुरु पं परशुराम पाठक की अध्यक्षता में किया गया,जिसमें मानस वेत्ताओं ने श्री राम चरित मानस में आये गूढ़ प्रसंगों की व्याख्या की।

गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में पधारे रामायणी पं राजेन्द्र पाठक महाराज इटायल ने बाल्मीकि रामायण एवं दोहावली कविता वली के अनेक प्रसंगों का वर्णन किया ।पं परशुराम पाठक ने अयोध्या के मानस वेत्ता श्री सीताराम शरण क़िलाधीश के द्वारा गूढ़ तत्वों की विवेचना की।

इसके अलावा पं कृष्णकुमार तिवारी,पं रामेश्वर प्रसाद पाठक आदि ने भी मानस पर अपने व्याख्यान दिए।

संचालन सितार वादक पं सरजू शरण पाठक ने किया।अंत मे गौ सेवक पं अखिलेश तिवारी सुट्टा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर एम एल सी प्रतिनिधि आर पी निरंजन, पुष्पेंद्र पटेल भड़ोकर ,ओ पी शर्मा,रामबाबू शर्मा,शिवकुमार तिवारी,पं सुरेन्द्र कुमार देवलिया,अवनीश देवलिया,पी एन दुवे,प्रसिद्ध नारायण सिंह यादव,महेंद्र देवलिया,मनीराम कुशवाहा मऊरानीपुर ,राम नारायण पस्तोर, दीपू अस्ता ,आदर्श दीक्षित ,ठाकुरदास तिवारी ,सुनील कुमार व्यास आदि उपस्थित रहे।

## जागरूकता की अनोखी पहल- मणिकर्णिका वूमेंस क्लब ने छात्राओं को वितरित किए सेनेटरी पैड



**समय जगत, झाँसी।** मणिकर्णिका वूमेंस क्लब की ओर से गुरुवार को पंडित कृष्ण चंद्र शर्मा कन्या इंटर कॉलेज में सेनेटरी पैड डिस्ट्रीब्यूशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के प्रति जागरूक करना एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराना रहा।इस दौरान छात्राओं को मासिक धर्म के समय साफ-सफाई बनाए रखने, नियमित रूप से सेनेटरी पैड बदलने तथा उपयोग किए गए सेनेटरी पैड को सही तरीके से डिस्पोज़ करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। क्लब की सदस्यों ने छात्राओं को बताया कि मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखना स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में चार्टर्ड प्रेसिडेंट सपना सरावगी, प्रेसीडेंट ओमनी राय, वाइस प्रेसिडेंट नूपुर अग्रवाल, ट्रेजरर तमन्ना राय, सेक्रेटरी संयुक्ता शर्मा, पास्ट प्रेसिडेंट नेहा तिवारी एवं सीनियर मेंबर मोनिका कोचर उपस्थित रहे।

# माया रूपी आवरण का हरण है चीर हरण लीला: पं.अरविंद शास्त्री



**समय जगत, गुरसरांय।** ग्राम बरौटा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन भगवान कृष्ण की महारास लीला का वर्णन किया गया। भागवत कथा व्यास आचार्य अरविंद शास्त्री परसुवा वालों ने भगवान की दिव्य महारास का वर्णन करते हुए कहा कि जीवात्मा एवं परमात्मा का मिलन महारास लीला है।यह संसार के मिलन की लीला नहीं है।

उन्होंने चीर हरण प्रसंग में कहा कि जीवात्मा एवं परमात्मा के मिलन में माया रूपी आवरण पड़ा रहता है जिससे जीव निकट रहते परमात्मा को नही पहिचान पाता,भगवान ने उसी माया के आवरण को हटाकर अपने व्यापक स्वरूप का ज्ञान गोपियों को कराया।इसके बाद रुक्मिणी विवाह के प्रसंग में उन्होंने भाव विभोर किया।भागवत कथा का मूल पाठ आचार्य राम सेवक शास्त्री ने किया।संगीतमय कथा में ऑर्गन एवं सह गायन पर प्रमोद गोस्वामी एवं बीरेन्द्र सिंह,नाल पर जीतू पैड पर बॉबी ने संगठनकी।भागवत कथा की आरती परीक्षित श्रीमती रामदेवी एवं नरेंद्र पटेल ने की।कथा में मुख्य अतिथि गरौठा विधायक के पुत्र भाजपा नेता राहुल राजपूत ने आरती कीकथा में विजय नन्ना, किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष कमलेश लंबरदार इमलोटा ,कुलदीप पटेल प्रधान सिंगार,पुष्पेंद्र पटेल, विमलेश पटेल ,अवधेश पटेल , रवि पटेल ,रामकिशुन पटेल ,हर प्रसाद ,देवेंद्र पटेल, नयन पटेल, घनेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# 35 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**समय जगत, झांसी।** पंजाब नैशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान हंसारी झाँसी द्वारा आयोजित 35 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ द्य इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मंडल प्रमुख श्री के. एल. बेरवा जी, मैनेजर श्री गौरव पटेल जी एवं आरसेटी झांसी के निदेशक श्री जसप्रीत सिंह जी कार्यक्रम में उपस्थित रहे द्य मुख्य अतिथि महोदय ने कहा कि इस संस्थान का उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओ को प्रशिक्षण द्वारा लाभ पहुचाना है द्य महोदय ने प्रशिक्षणार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि आप ऐसा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है जिससे आप भविष्य में स्वयं का रोजगार कर सकते है एवं बैंक से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना एवं मुद्रा योजना आदि से वित्तीय सहायता भी ले सकते है द्य तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा सभी सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया द्यअंत में पीएनबी आरसेटी झांसी के निदेशक श्री जसप्रीत सिंह द्वारा आए हुए सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया गयाद्य इस दौरान संस्थान में संकाय सदस्य अनुराग दुबे, अभिषेक वर्मा ऑफिस असिस्टेंट अर्पिता उत्पल पराड़कर, सपना मिश्रा एवं प्रदीप कुमार अड़जरिया मौजूद रहे ।

## भू माफियाओं ने प्राचीन नदी को बना डाला नाला, प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस, भू माफियाओं में भगदड़

**समय जगत, झांसी।** उत्तर प्रदेश सरकार माफियाओं के खिलाफ लगातार कार्यवाही कर रही है। सबसे ज्यादा सरकार की रडार पर नदियों, डूब क्षेत्र में अवैध तरीके से प्लाटिंग कर नदी नालों पर अवैध कब्जा करने वाले भू माफिया है। लेकिन निचले स्तर पर जिम्मेदारों की मिली भगत के चलते दबंग भू माफिया खुलेआम नदियों के आकार को छोटा कर अवैध कब्जा करने ओर प्लाटिंग करने लगे हुए है। ऐसा ही एक मामला रक्सा थाना क्षेत्र के हाई टैक सिटी के पास निकली पुलन की प्राचीन नदी का आकार छोटा कर प्लाटिंग कर रहे है। इसकी शिकायत पर ग्राम प्रधान मौके पर पहुंचे ओर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस को देख भू माफिया कब्जा धारी भागते नजर आए।

# व्यक्तित्व निर्माण में सहायक है सैन्य प्रशिक्षण : कर्नल अंशुमान सक्सेना




**समय जगत, झांसी।** एनसीसी का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर सी ए टी सीद्द183 दिनांक 13 मई से 22 मई 2026 तक टैगोर लाइन, लाल कुर्ती, झांसी कैंट में आयोजित किया जा रहा है ! उक्त शिविर में जनपद झांसी एवं ललितपुर के 450 एनसीसी के सीनियर एवं जूनियर डिवीजन/विंग के कैडेट प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं ! शिविर का शुभारंभ डिप्टी कैंप कमांडेंट कर्नल अंशुमान सक्सेना द्वारा किया गया ! इस अवसर पर कैंप के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 10 दिवसीय कैंप में शारीरिक प्रशिक्षण, फौज के बारे में सिखलाई, हथियार से वाकफियत, ड्रोन प्रशिक्षण, फायरिंग और ड्रिल का विशिष्ट प्रशिक्षण दिया जाएगा ! शिविर के दौरान मिलिट्री विषय, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, बडी पेयर के महत्व पर विशेष बल देते हुए सैन्य महत्ता, सामाजिक सेवा एवं स्व जागरूकता विषयों पर अनुभवी सैन्य प्रशिक्षकों एवं एनसीसी अधिकारियों द्वारा व्याख्यान दिया जाएगा ! इसके अतिरिक्त कैडेट्स में प्रतियोगी भावना को विकसित करने के लिए वाली बॉल, खोद्खो, रस्सा कशी, ड्रिल, टेंट पिचिंग, आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी । कैडेट्स के मध्य आपसी साहचर्य एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करने हेतु विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं भी रखी गई हैं। का प्रयत्न किया जाएगा ! डिप्टी कैम्प कमांडेंट द्वारा शिविर में सम्मिलित सभी एनसीसी कैडेट्स को कैंप के दौरान पूर्ण अनुशासन में रहने पर जोर दिया !

उक्त शिविर में 56 उत्तर प्रदेश बटालियन एनसीसी के सूबेदार मेजर ओमवीर कैंप में अनुशासन एवं विभिन्न व्यवस्थाओं एवं प्रशिक्षण पर पैनी नजर रखे हुए हैं ! उक्त के अतिरिक्त मेजर मीनू तोमर, एनसीसी अधिकारी एवं कैम्प एडजुटेंट मेजर ललित सिंह चंदेल, लेफ्टिनेंट विशाल यादव, लेफ्टिनेंट संतोष कुमार गुप्ता, सेकंड अफसर मयूर गर्ग, सुरेश कुमार, सूबेदार विजय पाल सिंह, सूबेदार राज बहादुर गुरुंग, नायब सूबेदार मुमताज़ अहमद, नायब सूबेदार ओम प्रकाश यादव, जी सी आई अंजली रायकवार सहित कार्यालय के प्रधान सहायक राजकुमार अहिरवार, आनंद सिरौठिया, श्री चंद्र एवम् अंजना निगम आदि उपस्थित रहे !

# रेलवे पेन्शनर्स एसोसिएशन की मासिक गोष्ठी संपन्न



**समय जगत,झांसी।** रेलवे पेन्शनर्स एसोसिएशन नगरा शाखा की मासिक गोष्ठी आर्य समाज मंदिर नगरा में राम बाबू त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। गोष्ठी का संचालन सचिव कैलाश नारायण मालवीय ने किया। रेलवे से रिटायर्ड कर्मचारियों की विभिन्न समास्याओं पर विचार विमर्श किया गया रेलवे अस्पताल से मिलने वाली चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सम्बंधित सभी सुविधाओं के बारे में बताया गया। गर्मी के मौसम में सावधानीपूर्वक रहने के सम्बन्ध में कि ज्यादा आवागमन न करें, योग व्यायाम करें, हल्का भोजन करें, हर घंटे प्यास नहीं लगने पर पानी पीना चाहिए,समझाया गया। अंत में कोषाध्यक्ष हरी शंकर शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। निम्न उपस्थित रहे। प्रदीप चन्द्र त्रिपाठी, आई के पान्डे,सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, कामता प्रसाद प्रजापति, खूबी राम प्रजापति,गनेश प्रसाद, एन के निगम, राम बाबू गौड़, सुरेश चन्द्र मिश्रा, दामोदर दास, अशोक कुमार अग्रवाल, महेन्द्र श्रीवास्तव, उदय भान सिंह,बसंती लाल, प्रेम लाल आदि उपस्थित रहे।

# रॉयल सिटी सट्टा मामले में आरोपी को भेजा गया जेल

**समय जगत, झांसी।** ऑन लाइन सट्टा कारोबार में सौ करोड़ के रुपए के ट्रांजेक्शन मामले में जेल गए भाजपा नेता आशीष उपाध्याय को राहत मिलने आसान नहीं लग रहा है। प्रयागराज हाईकोर्ट से राहत मिलते ही बुधवार को जिला कारागार से बाहर निकले आशीष को सीपरी बाजार थाना पुलिस ने रॉयल सिटी सट्टा सिंडिकेट में जेल के मुख्य गेट के बाहर आते ही दबोच लिया था। इधर देर रात प्रेमनगर थाना में दर्ज हुए आशीष उपाध्याय के खिलाफरंगदारी मांगने जान से मारने की धमकी ओर 45 हजार की लूट की घटना का मुकदमा भी दर्ज किया गया। आज सीपरी बाजार ओर प्रेमनगर थाना की पुलिस ने भाजपा नेता आशीष को अपने अपने मुकदमे में न्यायालय में पेश किया। जहां डकैती कोर्ट ने आशीष उपाध्याय को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जिला कारागार भेजने का आदेश दिया। वही सीपरी बाजार थाना पुलिस ने आशीष को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश कर रिमांड मांगी। जिस पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने रिमांड देने से इनकार कर दिया। आशीष को प्रेमनगर के लूट मुकदमे में जेल भेज दिया है। आपको बता दे कि भाजपा नेता आशीष उपाध्याय को दो मई को थाना नवाबाद पुलिस ने ऑन लाइन सट्टा सिंडिकेट में सौ करोड़ के ट्रांजेक्शन में जेल भेजा था। जिस पर 12 मई को आशीष उपाध्याय को प्रयागराज हाईकोर्ट से राहत मिलने पर बुधवार को जेल से रिहा हो गए। इधर सीपरी बाजार पुलिस ने आशीष के जेल में रहते हुए सात मई को रॉयल सिटी कॉलोनी से एक सट्टे का सिंडिकेट पकड़ा था। जिसमें आशीष उपाध्याय का नाम आया था। पुलिस ने आशीष को आरोपी बनाया था। बुधवार को हाईकोर्ट से आशीष जैसे ही रिहा हुए तत्काल सीपरी बाजार पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। वही देर रात प्रेमनगर थाना पुलिस ने आवास विकास कॉलोनी निवासी उद्यम सिंह की तहरीर पर आशीष उपाध्याय, उसके साथी मंगलम दुवे सहित चार अज्ञात के खिलाफजमीन की रजिस्ट्री कराकर चौक देना ओर रुपए हड़प लेने तथा रुपए मांगने पर जान से मारने की धमकी देकर 45 हजार रुपए लूट लेना तथा उसे व परिवार को बंदूक की गोलियों से भून कर हत्या कर देने का मुकदमा दर्ज कर लिया था। आज प्रेमनगर थाना ओर सीपरी बाजार थाना पुलिस ने आशीष उपाध्याय को लेकर न्यायालय में पेश किया गया। सबसे पहले प्रेमनगर थाना पुलिस ने आशीष को अपने मुकदमे में डकैती कोर्ट में पेश किया। जहां से न्यायालय ने उसे 14 दिन की रिमांड पर न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार भेजने का आरोप दिया। इसके बाद सीपरी बाजार पुलिस ने आशीष उपाध्याय को रॉयल सिटी सट्टा सिंडिकेट प्रकरण में मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया। जहां आरोपी आशीष की ओर से अधिवक्ताओं ने पुलिस द्वारा की जा रही रिमांड की मांग को अवैध ठहराते हुए उसका विरोध किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सीपरी बाजार पुलिस की रिमांड याचिका को खारिज कर दिया। इसके बाद पुलिस आशीष उपाध्याय भाजपा नेता को लूट करने के मामले में जेल भेज दिया है।

**खबर मंगलम का नाम आने के बाद समर्थक गायब**

झांसी। भाजपा नेता आशीष उपाध्याय के समर्थक दो मई को जिला कचहरी परिसर में डेरा डाले रहे थे। इसके बाद बुधवार को जिला कारागार से रिहा होने पर भी समर्थक मौजूद थे। लेकिन जैसे ही पुलिस ने जिला कारागार से आशीष को रिहा होने के बाद हिरासत में लिया इसके बाद समर्थक लापता हो गए। वही देर रात प्रेमनगर थाना में आशीष उपाध्याय सहित उसके साथी मंगलम पर दर्ज हुए मुकदमे की खबर के बाद आज जब पुलिस आशीष को न्यायालय में पेश करने आई ओर तीन घंटे की न्यायालय की कार्यवाही के बाद जब जेल ले गई तो आशीष का कोई भी समर्थक तीन घंटे तक उसके इर्दगिर्द नहीं दिखा।

**अब महाकाल पर विश्वास है**

आशीष उपाध्याय को समझ आ गया कि उनकी मुश्किल अब थमने का नाम नहीं ले रही है। दो मई को जेल जाते समय उन्होंने योगी, मोदी जिंदाबाद ओर धर्म की जय होगी, सत्य की जीत होगी के नारे लगाए थे। आज उनकी आवाज भी दबी थी। उन्होंने कचहरी परिसर में आते ओर फिर जेल जाते हुए कहा कि उन्हें प्रशासन पर पूरा भरोसा है, महाकाल की कृपा होगी। सत्य की जीत होगी। योगी, मोदी जिंदाबाद।

## जन्मकल्याणक आ गया देखो- देखो आनन्द छा गया

**समय जगत, झांसी ।** महानगर के मेडिकल कॉलेज गेट नं 3 से आगे स्थित भगवान महावीर महातीर्थ में ष्राजकीय अतिथिष् भारत देश के सर्वमान्य दिगम्बराचार्य, पट्टाचार्य श्री विशुद्धसागरजी महामुनिराज के मंगल सान्निध्य में आयोजित श्रीमज़्जिनेन्द्र जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में तीर्थंकर भगवान का जन्मकल्याणक महोत्सव मनाया गया। प्रातः काल की बेला में तीर्थंकर बालक का जन्म हुआ। तत्पश्चात समस्त इंद्रो ने बधाइयां की। सौधर्म इन्द्र अंजली - डॉ राजीव जैन ने प्रभु को ऐरावत हाथी में विराजमान किया। तत्पश्चात हाथी, घोड़ा बग्घियों में सवार होकर धनपति कुबेर इन्द्र शिल्पी - राजीव जैन वर्धमान, महायज्ञनायक रिद्धि - यश सिंघई, यज्ञनायक शर्मिला - पदमचंद जैन, विधिनायक प्रतिमा पुण्यार्जक इन्द्र मेघा - प्रदीप जैन महरौनी, ईशान इन्द्र निकिता - डॉ संदीप जैन, राजा श्रेयांश जूली - जिनेन्द्र जैन सदर, राजा सोम रुचि - डॉ निर्देश जैन, सानतकुमार इन्द्र आशा - अशोक जैन रतनसेल्स, ब्रह्म इंद्र कमला - विमल कुमार जैन, महामंडलेश्वर रश्मि - गौतम जैन, संध्या - इंजी. अरुण जैन, हेमा - डॉ अमित जैन, रश्मि - अनुराग जैन शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। धर्मसभा को संबोधित करते शताब्दी देशनाकार श्री विशुद्धसागर महाराज ने कहा कि सम्यकदृष्टि जीव सिद्धांत की चट्टान हैं। कितने भी व्यवधान आ जाए लेकिन वह अडिग रहता हैं।

इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ पी.के. जैन, पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के मुख्य मार्गदर्शक अजित कुमार जैन, मुख्य संरक्षक ललित जैन, मुख्य सलाहकार डॉ जिनेन्द्र जैन, संरक्षक राजीव जैन सिर्स, वीरेन्द्र जैन (पूर्व वनाधिकारी), मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सौरभ जैन सर्वज्ञ एवं आभार वरिष्ठ महामंत्री दिनेश जैन डीके ने व्यक्त किया।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह के विशेष प्रयासों का दिखा असर

# निकाय चुनाव में दक्षिण हरियाणा में हुई भाजपा की जीत

**समय जगत, चंडीगढ़।** हरियाणा के विधानसभा चुनाव की तरह निकाय चुनाव में भी दक्षिण हरियाणा के शहरों में भाजपा ने अपने किले को मजबूत बनाए रखा। सोनीपत में राजीव जैन के नेतृत्व में एक बार फिर भाजपा की छोटी सरकार बनेगी। 22 वार्ड वाले निगम में पांच कांग्रेस उम्मीदवार ही जीत सके। हालांकि यहां पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा का प्रभाव माना जाना है। इसके बावजूद अन्य सभी वार्डों में भाजपा ने कब्जा जमा लिया। रेवाड़ी नगर परिषद चुनाव में भाजपा उम्मीदवार विनीता पिप्पल चुनाव तो बंपर मतों से जीत गई, लेकिन सदन में उन्हें बहुमत साबित करने के लिए पांच निर्दलीय पार्षदों का सहारा लेना पड़ेगा। 32 वार्डों वाले सदन के लिए 12 भाजपा उम्मीदवार जीते हैं। कांग्रेस का एक ही उम्मीदवार जीता, जबकि अन्य निर्दलीय जीते अधिकतर पार्षद भाजपा के ही कार्यकर्ता थे, जो टिकट नहीं मिलने पर निर्दलीय मैदान में कूदे थे। धारूहेड़ा नगरपालिका में भी भाजपा को सफलता मिली है। तीनों जगह हुए चुनाव के साथ भाजपा तथा कांग्रेस के दिग्गज नेताओं की साख जुड़ी हुई थी। रेवाड़ी तथा धारूहेड़ा के उम्मीदवारों का चयन भाजपा ने केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के कहने पर ही किया था। उन्होंने करीब 15 दिनों तक अपने पैतृक निवास रामपुरा हाउस में रहकर प्रचार किया और उम्मीदवारों की जीत को अपनी साख का सवाल बना लिया था। चुनावी मंच से उन्होंने कहा भी था कि यह चुनाव उनके लिए साख बन चुका है। हालांकि चुनाव प्रचार में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा उनके कैबिनेट के मंत्री और विधायक भी आए, जिसके चलते भाजपा उम्मीदवार को 14 हजार से अधिक मतों से जीत मिली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह ने अपने पुत्र पूर्व विधायक चिरंजीव राव के साथ दोनों ही जगहों की चुनावी कमान संभाल रखी थी। पार्टी ने रेवाड़ी से निहारिका तथा धारूहेड़ा से कुमारी राज को टिकट भी उनके कहने पर दिए थे। चुनाव प्रचार में सांसद दीपेंद्र हुड्डा सहित कांग्रेस के कई बड़े चेहरे आए, इसके बाद भी दोनों जगहों पर कांग्रेस को पराजय झेलनी पड़ी। कांग्रेस को अपनी हार पर मंथन करना होगा। पहले चुनाव में संगठन नहीं था, अब सभी जिलाध्यक्ष बने एक साल हो चुका है, फिर भी धरातल पर कोई असर नजर नहीं आया है। प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह नारनौल से हैं। वह अपने क्षेत्र में ही पहले चुनाव में संगठन की मजबूती नहीं दिखा सके। जनता के बीच कांग्रेस नेता सही मुद्दा लेकर नहीं जा पाए। स्थानीय मामलों से अधिक राष्ट्रीय मुद्दों पर जोर देना भी उन्हें मंहगा पड़ गया।



# एनडीएमसी में 33 फीसदी कर्मी करेंगे वर्क फॉम होम, व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू



**नई दिल्ली।** दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के 33 फीसदी कर्मचारी अब वर्क फ्रॉम होम करेंगे। परिषद के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने बताया कि यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। उन्होंने कहा क इसका मकसद अनावश्यक आवागमन कम कर ईंधन की बचत सुनिश्चित करना है। नई व्यवस्था के तहत चिन्हित विभागों के समूह बी और समूह सी के अधिकतम 33 प्रतिशत कर्मचारियों को जरूरत के अनुसार घर से काम करने की अनुमति दी जाएगी। विभागाध्यक्ष कर्मचारियों की क्रमवार ड्यूटी सूची तैयार करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि कार्यालयी कामकाज और जनसेवाएं प्रभावित न हों। दूर-दराज इलाकों से निजी वाहनों के जरिए आने वाले कर्मचारियों को प्राथमिकता दिए जाने की बात कही गई है। एनडीएमसी ने स्पष्ट किया कि घर से काम करने वाले कर्मचारियों को आधिकारिक संचार माध्यमों पर उपलब्ध रहना होगा और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल कार्यालय पहुंचना अनिवार्य होगा। वहीं कई जरूरी सेवाओं को इस व्यवस्था से बाहर रखा गया है। इनमें सफाई एवं जनस्वास्थ्य सेवाएं, अस्पताल और आपातकालीन सेवाएं, बिजली और जल आपूर्ति कर्मचारी, उद्यान विभाग, अभियांत्रिकी एवं रखरखाव दल, प्रवर्तन और निरीक्षण टीमें तथा नियंत्रण कक्ष और आपदा प्रतिक्रिया कर्मचारी शामिल हैं। एनडीएमसी ने कर्मचारियों को सार्वजनिक परिवहन, कार पूलिंग, साइकिल और इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग के लिए भी प्रोत्साहित करने का फैसला किया है। वित्त एवं लेखा विभाग को दिल्ली मेट्रो कार्ड के जरिए यात्रा भत्ता उपलब्ध कराने की योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए दिल्ली मेट्रो और डीटीसी अधिकारियों के साथ जल्द बैठक की जाएगी। इसके अलावा एनडीएमसी कॉलोनियों से कर्मचारियों के लिए विशेष बस सेवा शुरू करने की तैयारी भी की जा रही है।

## सार-समाचार

### नाबालिगों को शराब की बिक्री करने पर होगी सख्त कार्रवाई : प्रवीणा

**गुरुग्राम।** मानेसर जोन की पुलिस उपायुक्त प्रबीना ने बुधवार को अपने कार्यालय में शराब कारोबारियों व लाइसेंस धारकों के साथ बैठक की। इसका उद्देश्य मानेसर क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना और युवाओं एवं समाज को नशे के दुष्प्रभावों से सुरक्षित रखना था। वहीं, कारोबारियों को आबकारी नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित सभी शराब विक्रेताओं को पुलिस उपायुक्त ने स्पष्ट व सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी परिस्थिति में नाबालिगों को शराब की बिक्री न की जाए। यदि किसी दुकान या विक्रेता द्वारा नाबालिगों को शराब बेचते हुए पाया गया, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। निर्धारित समय सीमा के भीतर ही शराब की बिक्री सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस व आबकारी विभाग संयुक्त रूप से कार्रवाई करेंगे। उन्होंने सभी कारोबारियों को केवल अधिकृत व हॉलमार्क युक्त शराब बेचने के निर्देश देते हुए अवैध, नकली या बिना अनुमति की शराब ने बेचने के चेताया।

### एनबीए मान्यता प्राप्त करने वाले संस्थानों को मिलेगा 5 लाख का प्रोत्साहन

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रिडिटेशन (एनबीए) के तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें आउटकम बेस्ड एजुकेशन विषय पर चर्चा हुई। हरियाणा तकनीकी शिक्षा के महानिदेशक प्रभजोत सिंह ने बताया कि एक अप्रैल के बाद एनबीए प्रत्यायन प्राप्त करने वाले संस्थानों को 5 लाख की प्रोत्साहन राशि तथा प्रत्यायन शुल्क की प्रतिपूर्ति प्रदान की जाएगी। साथ ही पहले से प्रत्यायित संस्थानों को शुल्क का 50 प्रतिशत वापस किया जाएगा। उन्होंने सरकारी एवं निजी दोनों प्रकार के संस्थानों से गुणवत्ता सुधार और प्रत्यायन के लिए सक्रिय प्रयास करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रो. संजय अग्रवाल व प्रो. आरवी रंगनाथ ने प्रतिभागियों को प्रोग्राम आउटकम्स, मूल्यांकन प्रक्रियाओं तथा सेल्फ असेसमेंट रिपोर्ट (एसएआर) की तैयारी से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यशाला में हरियाणा के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं इंजीनियरिंग महाविद्यालयों से 214 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### मानेसर बस स्टैंड पर फ्लाईओवर निर्माण के कारण ट्रैफिक रूट में हुआ बदलाव

**मानेसर।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा मानेसर बस स्टैंड पर फ्लाईओवर निर्माण का कार्य किया जाएगा। इस काम के दौरान आईएमटी मानेसर और आसपास के क्षेत्रों में यातायात दबाव बढ़ने की संभावना है, खासकर एनएच-48 पर जयपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर। इसी को देखते हुए ट्रैफिक रूट में बदलाव किया गया है ताकि लोगों को परेशानी कम हो सके। आज रात 11 बजे से ट्रैफिक की नई व्यवस्था लागू होगी। नई व्यवस्था के अनुसार, आईएमटी मानेसर क्षेत्र से जयपुर जाने वाले वाहन चालक अब सेक्टर-आठ आईएमटी रोड का इस्तेमाल करेंगे। इसके बाद वे टीसीआई फ्लाईओवर से होते हुए पटौदी रोड पहुंचेंगे और वहां से कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे (केएमपी) फ्लाईओवर के जरिए पटौदी टोल प्लाजा तक जाएंगे। इसके बाद वाहन केएमपी एक्सप्रेसवे से होते हुए पचगांव चौक पर नीचे उतरकर फिर एनएच-48 से जयपुर की ओर जा सकेंगे। वहीं, जयपुर से दिल्ली की ओर आने वाले वाहन चालकों के लिए भी मार्ग बदला गया है। उन्हें मानेसर भीष्म मंदिर के सामने बनी सर्विस रोड का उपयोग करते हुए दिल्ली की तरफ जाना होगा। अधिकारियों का कहना है कि यह बदलाव फ्लाईओवर निर्माण कार्य के दौरान यातायात को सुचारू रखने और जाम की स्थिति से बचने के लिए किया गया है। वाहन चालकों से अपील की गई है कि वे नए रूट का पालन करें और यातायात नियमों का ध्यान रखें।

### कांग्रेस जिला अध्यक्ष (शहरी) ने संगठन मजबूत करने पर दिया जोर

**गुरुग्राम।** कांग्रेस के जिला अध्यक्ष (शहरी) पंकज डावर ने बुधवार को कांग्रेस कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों की मासिक बैठक ली। बैठक में संगठन को मजबूत करने और पार्टी की गतिविधियों को जमीनी स्तर तक बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा हुई। पंकज डावर ने कहा कि कांग्रेस को हर वार्ड और बूथ स्तर तक सक्रिय करना पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती से ही जनता के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जा सकता है। बैठक में संगठन के विस्तार और पुनर्गठन को लेकर अहम चर्चा हुई। डावर ने निर्देश दिए कि वार्ड स्तर पर कमेटियों का गठन जल्द पूरा किया जाए।

# ओडिशा से लाई गई 80 किलो गांजा की खेप बरामद

## पुलिस द्वारा तस्करों को किया गया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह के दो गुर्गों लोकेश भारद्वाज (28) व अख्तर खान (38) को गिरफ्तार किया है। लोकेश हरियाणा के रेवाड़ी और अख्तर खान राजस्थान के भिवाड़ी का रहने वाला है। इनसे 80.670 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल कार भी जब्त कर ली है। अपराध शाखा के डीसीपी पंकज कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि भिवाड़ी से दिल्ली-एनसीआर में गांजे की बड़ी खेप पहुंचाई जानी है। इसके बाद इंस्पेक्टर संजय कौशिक और एसआई नरेंद्र की टीम ने दो मई को आजादपुर सब्जी मंडी की सर्विस लेन के पास जाल बिछाकर संदिग्ध कार को रोका। तलाशी के दौरान कार से 80.670 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि गांजा ओडिशा के सेमिलिगुड़ा से लाया गया था और इसे दिल्ली-एनसीआर में सप्लाई किया जाना था। पुलिस के अनुसार आरोपी अपने एक साथी को यह खेप देने पहुंचे थे। अदालत में पेश करने के बाद दोनों आरोपियों की पुलिस रिमांड ली गई है। उन्होंने बताया कि अख्तर खान भिवाड़ी में जिम चलाता है और ओडिशा व राजस्थान में नशीले पदार्थों की तस्करी के कई मामलों में शामिल रहा है। वह राजस्थान और ओडिशा में कई बार गिरफ्तार किया जा चुका है। अख्तर को मादक पदार्थ मुहैया कराने वाले मुख्तार अहमद को पकड़ने के लिए सेमिलिगुड़ा ले जाया गया लेकिन वह फरार है। आरोपी लोकेश भारद्वाज को पहले भी 2025 में एनडीपीएस कानून के तहत गिरफ्तार किया गया था और वह फरवरी 2026 में ही जमानत पर बाहर आया था। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान करने और वितरण नेटवर्क का पता लगाने के लिए आगे की जांच कर रही है।

## बड़े जाम वाले पॉइंट चिन्हित, 160 से ज्यादा सुधार कार्य हुए शुरू

# दिल्ली को जाम से मिलेगी राहत



**नई दिल्ली।** उप राज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने बुधवार को दिल्ली में ट्रैफिक जाम कम करने के लिए एआई आधारित सिस्टम लागू करने के निर्देश दिए। 62 जाम वाले पॉइंट चिह्नित हैं, नियमों पर सख्ती होगी। दिल्ली में ट्रैफिक जाम और सड़क अव्यवस्था को कम करने के लिए एआई बड़ी भूमिका निभाएगा। दिल्ली में बड़े जाम वाले 62 पॉइंट चिह्नित किए गए हैं। उप राज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने बुधवार को ट्रैफिक पुलिस की योजनाओं की समीक्षा की और एआई आधारित सिस्टम को मजबूती से लागू करने के निर्देश दिए। इस दौरान ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाए जाएंगे। एलजी ने कहा है कि राजधानी की सड़कें सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए ये पहल जरूरी है। उप राज्यपाल ने दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की योजनाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार कार्यों की समीक्षा की। बैठक में राजधानी में ट्रैफिक व्यवस्था को आधुनिक, पारदर्शी और बेहतर बनाने पर चर्चा हुई। इसमें दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के तमाम बड़े अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने एलजी को बताया कि ट्रैफिक पुलिस ने शहर के 62 बड़े जाम वाले स्थानों की पहचान की है, जहां ट्रैफिक दबाव कम करने के लिए 160 से ज्यादा इंफ्रास्ट्रक्चर इंटरवेंशन शुरू किए गए हैं। इनमें सड़क सुधार, ट्रैफिक मैनेजमेंट और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने से जुड़े कई कदम शामिल हैं। बैठक में बताया गया कि इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) के जरिए एआई आधारित तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके माध्यम से ट्रैफिक की निगरानी, सिग्नल कंट्रोल और सड़क सुरक्षा को और बेहतर बनाया जाएगा। इसके अलावा 'प्रोजेक्ट संगम' के जरिए लोगों की शिकायतों और सुझावों को भी ट्रैफिक प्रबंधन से जोड़ा जाएगा, ताकि आम लोगों की समस्याओं का तेजी से समाधान हो सके। उप राज्यपाल ने गलत दिशा में वाहन चलाने, अवैध पार्किंग और भारी वाहनों की गैरकानूनी एंट्री को गंभीर समस्या बताते हुए इनके खिलाफ मिशन मोड में कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए जागरूकता अभियान और सख्त प्रवर्तन दोनों जरूरी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली को सुरक्षित, तेज और भरोसेमंद ट्रांसपोर्ट सिस्टम देने के लिए तकनीक, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल बेहद जरूरी है। सरकार और ट्रैफिक पुलिस का लक्ष्य राजधानी में ऐसा ट्रैफिक सिस्टम तैयार करना है, जिससे जाम कम हो, सड़कें सुरक्षित बनें और लोगों को बेहतर सफर का अनुभव मिले।

# नीट पेपर लीक केस में फर्रुखनगर के युवक को राजस्थान एसओजी द्वारा किया गया गिरफ्तार

## सड़क मार्ग से पहुंचाया गया जयपुर

**गुरुग्राम।** नीट-यूजी 2026 प्रश्नपत्र लीक मामले का गुरुग्राम कनेक्शन सामने आया है। फर्रुखनगर के खुरमपुर गांव में राजस्थान एसओजी की टीम ने छाप मारकर यहां रहने वाले यश यादव को काबू किया है। युवक उत्तराखंड के एक आयुर्वेदिक कॉलेज में बीएएमएस प्रथम वर्ष का छात्र है। गुरुग्राम पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने पुष्टि करते हुए बताया कि राजस्थान पुलिस की टीम युवक को पकड़कर ले गई है। उसे आगे सीबीआई के हवाले किया गया है। गुरुग्राम में पेपर लीक नहीं हुआ। सीबीआई यदि सहयोग मांगेगी तो गुरुग्राम पुलिस की ओर से जांच में पूरा सहयोग किया जाएगा। पुलिस के अनुसार, यह छात्र प्रश्नपत्र लीक नेटवर्क की एक अहम कड़ी हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक, आरोपी छात्र ने यह प्रश्नपत्र महाराष्ट्र के नासिक निवासी एक अन्य बीएएमएस छात्र से 15 लाख रुपये में खरीदा था। नासिक का यह संदिग्ध तीसरे वर्ष का छात्र है, जो भोपाल के एक कॉलेज में पढ़ाई कर रहा है। बताया जा रहा है कि प्रिंटिंग प्रेस में हुई गड़बड़ी के जरिए उसने 10 लाख रुपये में प्रश्नपत्र लीक करवाया था। जांच में यह भी सामने आया है कि फर्रुखनगर के छात्र के माध्यम से ही लीक हुआ प्रश्नपत्र और उसके हल राजस्थान के सीकर तक पहुंचे। पुलिस का कहना है कि आरोपी छात्र पहले सीकर में रह चुका है। वहीं एक कोचिंग संस्थान में मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी करता था।गुरुग्राम पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि छात्र का सीकर के कई छात्रों और कोचिंग संस्थानों से संपर्क बना हुआ था, जिसके चलते उसने लीक प्रश्नपत्र वहां तक पहुंचाया हो सकता है। गुरुग्राम पुलिस के अधिकारियों के अनुसार, राजस्थान पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की टीम सोमवार रात खुर्रमपुर पहुंची और संदिग्ध छात्र को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई। गुरुग्राम पुलिस के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि छात्र की गतिविधियों को लेकर आंतरिक जांच शुरू कर दी गई है। हम यह पता लगा रहे हैं कि परीक्षा से पहले और परीक्षा के दिन वह गुरुग्राम में था या कहीं और था। अधिकारियों के अनुसार, राजस्थान पुलिस की टीम ने छात्र के घर पर उसके परिवार के सामने उससे उसके संपर्कों और वित्तीय लेन-देन के बारे में गहन पूछताछ की। इसके बाद उसे तुरंत सड़क मार्ग से जयपुर ले जाया गया।

# हरियाणा निकाय चुनाव में भाजपा की जीत पर सीएम सैनी को दी बधाई



प्रदेशाध्यक्ष ने की मुलाकात

**पंचकूला।** गत रात चंडीगढ़ स्थित संत कबीर कुटीर (मुख्यमंत्री का सरकारी आवास) में, हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली और प्रदेश महामंत्री (संगठन) फणींद्र नाथ शर्मा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से सौहार्दपूर्ण भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने हरियाणा के स्थानीय निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर मुख्यमंत्री को अपनी शुभकामनाएं और बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, भाजपा की जन-कल्याणकारी नीतियों और प्रदेश की सम्मानित जनता द्वारा पार्टी पर जताए गए विश्वास की विजय है। हम प्रदेश के हर परिवार के सदस्य के कल्याण के लिए और हरियाणा के विकास को नई गति देने के लिए निरंतर और अथक परिश्रम करते रहेंगे।

# हरियाणा में निजी प्रोजेक्ट्स की राह हुई आसान

## शामलात जमीन से मिल सकेगा रास्ता, ग्राम सभा की मंजूरी होगी जरूरी



**समय जगत, चंडीगढ़।** हरियाणा में अब निजी परियोजनाओं को शामलात देह जमीन से रास्ता मिल सकेगा। हालांकि इस रास्ते पर पंचायत का अधिकार रहेगा और इसका उपयोग आमजन भी कर सकेंगे। ग्राम पंचायत के 75 प्रतिशत सदस्यों और ग्राम सभा के 66 प्रतिशत सदस्यों की सहमति होने पर ही यह रास्ता दिया जाएगा। इतना ही नहीं, बदले में निवेशकों को परियोजना स्थल के पांच प्रतिशत हिस्से या रास्ते की चार गुणा भूमि का स्वामित्व अधिकार (जो भी अधिक हो) भी सरकार को देना होगा। विकास और पंचायत विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विजयेन्द्र कुमार ने हरियाणा ग्राम साझा भूमि (विनियमन) संशोधन नियम अधिसूचित कर दिया है। नए नियमों के अनुसार यदि किसी निजी परियोजना को स्थापित करने के लिए आवश्यक भूमि उपयोग परिवर्तन (सीएलयू) या लाइसेंस प्राप्त होने के बाद वहां तक पहुंचने के लिए रास्ता नहीं है तो सरकार गांव की साझा जमीन से मार्ग उपलब्ध करवा सकेगी। राज्य में बुनियादी ढांचा, आवास, औद्योगिक और वाणिज्यिक परियोजनाओं के लिए विभिन्न विभागों से अनुमति लेने के साथ ही तय मानकों के अनुसार सड़क की उपलब्धता भी जरूरी होती है। पहले शामलात देह की जमीन को न तो बेचा जा सकता था और न ही लंबे समय के लिए पट्टे पर दिया जा सकता था। इससे परियोजनाओं को रास्ता देने में दिक्कत आती थी। नए फैसले से इन बाधाओं के दूर होने और विकास परियोजनाओं को गति देने में मदद मिलने की उम्मीद है। निवेशक द्वारा रास्ते के बदले में सरकार को हस्तांतरित की गई भूमि परियोजना के लिए स्वीकृत कुल क्षेत्र का हिस्सा मानी जाएगी। यह भूमि पूरी तरह से विकसित रूप में और परियोजना के शेष क्षेत्र में उपयोग की जा रही अन्य सभी उपयोगिता सेवाओं (जैसे बिजली, पानी आदि) तक पहुंच के साथ उपलब्ध कराई जाएगी।

## संपादकीय

# प्रधानमंत्री की अपील का देश में दिख रहा है असर

प्रधानमंत्री ने पिछले दिनों देशवासियों से विशेष अपील की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से पेट्रोल-डीजल की बचत करने, अनावश्यक विदेश यात्राओं से बचने, वर्क फ्रॉम होम( जैसा कि हमने कोविड काल के दौरान इसे अमल में लाया था ) जैसे उपाय अपनाने तथा एक वर्ष तक गैर-जरूरी सोना नहीं खरीदने की अपील की है। वास्तव में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह अपील पश्चिम एशिया संकट, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और भारत के विदेशी मुद्रा भंडार पर बढ़ते दबाव के संदर्भ में की गई है। पिछले कुछ समय से हमारे देश के साथ ही साथ पूरे विश्व ने पश्चिम एशिया संकट का सामना किया। मसलन, युद्ध के कारण पूरे विश्व में खाद्य पदार्थों में जहां एक ओर महंगाई का सामना करना पड़ा, वहीं दूसरी ओर तेल-गैस संकट के बादल भी मंडराए। गैस के लिए लंबी-लंबी कतारें हमें हर कहीं पर देखने को मिलीं,कई स्थानों पर तो तेल के लिए भी कमोबेश यही स्थिति देखने को मिली।

इस क्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपनी जरूरत का अधिकांश कच्चा तेल और बड़ी मात्रा में सोना आयात करता है। ऐसे में पेट्रोल-डीजल और सोने पर अधिक खर्च से विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ता है तथा व्यापार घाटा भी बढ़ सकता है। इसलिए हमें यह चाहिए कि हम हर क्षेत्र में बचत को महत्व दें। वास्तव में मनुष्य के जीवन में बचत का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। बचत केवल हमारे अर्थ( धन ) को ही सुरक्षित रखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह हमारे भविष्य की सुरक्षा, हमारी आत्मनिर्भरता और संतुलित जीवन का आधार भी बनता है। हमें यह याद रखना चाहिए कि मनुष्य के जीवन में कभी भी अचानक बीमारी, आर्थिक संकट, बेरोजगारी या अन्य कठिन परिस्थितियाँ आ सकती हैं। ऐसे समय में बचत ही मनुष्य का सबसे बड़ा सहारा बनती है। यही कारण है कि कहा जाता है- बूंद-बूंद से घड़ा भरता है। छोटी-छोटी बचतें भविष्य में बड़ी शक्ति बन जाती हैं।हमारी सनातन भारतीय संस्कृति में बचत की परंपरा प्राचीन काल से रही है। कहना ग़लत नहीं होगा कि हमारे यहां तो लोग सदैव सादा जीवन, उच्च विचार और विवेकपूर्ण खर्च को महत्व देते आए हैं। भारतीय परिवारों में बच्चों को भी छोटी उम्र से ही गुल्लक में पैसे जमा करने की आदत डाली जाती रही है। यह केवल आर्थिक शिक्षा नहीं, बल्कि संयम और दूरदर्शिता का संस्कार भी है। प्रधानमंत्री की अपील का देश में खासा असर देखा जा रहा है। कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने अपने काफिले में वाहनों की संख्या कम कर दी है। साथ ही अन्य कवायदें भी की जा रही हैं।

# सैन्य सेवा का अलहदा ढांचा और प्रतिज्ञा की पूर्णता

**एसएस मेहता**

सैन्य और सिविल सेवाओं के ढांचे मौलिक तौर पर अलग-अलग हैं। सैन्य पद वेतन से नहीं, बल्कि कमान और परिणामों के जिम्मे से मापे जाते हैं। ऐसे में यहां मामला वेतन समानता का नहीं, बल्कि रूपरेखा का है। दरअसल, गैर-कार्यात्मक अपग्रेडेशन से विसंगति बढ़ी है। जब राष्ट्र सैनिक का ध्यान रखता है, तो आत्मविश्वास से उसकी क्षमता बढ़ती है। सिविल कर्मचारी और सैनिक, गणतंत्र को स्थिरता देने में जुड़वां स्तंभ हैं। एक निरंतरता एवं प्रशासनिक दृढ़ता के माध्यम से काम करता है; तो दूसरा तीव्रता और अस्तित्वगत जोखिम के जरिए। दोनों ही अपरिहार्य हैं। दोनों ऐसे ढांचे के हकदार हैं जो परिलक्षित करता हो कि उन्हें वास्तव में क्या करने की आवश्यकता है। इनके बीच अंतर का जवाब पदानुक्रम में नहीं है। मसला गढ़ी गई एक रूपरेखा है। सेना के लिए कोई भी ढांचा एक मूलभूत वास्तविकता से शुरू होना चाहिए ¬ सशस्त्र बलों के पद, नागरिक प्रणालियों के ओहदों से मूलत¬ भिन्न होते हैं। नागरिक जीवन में, पदानक्रम काफी हद तक वरिष्ठता और प्रशासनिक तरक्की पाने का पैमाना होता है। जबकि सैन्य जगत में, यह जीवन एवं परिणाम पर परिचालन प्राधिकरण द्वारा तय होता है। एक प्रशासनिक त्रुटि से पैसे का नुकसान या देरी हो सकती है; लेकिन कमान में हुई त्रुटि से जानें और इलाका गंवाना पड़ सकता है। सक्रिय अभियानों में सैनिकों की कमान संभालने वाले एक ब्रिगेडियर के पास, एक कर्नल की तुलना में केवल अधिक वरिष्ठता ही नहीं होती बल्कि उसको परिणामों का एक बिल्कुल अलग और कहीं अधिक भारी बोझ भी उठाना पड़ सकता है। यह अंतर इसलिए मायने रखता है क्योंकि सैन्य पदानुक्रम संरचना को समझ-बूझकर पिरामिड की तरह शीर्ष पर संकरा होता बनाया गया है। युद्ध के मैदान में सबसे आगे रहने वालों के लिए युवावस्था की आवश्यकता होती है। इसलिए, संरचनात्मक रूप से फौज युवा बनी रहनी चाहिए, यह सुनिश्चित करते हुए कि बहुत कम संख्या में अफसर उच्चतर पदों तक पहुंच पाएं। यह कोई विफलता न होकर कमान संरचना का गणित है। लेकिन इस गणित के परिणाम बहुत गहरे होते हैं। अधिकांश अधिकारी, चाहे वे कितने भी सक्षम क्यों न हों, कुछ निश्चित ओहदों से ऊपर कभी नहीं जा पाते। इसलिए, यह संस्था केवल उन लोगों द्वारा ही नहीं चलती जो शीर्ष तक पहुंचते हैं, बल्कि उन लोगों द्वारा भी परिचालित होती है, जो उस जगह बने रहते हैं जहां पर प्रणाली को उनकी सबसे अधिक आवश्यकता होती है-मेजर और लेफ्टिनेंट कर्नल, कंपनी कमांडर और बटालियन के उप-कमान अधिकारी- वे अफसर हैं जो सेना का परिचालन भार ठीक उसी स्तर पर उठाते हैं जहां वे कमानगत पद परिणाम देने में सबसे मुफीद होते हैं। लेकिन जब इस समूह में आते अधिकारी अपने पद के भीतर कोई अर्थपूर्ण प्रगति होते नहीं देखते, रुतबे की एकमात्र दिखाई देने वाली पहचान (उच्चतर पद) पिरामिड की संरचना के मुताबिक जब उनमें से अधिकांश को नहीं मिल पाती, तब धीरे-धीरे कुछ कमजोर पड़ने लगता है। उनकी सक्षमता नहीं, न ही साहस। परंतु निश्चित तौर पर संस्था उन्हें अभी भी पहले जैसा ही देखती है। और फिर कई लोग सेना छोड़ देते हैं। विरोध में नहीं। बल्कि इसलिए, क्योंकि नागरिक जगत ने यह पहचानना सीख लिया है कि सैन्य सेवा ने उन लोगों के भीतर किन गुणों को पैदा किया है। दबाव वाली परिस्थिति में भी शांतचित्त रहना, निर्णय क्षमता व अनिश्चितता के बावजूद नेतृत्व का गुण होना और नागरिक जगत उन्हें एक ऐसा ढांचा मुहैया करता है जहां इन गुणों का यथोचित मोल पड़ता है। उस क्षण, राष्ट्र अपना सबसे कमजोर उत्पाद नहीं खोता, बल्कि बेहतरीन ढले (प्रशिक्षित) अपने लोगों में से कुछ को।

यही कारण है कि पद श्रेणी के भीतर तरक्की का मामला महज दिखावटी मुद्दा नहीं। यह विसंगति की जड़ संस्थागत रूपरेखा में है। ज़िम्मेदारी, पेशेवर विशिष्टता, नियुक्ति पात्रता और पद-श्रेणी के भीतर दिखाई देने वाला रुतबा तब भी बना रहना चाहिए, जब तरक्की संभव न हो। वरना, व्यवस्था से अनजाने में यह संकेत मिलता है कि नौकरी का महत्व तभी है, जब कोई लगातार ऊपरी पदों पर चढ़ता रहे। लेकिन सेना सिर्फ़ एक सीढ़ी की तरह काम नहीं कर सकती। जिस किसी के पास जो पद है, वह अपने आप में उसके वहां पहुंचने को मान्यता है,न कि अगले पद के लिए महज एक इंतज़ारगाह। इसलिए, संरचना को बचाकर रखना ज़रूरी है, पिरामिड की चोटी को चपटा करके नहीं, बल्कि यकीनी बनाना कि जब तक देश को इसकी ज़रूरत हो, अफसर अपने पद पर रहते हुए अपना सर्वोत्तम दे। वास्तव में यह हकीकत को मान्यता देना है। संस्था द्वारा चाही जाने वाली सबसे मुश्किल व ज़रूरी चीज़ों में से एक। यहीं गैर-कार्यात्मक उन्नयन उपाय परिदृश्य में दाखिल हुआ। जहां पर तरक्की के अवसर समान नहीं थे, गैर-कार्यात्मक उन्नयन का उपाय सिविल सेवाओं में पदोन्नति जड़ता तोड़ने के लिए बनाया गया। इसके पीछे का सिद्धांत समझ में आता है; प्रशासनिक व्यवस्था को सेवा काल में विसंगति-नीत असमानताओं को कम करने के लिए एक उपाय की ज़रूरत थी। मुद्दा यह नहीं कि क्या इससे दूसरी सेवाओं को राहत मिली।

# ईरान समुद्र में बहा रहा है रोजाना 2800 करोड़ का तेल

## नजरिया

**ईरान के पास 3500 ऐसे तेल के कुएं हैं, जिनसे निरंतर तेल का उत्पादन जरूरी है। यदि तेल निकालना बंद कर दिया गया तो इन कुओं से तेल का उत्पादन हमेशा के लिए बंद हो जाएगा। ऐसा इसलिए हो जाता है, क्योंकि ड्रिलिंग बंद कर देने से कुएं के भीतर डाली गई पाइपलानों में पानी-गैस भर जाती है। इन्हीं पाइपों से कच्चा तेल रिस-रिसकर आता है। तेल की चट्टानों के छेदों में वैक्स की परत जम जाने से तेल रिसना बंद हो जाता है। यह मोम जैसा प्राकृतिक या रासायनिक ठोस पदार्थ होता है। ईरान कच्चे तेल का 90 प्रतिषत निर्यात खार्ग द्वीप से करता है। यहीं ईरान के तेलों के भंडार ग्रह हैं। तेल की यह बर्बादी पष्चिम एषिया के देषों के लिए ऊर्जा का संकट तो बन ही रही है, समुद्री पर्यावरण भी तेजी से बिगड़ रहा है। इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देष की जनता से अपील करनी पड़ी है कि इस संकट के दौरान पेट्रोल, डीजल, गैस और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों का उपयोग कम से कम करें।**

**प्रमोद भार्गव**

अमेरिका-ईरान के बीच जंग के मैदान बने समुद्र में तेल खेल का औजार बन गया है। अमेरिकी नाकाबंदी के चलते एक महीने के भीतर ईरान के 58 तेल टैंकर होर्मुज जलडमरूमध्य पार नहीं कर पाए। इस कारण प्रतिदिन 30 लाख बैरल से ज्यादा कच्चा तेल समुद्र में बहा रहा है। हर दिन नष्ट किए जा रहे इस तेल की कीमत 2800 करोड़ रुपए है। ईरान को ऐसा इसलिए करना पड़ रहा है, क्योंकि उसकी तीन करोड़ बैरल तेल भंडारण की क्षमता पूरी हो चुकी है। ईरान के पास 3500 ऐसे तेल के कुएं हैं, जिनसे निरंतर तेल का उत्पादन जरूरी है। यदि तेल निकालना बंद कर दिया गया तो इन कुओं से तेल का उत्पादन हमेशा के लिए बंद हो जाएगा। ऐसा इसलिए हो जाता है, क्योंकि ड्रिलिंग बंद कर देने से कुएं के भीतर डाली गई पाइपलानों में पानी-गैस भर जाती है। इन्हीं पाइपों से कच्चा तेल रिस-रिसकर आता है। तेल की चट्टानों के छेदों में वैक्स की परत जम जाने से तेल रिसना बंद हो जाता है। यह मोम जैसा प्राकृतिक या रासायनिक ठोस पदार्थ होता है। ईरान कच्चे तेल का 90 प्रतिषत निर्यात खार्ग द्वीप से करता है। यहीं ईरान के तेलों के भंडार ग्रह हैं। तेल की यह बर्बादी पष्चिम एषिया के देषों के लिए ऊर्जा का संकट तो बन ही रही है, समुद्री पर्यावरण भी तेजी से बिगड़ रहा है। इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश की जनता से अपील करनी पड़ी है कि इस संकट के दौरान पेट्रोल, डीजल, गैस और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों का उपयोग कम से कम करें।

यूरोपियन स्पेस एजेंसी के सेंटीनल सैटेलाइट डेटा और अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार खरास की खाड़ी एवं होर्मुज स्ट्रेट के आसपास समुद्री पानी के सतह पर तेल की परतें देखी गई हैं। ये परतें कुवैत के लावन द्वीप, केषम द्वीप और खार्ग द्वीप के समुद्र में बड़े-बड़े धब्बों के आकार में देखी गई है। इनमें से एक धब्बा करीब 120 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला हुआ है। विशेषज्ञों ने रडार डेटा की मदद से इसका विश्लेषण करते हुए कहा है कि सतह पर तैरता तेल लहरों को शांत कर देता है, जिससे रडार से ली गई तस्वीरों में काले और चिकने धब्बे दिखाई देते हैं। इस कारण यह आशंका बनी है कि ईरान समुद्र में तेल बर्बाद कर रहा है। यदि यह तेल लगातार छोड़ा जाता रहा तो इससे समुद्री जीवन और पर्यावरण को भारी नुकसान हो सकता है। फारस की खाड़ी के समुद्री क्षेत्रों में बड़ी संख्या में मछुआरे, कोरल रीफ और



अन्य समुद्री जीव रहते हैं, जिन पर लाखों लोगों की आजीविका निर्भर है। यह तेल मछलियों के लिए जहर का काम कर सकता है। समुद्री पक्षियों को नुकसान पहुंचाता है और संवेदनशील समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को तबाह कर देता है। ऐसे में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है और अनेक समुद्री जीव बेमौत मर जाते हैं। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच छिड़ी जंग समुद्री पर्यावरण के लिए भारी संकट के रूप में पेश आ रहा है। यह संकट धरती से लेकर आसमान तक कहर ढहा रहा है। होर्मुज के संकरे मार्ग पर तेल की इस बर्बादी से पहले पेट्रोलियम पदार्थों से भरे करीब 20 जहाज नष्ट कर दिए गए गए थे। एक अनुमान के अनुसार इन टैंकरों में तीन लाख मीट्रिक टन तरल एलपीजी भरी हुई थी। एक बड़े गैस टेंकर में लगभग 45 हजार मीट्रिक टन एलपीजी होती है और एक बड़े गैस टैंकर से करीब 31 से 32 लाख घरेलू गैस सिलेंडर भरे जा सकते हैं। पेट्रोलियम पदार्थ एक साथ मिट्टी, पानी और हवा को दूषित करते हुए मानव जीवन के लिए वरदान की बजाय अभिशाप साबित होने लग जाते हैं। वैसे भी दुनिया के समुद्री तटों पर पेट्रोलियम पदार्थों और औद्योगिक कचरे से भयावह पर्यावरणीय संकट पैदा हो रहे हैं। तेल के रिसाव, तेल टैंकों के टूटने व धोने से भी समुद्र का पर्यावरणीय पारिस्थितिकी-तंत्र (इकोसिस्टम) प्रभावित हो रहा है। यदि एक जहाज से भी तेल का रिसाव होता है तो पर्यावरण को बड़ी क्षति पहुंचती है। कुछ साल पहले जापान के टोकियों के तट पर 317 किमी की पट्टी पर तेल के फैलाव से जापान के तटवर्ती शहरों में हाहाकार मच गया था। रूस में बेलाय नदी के किनारे बिछी तेल पाइप लाइन से 150 मीट्रिक टन के रिसाव ने यूराल पर्वत पर्वत पर बसे ग्रामवासियों को पेय जल का संकट खड़ा कर दिया था।

सैनजुआन जहाज के कोरल चट्टानों से टकरा जाने के कारण अटलांटिक तट पर करीब तीस लाख लीटर तेल का रिसाव होने से समुद्री जीव प्रभावित हुए थे। मुंबई हाई से लगभग 1600 मीट्रिक टन तेल का रिसाव हुआ। इसी तरह बंगाल की खाड़ी में क्षतिग्रस्त तेल से फैले टैंकर ने निकोबार द्वीप समूह में तबाही मचा दी थी। जिससे यहां रहने वाली जनजातियों और समुद्री जीवों को भारी हानि हुई थी। लाइबेरिया के एक टैंकर से 85000 मीट्रिक टन रिसे तेल ने स्कॉटलैण्ड में पक्षी-समूहों को बड़ी तादात में हानि पहुंचाई दी थी। सबसे भयंकर तेल का फैलाव यूएसए के अलास्का में हुआ था। यह रिसाव प्रिंस विलियम साउण्ड टैंकर से हुआ था। इस तेल के फैलाव का असर छह माह तक रहा। इस अवधि के दौरान इस क्षेत्र में 35000 पक्षी, 10000 ओस्टर शेलफिस और 15 व्हेल मछली मर गई थीं। बाबजूद इस घटना का असर इराक युद्ध में सद्दाम हुसैन द्वारा समुद्र में छोड़े तेल से कम था। यह तेल इसलिए छोड़ा गया था कि कहीं यह अमेरिका के हाथ न लग जाए। अमेरिका द्वारा इराक के तेल टेंकरों पर की गई बमबारी से भी लाखों टन तेल समुद्री सतह पर फैला था। एक अनुमान के मुताबिक इस कच्चे तेल की मात्रा 110 लाख बैरल थी। इस तेल के बहाव ने फारस की खाड़ी में घुसकर जीव जगत के लिए भारी हानि पहुंचाई थी। इस प्रदूषण का असर मिट्टी, पानी और हवा तीनों पर पड़ा था। जानकारों का मानना है कि इराक युद्ध का पर्यावरण पर पड़ा दुष्प्रभाव हिरोशिमा-नागाशाकी पर हुए परमाणु हमले, भोपाल गैस त्रासदी और चेरनोबिल दुर्घटना से भी ज्यादा था। इस कारण इराक का एक क्षेत्र जहरीले रेगिस्तान में तब्दील हो गया और वहां महामारी का प्रकोप भी अर्से तक रहा। समुद्री सतह पर ये तरल द्रव्य बड़ी मात्रा में फैलते हैं तो इससे जल की सतह पर एक मोटी परत बन जाती है,सूर्य की रौशनी और ऑक्सीजन को नीचे जाने में बाधा बन जाती है। इससे जल के भीतर स्वाभाविक रूप में जीवन व्यतीत कर रहे जीव दम घुटने से मर जाते हैं। जो जीव किसी कारण से बचे भी रहते हैं,उनकी प्रजनन क्षमता बुरी तरह प्रभावित हो जाती है। क्योंकि इन द्रव्यों का प्रभाव जहरीला होता है। पक्षियों के पंखों और स्तनधारियों के फर पर तेल जमने से उनकी ऊष्मारोधी क्षमता कम हो जाती है। अतएव ये जीव शरीर का तापमान बहुत कम हो जाने से मर जाते हैं। तेल के कुओं और भंडार गृहों में आग लगने से तीव्र एवं जहरीली रोशनी निकलती है। यह रोशनी मधुमक्खियों जैसे परा-गणकों को प्रभावित कर उनके जीवन चक्र को बाधित कर देती है। समुद्र में जल रहा तेल पृथ्वी का ऊर्जा संतुलन तेजी से बिगाड़ने का काम कर रहा है। इससे भविष्य में वैश्विक जलवायु आपातकाल की स्थिति निर्मित हो रही है। ऊर्जा असंतुलन बढ़ता रहा तो वायुमंडल का तापमान गरम होगा,जो एक साथ पृथ्वी,वायु और पानी की नमी को सोखने का काम करेगा। यह हिमनदों के बड़ी मात्रा में पिघलने का कारण बनने के साथ भारी बारिश का सबब बनेगा। जंगलों में आग लगने की घटनाएं बड़ी संख्या में देखने में आएंगी। मध्य एशिया में जल रहा यह तेल हिंद महासागर के तापमान को अप्रत्याशित रूप में बढ़ाएगा। इसका सीधा प्रभाव मौसम चक्र पर पड़ेगा।

# योगी सरकार का कैबिनेट विस्तार, विधानसभा चुनावों में भाजपा की नैय्या पार?

**दीपक कुमार त्यागी**

मेरठ दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधायक डॉक्टर सोमेंद्र तोमर गूर्जर समाज से आते हैं, डॉक्टर तोमर सरल स्वभाव के शानदार राजनेता हैं, फिलहाल वह योगी सरकार में राज्य मंत्री ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत का कार्यभार देख रहे हैं, कैबिनेट विस्तार में उन्हें राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार के रूप में शपथ दिलाई गई है। राजनीतिक गुणा-भाग व विधानसभा चुनावों के चलते उत्तर प्रदेश की राजनीति में लंबे समय से लंबित चले आ रहे यूपी कैबिनेट के विस्तार पर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की आखिरकार मौहर लग ही गई?। जिसके बाद से उत्तर प्रदेश में राजनीतिक सरगर्मी बहुत तेज़ हो गयी थी। शनिवार शाम 9 मई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात के बाद से ही कैबिनेट विस्तार में शामिल होने वाले चहरों के वारे में राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह के कयास लगाये जा रहे थे। वहीं लखनऊ स्थित जन भवन में होने वाले इस शपथ ग्रहण समारोह के लिए भी शासन-प्रशासन के द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार 10 मई 2026 की दोपहर 3.30 बजे अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए 6 नये चहरों भूपेंद्र चौधरी व मनोज पांडेय को कैबिनेट मंत्री, कृष्णा पासवान, कैलाश राजपूत, सुरेन्द्र दिलेर व हंसराज विश्वकर्मा को राज्य मंत्री बनाया, वहीं अजीत पाल और सोमेंद्र तोमर का कद बढ़ाते हुए उन्हें राज्य मंत्री की जगह राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार बनाया गया। हालांकि यूपी कैबिनेट विस्तार में कई पुराने चेहरों को हटाकर के कुछ नये चहरों को शामिल करने की देश व प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में जबरदस्त चर्चा चल रही थी, राजनेताओं व राजनीतिक विश्लेषकों की यूपी कैबिनेट विस्तार कि लिस्ट पर निगाहें टिकी हुई थी, लेकिन जब लिस्ट सामने आई तो किसी भी पुराने चेहरों को मंत्रीमंडल से हटाएं बिना ही 6 नये चहरों को मंत्रीमंडल में शामिल किया गया और दो राज्य मंत्रियों का प्रमोशन करते हुए उन्हें राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार बना दिया गया। हालांकि सूत्रों के अनुसार इस यूपी कैबिनेट विस्तार में कुछ चर्चित चेहरों के नाम अंतिम समय में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के राजनीतिक गुणा-भाग की कसौटी पर खरा उतरने में विफल रहे, जिसके चलते अंतिम समय में उनके नाम कैबिनेट विस्तार की राज्यपाल के पास जाने वाली लिस्ट में बाहर हो गये। इस कैबिनेट विस्तार में शामिल राजनेताओं के प्रोफाइल पर संक्षिप्त नज़र डालें तो कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र चौधरी वर्ष 2017-2022 वाली योगी सरकार में भी पंचायती राज मंत्री



रह चुके हैं और वह भाजपा के निवर्तमान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। वह राजनीति के एक मंझे हुए खिलाड़ी और बड़े जाट नेता के रूप में स्थापित माने जाते हैं। वहीं तेजतर्रार, व्यवहार कुशल, दबंग विधायक मनोज पांडेय ब्राह्मण समाज से आते हैं, वह रायबरेली के ऊंचाहार से विधायक हैं, वह सपा की अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। उन्होंने राज्यसभा के चुनावों में खुलकर के भाजपा प्रत्याशी का साथ दिया था, जिसके बाद उन्हें सपा से निष्कासित कर दिया गया था, जिसके बाद उन्हें योगी आदित्यनाथ सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाकर के ईनाम दिया गया है। उनकी ताजपोशी से भाजपा के नेतृत्व स्पष्ट संदेश दे दिया है कि भाजपा सहयोग करने वालों का हमेशा ध्यान रखती है।

मेरठ दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधायक डॉक्टर सोमेंद्र तोमर गूर्जर समाज से आते हैं, डॉक्टर तोमर सरल स्वभाव के शानदार राजनेता हैं, फिलहाल वह योगी सरकार में राज्य मंत्री ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत का कार्यभार देख रहे हैं, कैबिनेट विस्तार में उन्हें राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार के रूप में शपथ दिलाई गई है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव निरंतर गूर्जर वोटरों को अपने पक्ष में करने के लिए प्रयास कर रहे हैं, डॉक्टर तोमर के प्रमोशन को गूर्जर वोटरों को साधने की भाजपा नेतृत्व की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। वहीं कानपुर देहात के सिकंदरा से भाजपा के विधायक अजीत पाल फिलहाल योगी सरकार में राज्य मंत्री विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग का कार्य देख रहे हैं। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने उनका प्रमोशन करते हुए उन्हें राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार के पद की शपथ दिलाई है। वहीं कैबिनेट विस्तार में शामिल राज्य मंत्रियों की बात करें तो कन्नौज के तिर्वा से विधायक विधायक कैलाश सिंह राजपूत, वाराणसी में भाजपा के जिलाध्यक्ष और विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा, अलीगढ़ के खैर से भाजपा के विधायक सुरेंद्र दिलेर, फतेहपुर के खागा से भाजपा की विधायक कृष्णा पासवान ने पहली बार राज्यमंत्री के रूप में पद व गोपनीयता की शपथ ली है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को योगी सरकार के इस कैबिनेट विस्तार से बहुत उम्मीदें हैं।

हालांकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भाजपा के कोर वोटर माने जाने वाले त्यागी समाज के हाथ इस बार के कैबिनेट विस्तार में भी खाली ही रहे, जबकि त्यागी समाज के एक मात्र विधायक अजीत पाल त्यागी व विधान परिषद सदस्य अश्विनी त्यागी दोनों में से कम से कम एक का नाम कैबिनेट विस्तार की इस लिस्ट में शामिल होने की उम्मीद की जा रही थी। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो योगी आदित्यनाथ सरकार के कैबिनेट विस्तार का लक्ष्य वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए राजनीतिक, सामाजिक, जाति और क्षेत्रीय समीकरण साधते हुए योगी सरकार के पक्ष में जबरदस्त उत्साहपूर्ण माहौल बनाने का है। वहीं भाजपा का शीर्ष नेतृत्व सपा प्रमुख अखिलेश यादव के पीडीए फार्मूला तोड़ करते हुए योगी सरकार के पक्ष में ब्राह्मण, ओबीसी, दलित व अन्य सभी सनातनियों को एकजुट करना है। हालांकि यह तो आने वाला समय ही बताएगा की भाजपा का शीर्ष नेतृत्व इसमें राजनीतिक गुणा-भाग में कितना सफल होगा, लेकिन जनता की अदालत में बार-बार के चुनाव परिणामों से यह स्पष्ट है कि मोदी, शाह व योगी की लोकप्रियता व चाणक्य नीति की काट का अभी देश में विपक्षी दलों के पास कोई विकल्प नहीं है।

# स्वाधीनता आंदोलन में सम्भाजी महाराज का रहा बहुमूल्य योगदान

**रमेश शर्मा**

पिछले दो हजार वर्षों में पूरे संसार का स्वरूप बदल गया है । किसी का सांस्कृतिक गौरव जीवन्त नहीं। सबका अतीत इतिहास के पन्नों में सिमट गया है । लेकिन भारत अपवाद है । भारतीय संस्कृति और परंपराओं पर असंख्य आघात हुये । भारत का इतिहास, सांस्कृतिक, धार्मिक स्वरूप, जीवन शैली और प्रतीक परंपाएँ ही देश का नाम तक बदला गया फिर भी भारत सजीव है तो इसका कारण वे असंख्य बलिदानी हैं जिन्होंने कठोरतम प्रताड़ना सहकर भी अपने स्वत्व की रक्षा की है। किसी को आरे से चीरा गया, किसी को कोल्हू में पीसा गया किसी को रुई में बांधकर आग लगाई गई तो किसी कड़ाही में डालकर उबाला गया किंतु वे संकल्प से न डिगे। छत्रपति सम्भाजी महाराज ऐसे ही महान बलिदानी हैं । उन्हें इतनी क्रूरतम प्रताड़ना दी गयी जिसकी कल्पना तक नहीं की जा सकती। उन्हें पढ़कर आज भी रोंगटे खड़े होते हैं। ऐसी प्रताड़ना का दौर एक माह तक चला था। पहले आँखे निकाली गई, अगले दिन जिव्हा काटी गई, शरीर पर चीरा लगाकर नमक मिर्ची भरी गई, फिर एक एक अंग काटा गया। उनपर दबाब था कि वे मतान्तरण स्वीकार कर लें। सनातन धर्म छोड़कर इस्लाम अपना लें । लेकिन वे न डिगे। और इस तरह की भीषण प्रताड़ना के साथ अंग अंग काटकर कचरे की तरह नदी में फेक दिया गया। ऐसे अमर बलिदानी वीर छत्रपति सम्भाजी राजे महाराज का जन्म 14 मई 1657 में हुआ था । वे कुल लगभग बत्तीस वर्ष इस संसार में रहे। उनकी शासन अवधि भले नौ वर्ष रही है । पर उनका अधिकांश युद्ध करते बीता। उनके जीवन का संघर्ष नौ वर्ष की आयु से आरंभ हुआ। तब वे नौ वर्ष के ही तो थे जब अपने पिता शिवाजी महाराज के साथ औरंगजेब की आगरा जेल में रहे थे । जेल से निकलने के साथ ही शिवाजी महाराज ने सुरक्षा कारणों से अपने इस नन्हें पुत्र को अपने से अलग कर दिया था। इस प्रकार वे संघर्ष के बीच ही बड़े हुये । उन्होंने अपने जीवन काल में 210 युद्ध किये और सभी युद्ध जीते । दक्षिण भारत से यदि मुगलों को खदेड़ा गया तो इसमे सम्भाजी राजे का शौर्य और कौशल ही रहा है । यह अलग बात है कि मराठों के बीच कुछ आतंरिक मतभेद हुये जिसमें आगे चलकर निजाम और अंग्रेज कुछ बलवती हुये थे। यह उनके शौर्य और पराक्रम की विशेषता थी कि औरंगजेब ने उनके राज्यारोहण के बाद सबसे ज्यादा ध्यान दक्षिण में दिया । मुगल सेना की चार चार टुकड़ियां दक्षिण में रहीं । और चार सरदारों से तब तक लौटकर न आने को कहा जब तक संभाजी महाराज का अंत न कर दिया जाये । मुगलों के इस अभियान से पूरा मराठा क्षेत्र मानों युद्ध स्थल बन गया था । फिर भी मुगलों को सफलता न मिली थी । और जब मिली तो वह एक ग़द्दार के कारण । संभाजी राजे ने बचपन से युद्ध कौशल और संघर्ष सीखा था । शत्रु को कैसे धता बताया जाता है वे अच्छी तरह जानते थे । यह सब उन्होंने अपने पिता से सीखे थे । वे उन विरले बालकों में से एक थे जिन्होंने केवल आठ वर्ष की आयु में शत्रु से युद्ध करना सीख लिया था । यद्यपि शिवाजी महाराज की मृत्यु के बाद औरंगजेब ने उन्हें पंच हजारी मनसब देकर आधीनता स्वीकार करने का प्रस्ताव दिया था । औरंगाबाद में इसकी विधिवत घोषणा भी करदी गई थी । पर यशस्वी पिता के पुत्र सम्भाजी ने इसे अस्वीकार कर दिया था । वे भारत राष्ट्र की संस्कृति की रक्षा केलिये संकल्प बद्ध थे । और हिन्दवी स्वराज्य स्थापना के संघर्ष को आगे बढ़ाने के काम में लग गये । छत्रपति शिवाजी महाराज का निधन 3 अप्रैल 1680 को हुआ था । तब कुछ समय तक शिवाजी महाराज के अनुज राजाराम को हिन्दु पदपादशाही पर सत्तारूढ़ कर दिया था । और अंत में 16 जनवरी 1681 को सम्भाजी महाराज का विधिवत राज्याभिषेक हुआ । इसी वर्ष औरंगजेब का एक विद्रोही पुत्र अकबर ने दक्षिण भारत भाग आया था । और संभाजी महाराज से शरण की याचना की । छात्रपति श्री सम्भाजी महाराज जितने वीर और पराक्रमी थे उतने भावुक भी उन्होंने शहजादे अकबर को अपने यहाँ शरण और सुरक्षा प्रदान की । इससे औरंगजेब और बौखलाया । यह वही शहजादा अकबर था जो संभाजी महाराज के बलिदान के बाद अपने परिवार के साथ राजस्थान चला गया था ।

# पुलिस व व्यापार मंडल की अहम बैठक , सुरक्षा चोरी और ट्रैफिक व्यवस्था पर बनी रणनीति



**समय जगत, ललितपुर।** जिले में व्यापारियों की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने तथा कानून-व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से पुलिस लाइन स्थित सम्मेलन कक्ष में व्यापार सुरक्षा प्रकोष्ठ की एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई। एसपी मो. मुश्ताक के निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसकी अध्यक्षता एएसपी ने की।

बैठक में तालबेहट, महरौनी, मड़ावरा, बार, पाली और जखौरा क्षेत्र के व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने हिस्सा लेकर अपने-अपने क्षेत्रों की प्रमुख समस्याओं को पुलिस प्रशासन के समक्ष रखा। इस दौरान व्यापार मंडल जिला मंत्री राघवेंद्र सिंह ने शहर में शराब पीकर वाहन चलाने वालों, तेज रफ्तार बाइक चालकों तथा मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। इस पर पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मार्च और अप्रैल 2026 में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान 500 से अधिक वाहनों के चालान किए गए, जबकि 23 मोटरसाइकिलों को सीज किया गया है। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

बैठक में उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुरेश जैन बडेरा ने शहर में हाल के दिनों में हुई चोरी की घटनाओं को गंभीरता से उठाया। उन्होंने विशेष रूप से रसराज रेस्टोरेंट, राजघाट जैन मंदिर और देवरान जैन मंदिर में हुई चोरी की घटनाओं के शीघ्र खुलासे की मांग की। इस पर पुलिस प्रशासन ने जानकारी देते हुए बताया कि राजघाट जैन मंदिर चोरी कांड में पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। मामले में आरोपी बादल पुत्र माधव आदिवासी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके कब्जे से चोरी किया गया पीली धातु का कलश, श्रीफल और नकदी बरामद की गई है। गोष्ठी में उद्योग मंच प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश सराफ जिला महामंत्री शैलेन्द्र सिंघई, उपाध्यक्ष रवींद्र दिवाकर, मंत्री समित समैया, डा.संजीव कड़ाकी, शिखरचंद जैन, सुबोध गोस्वामी सारस्वत, रवि चौहान, आत्माराम रिछारिया, अनिल जैन बबड़ी, अखिलेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन के साथ नियमित संवाद और सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया, वहीं पुलिस अधिकारियों ने अपराध नियंत्रण और व्यापारियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का भरोसा दिलाया।

# विद्युत कटौती पर आगे नहीं आये चुने हुये बड़े जनप्रतिनिधि , पार्षद कुन्दन पाल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन




**समय जगत, ललितपुर।** विद्युत कटौती से परेशान पूरे जिले में जब आमजन की आवाज जनता से चुने गये जनप्रतिनिधि नहीं बन सके तो इसी बीच लोकतंत्र की शुरूआती इकाई के सिपाही पार्षद कुन्दन पाल पत्रकार आगे आये। विद्युत कटौती से आमजन का जीना मुहाल बना हुआ है। दिन में कटौती से लोग जूझते नजर आते हैं, लेकिन रात में बार-बार नहीं कईयों बार अघोषित कटौती ने लोगों को खासी मुसीबत में डाल रखा है। इस सम्बन्ध में वार्ड नं. 17 सिविल लाइन द्वितीय के पार्षद कुन्दन पाल ने जिलाधिकारी सत्य प्रकाश को पत्र सौंपकर विद्युत कटौती पर प्रभावी तरीके से रोक लगाये जाने की मांग उठायी है। वहीं आमजन में इस बात को लेकर भी आक्रोष है कि विद्युत कटौती की जानकारी लेने के लिए शासन द्वारा अधिकारियों को दिये गये सीयूजी नम्बर भी सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा रिसीव नहीं किये जा रहे हैं। डीएम को सौंपे पत्र में पार्षद कुन्दन पाल ने डीएम सत्य प्रकाश को अवगत कराया कि वर्तमान में भीषण गर्मी पड़ रही है। ऐसे में विद्युत विभाग द्वारा शहर की विद्युत आपूर्ति को अघोषित तरीके से बार-बार काटा जा रहा है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि फीडर नंबर 1, 4, 5 व 3 सहित अन्य फीडर से 24 घण्टे में 24 बार से अधिक विद्युत कटौती की जा रही है। विद्युत विभाग के इस मनमाने रवैये से आमजन परेशान हैं। ऐसे में बच्चों की शिक्षा, महिलाओं, बुजुर्गों का बुरा हाल है। उन्होंने जिलाधिकारी से प्रकरण में विद्युत विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी करते हुये विद्युत कटौती न किये जाने की मांग उठायी है।

# आर्ट ऑफलिविंग के 45 वर्ष पूर्ण , गुरुदेव के 70वें जन्मोत्सव पर ललितपुर में भव्य आयोजन



**समय जगत, ललितपुर।** आर्ट ऑफ लिविंग ललितपुर चैप्टर द्वारा आर्ट ऑफलिविंग के सफलतम 45 वर्ष पूर्ण होने तथा पूज्य गुरुदेव श्रीश्री रविशंकरजी के 70वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम एवं सत्संग का आयोजन बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया। इस दौरान शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों, साधकों एवं सदस्यों ने सहभागिता कर कार्यक्रम को यादगार बनाया। बताया गया कि गुरुदेव के 70वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आर्ट ऑफ लिविंग ललितपुर चैप्टर के नेतृत्व में 13वें हैप्पीनेस प्रोग्राम का भी आयोजन किया जा रहा है। गौरतलब है कि आर्ट ऑफलिविंग इंटरनेशनल फाउंडेशन से अब तक जनपद के लगभग 75 लोग जुड़ चुके हैं और निरंतर इसकी गतिविधियों में भागीदारी कर रहे हैं। आर्ट ऑफलिविंग ललितपुर के योग शिक्षक सुबोध शर्मा विश्वास ने बताया कि संस्था का मूल उद्देश्य समाज को हिंसा से मुक्त बनाना, युवाओं को चिंता और तनाव से दूर रखना तथा हर व्यक्ति के जीवन में प्रेम, शांति और खुशहाली लाना है। उन्होंने कहा कि ललितपुर चैप्टर गुरुदेव के बताए मार्ग पर चलते हुए समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक जागरूकता फैलाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग के जनहितकारी अभियान से जुड़कर स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार और समाज के जीवन को भी अधिक सार्थक, संतुलित और खुशहाल बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान आयोजित भजन संध्या ने सभी का मन मोह लिया। इस दौरान मा द्विवेदी, राकेश देवी जाखड़, वंदना भारती, निधि पाण्डेय, मधु त्रिपाठी, एंजिल पाण्डेय, ओम प्रकाश लोहिया, जगजीत सिंह जाखड़, विजय गोपाल, स्वदेश भूषण वर्मा, शिव शंकर भारती, अजय नाथ त्रिपाठी, शुभम देवलिया और केशव चौरसिया सहित अन्य प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इसी दौरान आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के हैप्पीनेस टीचर सुबोध शर्मा ने वीटीपी ग्रेजुएट्स जगदीश द्विवेदी एवं वंदना भारती को गुरुदेव का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के समापन पर आयोजित भव्य जन्मोत्सव एवं सत्संग में उमा द्विवेदी ने सभी आगंतुकों, सदस्यों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। पूरा आयोजन श्रद्धा, भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा से ओत-प्रोत रहा।

# जेवरा आर.टी.ओ.चैक पोस्ट पर अवैध वसूली के गंभीर आरोप

**समय जगत, निवाड़ी।** जिला निवाड़ी अंतर्गत जेवरा आरटीओ चैक पोस्ट पर अवैध वसूली और गुंडागर्दी के गंभीर आरोप सामने आए हैं, जिससे आम जनता और वाहन चालकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के अनुसार बीती रात लगभग 8 बजे जिला शिवपुरी के सिरसोद गांव से एक बारात बस नंबर 09 -2287 भदौरिया बस सर्विस की ग्राम दिगौड़ा जा रही थी जिसे जेवरा आरटीओ चौक पोस्ट पर रोक लिया गया।

बताया गया कि बस चालक से 5000 रुपये की इंट्री के नाम पर अवैध राशि मांगी गई। जब चालक ने बस के परमिट सहित सभी आवश्यक दस्तावेज दिखाते हुए पूछा कि किस बात के पैसे मांगे जा रहे हैं, तब वहां मौजूद आरक्षक, जिसने अपना नाम संजय शर्मा बताया, तथा उसके साथ मौजूद तीन अन्य गुंडा प्रवृत्ति के व्यक्तियों द्वारा बस चालक के साथ अभद्र व्यवहार और धमकी दी गई। आरोप है कि आरटीओ साहब का दबाव बस के चालान की धमकी देकर चालक से जबरन 5000 रुपये वसूल किए गए ।

जबकि हाल ही में माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर मप्र खंडपीठ के जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने कहा कि यह केन्द्र सरकार के नियम निर्देश अनुसार सभी आरटीओ चेक पोस्ट खोले जाने के आदेश पर रोक लगा दी है। इसके वावजूद भी जेवरा चौक पोस्ट पर वाहनों से अवैध वसूली जारी है।

सबसे गंभीर बात यह बताई जा रही है कि रात के समय सरकारी कर्मचारियों के स्थान पर स्थानीय असामाजिक तत्व चौक पोस्ट पर सक्रिय रहते हैं और आरटीओ अधिकारी की कथित मिलीभगत से खुलेआम वाहनों को रोककर अवैध वसूली ओर अभद्रता की जा रही हैं। इससे यात्रियों, बारातियों और आम वाहन चालकों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।

जबकि माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के पारित निर्णय अनुसार प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव जी ने स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सवारी वाहनों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए और चौक पोस्टों पर पारदर्शिता रखी जाए, लेकिन जेवरा चौक पोस्ट पर इन निर्देशों की खुलेआम अनदेखी होने के आरोप लग रहे हैं।

जनता ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आम नागरिकों का प्रशासन पर विश्वास कायम रह सके।

जिला कलेक्टर निवाड़ी से तत्काल ध्यान एवं कार्रवाई अपेक्षित है।

# प्रशासन गांव की ओर, ग्राम पंचायत सेंदरी में रात्रि चौपाल आयोजित

## आंगनवाड़ी से निकलकर आए बच्चों का शासकीय स्कूल में प्रथम कक्षा में नामांकन कराएं : कलेक्टर



**समय जगत, निवाड़ी।** कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायत सेंदरी में बुधवार को रात्रि चौपाल लगाकर आमजन की समस्याओं और शिकायतों को सुना गया। कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े ने पुलिस अधीक्षक डॉ राय सिंह नरवरिया एवं विभागीय अधिकारियों के साथ सेंदरी में चौपाल लगाकर आमजन की समस्याओं और शिकायतों का मौके पर निराकरण किया। विभागीय अधिकारियों द्वारा शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही योजनाओं से जोड़ने हेतु हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त किए गए।

कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े ने जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक पात्र हितग्राही को शासन की जनकल्याणकारी योजना से जोड़ना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। कोई पात्र हितग्राही कार्यालयों के चक्कर ना लगाए, इसे ध्यान रखते हुए ग्रामपंचायतों को चिह्नित कर जन चौपाल लगाई जा रहीं हैं। विभागीय अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए हैं कि सभी हितग्राहियों के आवेदन पत्र प्राप्त कर निष्पक्ष जांच कर पात्रता सुनिश्चित करें तथा पात्र हितग्राही को योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने नवीन शैक्षणिक सत्र में अधिक से अधिक बच्चों के शासकीय विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करने हेतु अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें। आंगनवाड़ी से निकलकर आए बच्चों का शासकीय स्कूल में प्रथम कक्षा में नामांकन कराएं। उन्होंने जल संरक्षण एवं संवर्धन तथा स्वच्छता का संदेश देते हुए कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरचनाओं एवं स्रोतों को स्वच्छ कर जल को पेययुक्त बनाने हेतु कार्य किए जा रहे हैं। जल स्रोतों की साफ सफाई, मरम्मत, सौंदर्यीकरण, पुनर्जीवन एवं पौधारोपण किया जा रहा है। अधिक से अधिक लोग जल संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में जनभागीदारी से प्रशासन का सहयोग करें। हम सभी की जिम्मेदारी है कि अपने मुहल्ले और गांव को स्वच्छ रखें। घर से निकले कचड़े का उचित प्रबंधन किया जाए। उन्होंने पंचायत में राशन वितरण की जानकारी लेते हुए ग्रामीणों से संवाद किया एवं उनकी समस्याओं को सुना।

पुलिस अधीक्षक डॉ. राय सिंह नरवरिया ने जन समूह से संवाद करते हुए कहा कि जिले में कानून व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने हेतु सभी थाना और चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। रात्रि में गश्त करना, छापामार कार्रवाई, यातायात नियमों का पालन कराना। आपसी मामूली झगड़े, सामान्य पारिवारिक झगड़े/विवाद, जमीन को लेकर भाई-भाई में झगड़े आदि सामान्य प्रकरणों में कोशिश करें कि आपसी सुलह या राजस्व अधिकारियों से चर्चा कर बीच का रास्ता निकालकर समस्या को हल किया जा सकता है।

सीएमएचओ डॉ. अनिल झमनानी ने बताया कि जिले में 14 वर्ष की बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण किया जा रहा है। यह टीका सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए लगाया जा रहा है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि 14 वर्ष की सभी पात्र बालिकाओं का टीकाकरण अवश्य कराएं। यह टीका पूरी तरह सुरक्षित है। पीएम राहत योजना की जानकारी देते हुए चिह्नित अस्पतालों में योजनांतर्गत लाभ की विस्तार से जानकारी साझा की गई। विभागीय अधिकारियों द्वारा योजनाओं की जानकारी साझा की गई।

चौपाल में लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत कलेक्टर ने बालिकाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए। चौपाल में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 57 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिनमें राजस्व विभाग के 38, जल निगम के 7, पंचायत एवं ग्रामीण विकास के 2, सामाजिक न्याय का 1, विद्युत विभाग के 3, पुलिस विभाग के 2, उद्योग विभाग 1, जल संसाधन 01, खाद्य विभाग का 1 एवं शिक्षा विभाग का 1 आवेदन प्राप्त हुआ उक्त आवेदन पत्रों को संबंधित विभागों को भेजकर निराकरण कराया जा रहा है।

# कलेक्टर की त्वरित सुनवाई: गुदरई निवासी आवेदक के फौती नामांतरण का अमल कराकर सौंपी खसरा खतौनी

**समय जगत, निवाड़ी।** शासन के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित और मौके पर निराकरण हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्टर ने पृथ्वीपुर के आवेदकों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया।

आज जनसुनवाई में कुल 71 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती भिड़े ने क्रमशः सभी आवेदकों से संवाद किया। प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन, जाति प्रमाण पत्र, और आपसी बंटवारे से संबंधित आवेदन रहे। कई आवेदनों का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि शेष जांच योग्य प्रकरणों के लिए समय-सीमा निर्धारित कर विभागीय अधिकारियों को सौंपा गया।

आवेदकों की सुविधा को देखते हुए तहसील कार्यालय पृथ्वीपुर के निर्वाचन कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। एसडीएम सुश्री मनीषा जैन, तहसीलदार एवं संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में आवेदकों ने कलेक्टर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अपनी समस्या को बताया। कलेक्टर ने आवेदक की समस्या को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया तथा आगामी जनसुनवाई के पहले निराकरण के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ष्जनसुनवाई का उद्देश्य केवल आवेदन लेना नहीं, बल्कि जनता को राहत देना है। शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करना हर अधिकारी की जिम्मेदारी है।

**फौतीनामांतरण के आवेदन पर त्वरित निराकरण**

राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के क्रम में कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े ने ग्राम पंचायत गुदरई तहसील ओरछा निवासी आवेदिका श्रीमती साधना पत्नि स्व. विनोद सहारिया के फौती नामांतरण आवेदन पर सुनवाई की।

कलेक्टर ने प्रकरण में गंभीरता दिखाते हुए दिनांक 21 जनवरी 2026 को पारित फौती नामांतरण आदेश का अमल तत्काल राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कराया। अमल दर्ज होने के पश्चात श्रीमती साधना सहारिया को अद्यतन खसरा खतौनी की नकल प्रदान की गई। खसरा खतौनी मिलने पर आवेदिका ने कलेक्टर का आभार जताया।

कलेक्टर ने कहा कि राजस्व अभियान में फौती नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन जैसे प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण किया जा रहा है। सभी राजस्व अधिकारियों को लंबित प्रकरण समय-सीमा में निपटाने के निर्देश दिए गए हैं।

**जनसुनवाई में मिली सीमांकन शिकायत का 7 दिन में हुआ निराकरण**

जिला प्रशासन द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के संकल्प का एक सकारात्मक उदाहरण सामने आया है। तहसील निवाड़ी के ग्राम टेहराका ख़ास निवासी श्री राघवेंद्र मिश्रा पिता श्री हरप्रसाद मिश्रा की जमीन के सीमांकन का मामला प्रशासन की सक्रियता से मात्र एक सप्ताह के भीतर सुलझा लिया गया है। आवेदक राघवेंद्र मिश्रा ने विगत जनसुनवाई में अपनी भूमि के सीमांकन में आ रही बाधाओं और लंबित मामले को लेकर जिला प्रशासन को आवेदन सौंपा था। आवेदन पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े ने संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर विधिवत सीमांकन कराने के निर्देश दिए। दिए गए आश्वाशन के अनुसार, राजस्व विभाग की टीम ने ठीक एक हफ्ते के भीतर मौके पर पहुँचकर जमीन की पैमाइश की। क्षेत्र में किसी भी विवाद की स्थिति को टालते हुए, प्रशासन ने पुलिस बल और राजस्व अमले के समन्वय से शांतिपूर्ण तरीके से सीमांकन की प्रक्रिया पूर्ण की। अपनी वर्षों की समस्या का समाधान महज सात दिनों में होने पर श्री राघवेंद्र मिश्रा ने जिला प्रशासन और राजस्व टीम के प्रति संतोष व्यक्त किया है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर सुश्री विनीता जैन, सुश्री स्वाति सिंह, तहसीलदार, सीएमओ एवं विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# लाठी डंडों व कुल्हाड़ी से युवक पर हमला , हमलावर फरार , मुकदमा दर्ज

**– अजय शुक्ल अज्जू**

**समय जगत, पूंछ/झांसी ।** थाना अंतर्गत ग्राम वरोदा में आज बृहस्पतिवार को सुबह तड़के एक परिवार के लोगों ने गांव के ही दूसरे परिवार के लोगों पर लाठी डंडों कुल्हाड़ी से हमला कर दिया जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना मिलते ही पूछ पुलिस मौके पर पहुंची जब तक सभी हमलावर फरार हो गए थे घायल को तुरंत मोठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा जहां डॉक्टरों ने देखकर घायल को झांसी रेफर कर दिया प्राप्त जानकारी के अनुसार वरोदा निवासी शंकर लाल पुत्र गणेश भूसा डाल रहे थे तभी गांव के ही सरजू प्रसाद पुत्र हरचरण दयासागर पुत्र सरजू प्रसाद पहलवान पुत्र हरचरण सुनील पुत्र पहलवान ने मिलकर शंकर लाल के पुत्र हरि शरण पर लाठी डंडों एवं कुल्हाड़ी से हमला कर दिया परिवार के लोग जब बीच बचाव करने लगे तो उन पर भी लाठी डंडों से हमला कर दिया जिसमें शंकर लाल की पत्नी पप्पू देवी भाई चंद्रप्रकाश को भी हमलावरो ने मारपीट कर घायल कर दिया एवं जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए हालांकि मारपीट की धाराओं में थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है झगड़ा किस बात को लेकर हुआ पुलिस इसकी जांच में जुट गई है

# निवाड़ी जिले की 79,148 लाड़ली बहनों को मिल रहा लाड़ली बहना योजना का लाभ

**समय जगत, निवाड़ी।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 13 मई को 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना' की 36वीं किश्त जारी की। नरसिंहपुर जिले के मुंगवानी में आयोजित कार्यक्रम में सीएम डॉ. यादव ने प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख 22 हजार 542 लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 1,835 करोड़ 67 लाख 29 हजार 250 रुपये की राशि सिंगल क्लिक से ट्रांसफर की। इसके अलावा उन्होंने 296 करोड़ रुपये के 40 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी किया। कार्यक्रम की शुरुआत में उन्होंने बच्चियों पर पुष्प वर्षा की। उन्होंने लाठी में करतब दिखा रहे बच्चे को गोद में लेकर दुलारा और खुद भी लाठी घुमाई। गौ-पूजन के बाद उन्होंने यहां लगाई गई कई प्रदर्शनियों का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम में नरसिंहपुर की धरोहरों को समेटने वाले कैलेंडर का विमोचन किया। उन्होंने हितग्राहियों को लाभ भी वितरित किया। उन्होंने टॉप करने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप और प्रशस्ति पत्र दिए। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया।

निवाड़ी जिले की 79,148 लाड़ली बहनों के खातों में पहुंची 11.70 करोड़ की राशि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत निवाड़ी जिले की 79,148 पात्र लाड़ली बहनों के बैंक खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से ?11,70,14,700 की राशि अंतरित की गई। परियोजना अधिकारी ने बताया कि योजना से महिलाओं को आर्थिक संबल मिल रहा है और वे परिवार के निर्णयों में सशक्त भूमिका निभा रही हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं लाड़ली बहनों द्वारा मुख्यमंत्री जी के राशि अंतरण राज्य स्तरीय कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को देखा और सुना गया।

# शराब पीकर बड़ा भाई करता है पूरे परिवार को परेशान , सब पर नशे की हालत में मारता है लाठियां छोटा भाई हुआ लहूलुहान

**समय जगत, पूंछ/झांसी।** कस्बा स्थित हाईवे सर्विस रोड पर एक ही परिवार में हिस्सेदारी को लेकर आए दिन झगड़ा फसाद होता चला रहा है रात्रि में भी गाली गलौज मारपीट होने के बाद सुबह बड़े भाई अरविंद ने सो रहे छोटे भाई धर्मेंद्र के सिर पर लाठी से हमला कर दिया जिससे धर्मेंद्र लहू लोहान हो गया अरविंद के पिता हंसराज यादव उनकी पत्नी छिददन पुत्र धर्मेंद्र धर्मेंद्र की पत्नी निशा एवं बहन रविता का आरोप है कि अरविंद शराब पीकर आए दिन आकर रात्रि में एवं सुबह झगड़ा फसाद करता है एवं लाठी डंडों से सभी की मारपीट करता है इसी मारपीट के चलते बड़े भाई अरविंद ने छोटे भाई धर्मेंद्र पर सोते समय लाठी से हमला कर दिया जिसमें धर्मेंद्र के सिर में गहरी चोट आई और वह लहू लहान हो गया थाने में घायल धर्मेंद्र द्वारा प्रार्थना पत्र दे दिया गया है पुलिस जांच के बाद ही पूरा मामला स्पष्ट हो पाएगा ।

# सपा सांसद के खिलाफ सड़क पर उतरे भाजपाईयों ने प्रदर्शन कर की माफी की मांग

## प्रधानमंत्री के खिलाफ की गई टिप्पणी के मामले ने पकड़ा तूल



**समय जगत, महोबा।** जनपद में बीते दिनों स्मार्ट मीटर सहित 11 सूत्रीय जनसमस्याओं को लेकर किए गए प्रदर्शन के दौरान महोबा-हमीरपुर-तिन्दवारी लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के सांसद अजेन्द्र लोधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफकी गई अमर्यादित टिप्पणी से नाराज भाजपाइयों ने आज जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में इकट्ठा होकर कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन करते हुए सपा सांसद के खिलाफजमकर नारेबाजी की। सपा सांसद माफी मांगो, अखिलेश यादव शर्म करो, सपा सांसद अजेंद्र सिंह लोधी माफी मांगों, जैसे नारे लगाये गए। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष, सदर विधायक, ब्लॉक प्रमुख, नगर पालिका और पंचायत अध्यक्षों सहित सैकड़ों की संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दरअसल बीते दिनों स्मार्ट मीटर सहित 11 सूत्रीय जनसमस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी के आवाहन पर किए गए विरोध प्रदर्शन के दौरान हमीरपुर-महोबा-तिन्दवारी लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के सांसद अजेंद्र सिंह लोधी द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी की गई थी जिसके बाद से जनपद सहित समूचे प्रदेश के भाजपाइयों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। आज कलेक्ट परिसर में इकट्ठा हुए भाजपाइयों ने महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ विभा पुरवार के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी कर सांसद अजेंद्र सिंह लोधी से बिना शर्त माफी की मांग की है। प्रदर्शन के दौरान महिला कार्यकर्ताओं द्वारा सांसद के चित्र को पैरों तले रौंद कर आक्रोश जताया गया। सपा सांसद अजेंद्र सिंह लोधी के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए भाजपाइयों ने कहा कि प्रधानमंत्री का अपमान हम नहीं सहेंगे। देश के प्रधानमंत्री के खिलाफकी गई अभद्र टिप्पणी सपा नेताओं की मानसिकता को दर्शाता है। आज देश के प्रधानमंत्री विश्व के नेता के रूप में उभरकर सामने आए हैं ये विपक्ष को सहन नहीं हो रहा है। सपा नेताओं की मानसिकता पहले भी सामने आती रही है और एक बार फिर आज सपा की मानसिकता सामने आई है। भाजपा जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा ने कहा कि सपा नेता हताश हैं और अब इन्हें जनता जवाब दे चुकी है। पश्चिम बंगाल में हुई जीत के बाद विपक्ष हताश हो चुका है इसीलिए इस तरह की बयानबाजी इनके नेता कर रहे हैं। सदर विधायक सहित जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख ने सपा सांसद के खिलाफप्रदर्शन कर समाजवादी पार्टी और सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव पर भी तीखा हमला बोला। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी, सदर विधायक राकेश गोस्वामी, ब्लॉक प्रमुख पनवाड़ी अंजना श्रीप्रकाश अनुरागी, कुलपहाड़ नगर पंचायत चेयरमैन वैभव अरजरिया सहित सैकड़ों की संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीसीएम व स्कर्पियों की भिड़ंत से 4 की मौत



**बांदा।** थाना कोतवाली देहात में एक सूचना प्राप्त हुई कि बुन्देलखंड एक्सप्रेस वे में डीसीएम व स्कर्पियों की भिडंत हो गई।सूचना प्राप्त होते ही मौके पर थाना स्थानीय पुलिस,फायर बिग्रेड व अन्य टीमों द्वारा मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू किया गया। स्कर्पियों में 5 लोग सवार थे।जिसमें 1 पुरूष व 4 महिलायें थी।मौके पर 3 लोगो की दुःखद मृत्यु हो व 1 व्यक्ति की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।अन्य 1 घायल का इलाज कराया जा रहा है।इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने बताया कि बुन्देलखंड़ एक्सप्रेस वे में डीसीएम व स्कर्पियों की भिडंत हो गई।जिसमे 4 लोगों की मौत हो गयी। एक को ईलाज के लिए अस्पताल मे भर्ती कराया गया।घटना के बारे मे बताया कि प्रथम दृष्टया यह पाया गया है कि स्कर्पियों चालक नींद आ जाने के कारण गाड़ी पीछे से जाकर डीसीएम से टकरा गई जिससे दुर्घटना घटित हो गई।मौके पर पुलिस विभाग के अधिकारी,पुलिस बल व जिलाधिकारी पहुचें व घटना का निरीक्षण किया।जिलाधिकारी ने ऐसी घटनाओं को रोकने हेतु रोड सेफ्टी के इंतजाम करने के निर्देश दिए।खबर लिखें जानें तक मृतको के पहचान के बारे मे जानकारी नही प्राप्त हुई।

# छिनैती वाले 2 अभियुक्त गिरफ्तार



**बांदा।** थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में छिनैती की घटना को अंजाम देने वाले 2 अभियुक्तों अमन पुत्र रामनारायण निवासी पोड़ाबाग अलीगंज थाना कोतवाली नगर,सार्थक पुत्र अशोक निवासी कालूकुआं थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार कर लिया गया ।13 मई को थाना गिरवां क्षेत्र के ग्राम छिबाँव के रहने वाले विवेक तिवारी के साथ 2 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा स्कूटी से आकर बैंग व नगद रुपये की छीनने की घटना को अंजाम दिया गया ।जिसके सम्बन्ध में तत्काल थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन कर सीसीटीवी फुटेज,यक्ष एप व मुखबिर की सूचना पर 2 अभियुक्तों को मेडिकल कॉलेज बांदा के पास से गिरफ्तार कर लिया गया ।अभियुक्तों से कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा जुर्म स्वीकार किया गया ।अभियुक्तों के कब्जे से छिनैती के रुपये,बैंक के दस्तावेज व घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद हुए ।

## संक्षिप्त समाचार

### हथियारों के साथ युवक को किया गया गिरफ्तार

**धौलपुर, समय जगत।** बसेड़ी थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक अवैध देसी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद हुआ है ।पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर थाना परिसर के पीछे महाराणा प्रताप कॉलेज के पास दबिश दी गई। यहां से सोनू पुत्र जनक सिंह गुर्जर निवासी मोहारी, थाना बसेड़ी को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से एक अवैध देसी कट्टा ,315 बोर और एक जिंदा कारतूस मिला। आरोपी सोनू के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 9/25 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### पानी के लिए महोबा के ग्रामीण लोग हैं परेशान, वर्षों पुरानी पेयजल समस्या से नहीं मिल रही लोगों को निजात



**समय जगत, महोबा।** बुंदेलखंड के महोबा में मई की बढ़ती तपिश का असर यहां की पेयजल समस्या पर सीधा पड़ रहा है। साल दर साल पेयजल समस्या से जूझ रहे इस जनपद को आज भी पीने के पानी की दरकार है। सरकार ने खेत और पेट को पानी देने के लाख दावे किए मगर अभी भी जनपद के ग्रामीण इलाकों में पानी के लिए लोग संघर्ष कर रहे है। बूंद बूंद पानी की खातिर टैंकरों के भरोसे ग्रामीणों को लंबी लंबी कतारों में लगना पड़ रहा है तब कहीं जाकर पीने के पानी का इंतजाम हो पाता है। ग्रामीण अंचलों में हालत और भी खराब है जहां लंबी दूरी से पानी लाने को लोग मजबूर है। वहीं टैंकरों से पहले पानी पाने के लिए खाली ड्रम और पाइप लेकर लोग टूट पड़ते है। महोबा जनपद की पेयजल समस्या कोई नई नहीं है, लेकिन बढ़ती गर्मी के साथ यह समस्या विकराल रूप ले लेती है। जनप्रतिनिधियों की उदासीनता और जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण महोबा के लोग बूंद बूंद पानी के लिए तरसने को मजबूर है। खासकर ग्रामीण इलाकों में पीने के पानी की किल्लत से जन जीवन जूझ रहा है। सरकार ने महत्वाकांक्षी अर्जुन सहायक परियोजना और हर घर नल योजना से इस समस्या के निदान करने का दम भरा है जो अभी भी नाकाफी है। जनपद महोबा में चार ब्लॉक कबरई, पनवाड़ी चरखारी और जैतपुर है। इन में सबसे अधिक समस्या जैतपुर और कबरई ब्लाक में देखने को मिल रही है। जहां पीने के पानी के कई किलोमीटर दूरी तय कर पानी मिल पा रहा है तो कई इलाकों में इक्का दुक्का हैंडपंपों के सहारे लोग अपनी प्यास बुझाने के लिए मजबूर हैं तो वही कई ऐसे भी इलाके हैं जहां पानी न के बराबर होके के कारण लोग टैंकरों पर निर्भर हैं। जैतपुर ब्लॉक के कुलपहाड़ कस्बे में लोग सुबह से ही हाथों में पानी के पाइप खाली बर्तन लेकर नगर पंचायत के टैंकर का इंतजार करने लगते हैं। कस्बे में हर साल गर्मी लगते ही पानी के लिए लोगों का संघर्ष शुरू हो जाता है। कुलपहाड़ अंतर्गत गांधीवार्ड, पठवापुरा इलाकों में पहुंच रहे टैंकरों से लोग बा मुश्किल दिनचर्या के लिए पानी जुटा पाते है तो कई ऐसे भी है जिन्हे पानी नहीं मिल पाता। कुलपहाड़ कस्बा निवासी गायत्री, श्रीकृष्ण, रामकुमारी, प्रेमदेवी, रामसखी आदि ने बताया कि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे, महिलाएं और पुरुष सब पानी के इंतजाम में लगे रहते है कि कैसे उन्हे इस्तेमाल के लिए अपनी मिल सकें। कई बार टैंकरों से पानी भरने के दौरान लोगों के बीच विवाद और मारपीट हो जाता है। इनकी माने तो 15 वर्षों से ये समस्या है मगर जनप्रतिनिधियों ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया सिर्फवादे और आश्वासन हो इन्हे मिले है। ऐसे ही हालत जैतपुर इलाके के हैं जहां पर पीने के पानी के लिए लोग हैंडपंपों के भरोसे हैं, लेकिन यहां के अधिकतर हैंडपंप जवाब दे चुके हैं। जैतपुर के कचेरनपुरा, डेवडीपुरा, नयापुरा, शमशान घाट इलाका, नरेयापुरा में पानी की समस्या से लोग जूझ रहे हैं। जहां मोहल्ले में लगे हैंडपंपों का जलस्तर नीचे चले जाने से लोगों को लंबी दूरी तय कर पीने का पानी मिलता है। लंबी–लंबी लाइन में लगकर महिलाएं पुरुष अपनी बारी का इंतजार हैंडपंप से पानी भरने के लिए करते रोजाना दिखाई पड़ते हैं। स्थानीय निवासी महेश कुमारी, रफीक, रवीना आदि बताते है कि यह समस्या पिछले 3 वर्षों की है जो खत्म होने का नाम नहीं ले रही जबकि इन इलाकों में नलों के कलेक्शन किए गए हैं लेकिन उनमें पानी न होने से सभी हैंडपंप पर निर्भर हैं। इनका कहना है कि शिकायतों के बावजूद भी प्रशासन उनकी इस समस्या का निदान नहीं कर पा रहा। इसी जैतपुर ब्लॉक में आने वाले अरघटमऊ गांव के हालात और भी खराब है। जहां पर साइकिलों से पानी के बर्तन लेकर लंबी दूरी से ग्रामीण पानी लाने को मजबूर हैं। रामदेवी, हजारीलाल बताते है कि गांव के बाहर जलश्रोतो से इन्हें बा मुश्किल पानी मिल पाता है वही पानी भरने के लिए इन्हें खासी दिक्कतें उठानी पड़ती हैं। साइकिल और सर पर पानी के बर्तन रखकर कई दो किलोमीटर दूर से यह पानी ला रहे हैं। मुढ़ारी, आनंदपुरा, सौरा में भी पेयजल की समस्या बनी हुई है जबकि मुख्यालय से लगे शाहपहाडी गांव में भी पीने के पानी की समस्या विकराल होती जा रही है। नलों में पानी न आने के कारण लोग पेयजल की समस्या से परेशान हैं। तो वहीं हैंडपंप से भी पानी नहीं मिल पा रहा। ऐसे में यहां के ग्रामीणों ने हाइवे को जाम कर जमकर प्रदर्शन किया। जाम में नारेबाजी कर प्रशासन से पानी का इंतजाम किए जाने की मांग की गई। बात कबरई कस्बे की करें तो यहां गर्मी शुरू होते ही पीने के पानी की भारी किल्लत शुरू हो जाती है। कबरई कस्बा के हालात बद,से बदतर है। लगभग 40 हजार की आबादी वाले इस कबरई कस्बे में लोग बूंद, बूंद पानी को तरस रहे है।

# ग्राम रथ अभियान एलईडी वैन के माध्यम से गांवों में पहुंची सरकारी योजनाओं की गूंज

## ग्रामीणों को आधुनिक तकनीक से किया जा रहा है जागरुक, मौके पर ही दी जा रही योजनाओं की जानकारी



**धौलपुर।** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से संचालित ग्राम रथ अभियान के तहत जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों बसेड़ी, बाड़ी, धौलपुर एवं राजाखेड़ा की विभिन्न ग्रामों में एलईडी वैन के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में निवास कर रहे नागरिकों को सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के प्रति जागरूक करना और उन्हें लाभ उठाने के लिए प्रेरित करना है। गुरुवार को अभियान के अंतर्गत विधानसभा धौलपुर के नगला भदौरिया, भागीरथपुरा, पचगांव, औड़ेला में, विधानसभा बाड़ी के ईटकी, कोडपुरा, पूंठपुरा, घुघरई में, विधानसभा बसेड़ी के विजयपुरा, बासरई, मौहारी, खरगपुरा तथा विधानसभा राजाखेड़ा के कलुआपुरा, महुरी, बगचोली खार, बड़ागांव में प्रचार-प्रसार किया गया। अत्याधुनिक एलईडी स्क्रीन से लैस ये ग्राम रथ गाँवों के प्रमुख स्थानों में जाकर योजनाओं पर आधारित ऑडियो-विजुअल संदेश दिखाकर डिजिटल जागरूकता कर रहे हैं। वैन के साथ नियुक्त अधिकारियों की टीम ग्रामीणों को योजनाओं के पंजीकरण की प्रक्रिया, पात्रता और आवश्यक दस्तावेजों की विस्तृत जानकारी प्रदान कर मौके पर समाधान कर रहे है। ग्रामीणों की जिज्ञासाओं और समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। ग्राम रथ अभियान के तहत कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, उद्योग, ऊर्जा, राजस्व, पंचायती राज, ग्रामीण विकास विभाग की सहभागिता से कृषकों एवं पशुपालकों सहित ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। ग्राम रथ अभियान केवल सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि सरकार और जनता के बीच की दूरी को कम करने का एक सशक्त प्रयास है। एलईडी वैन के माध्यम से ग्रामीण भाई-बहन अपनी भाषा और सरल दृश्यों में योजनाओं को बेहतर ढंग से समझ पा रहे हैं।

**आगामी दिवसों में भी जारी रहेगा प्रचार-प्रसार का कार्यक्रमः** 15 मई को विधानसभा धौलपुर के ग्राम ओदी का पुरा, अल्हपुरा, सरकनखेड़ा, बहवलपुर, विधानसभा बाड़ी के ग्राम खपरैला, आरी, किलेदार का नगला, सरेखी, विधानसभा बसेड़ी के ग्राम अर्जुनपुरा, सांगोरी, कटेलपुरा, सिहौली तथा विधानसभा राजाखेड़ा के ग्राम अतरौली, शेखपुर गूजर, इन्द्रावली, जैतपुर, 16 मई को विधानसभा धौलपुर के ग्राम बहादुरपुर, बीछिया, बरैलपुरा, सूरजपुरा, विधानसभा बाड़ी के ग्राम गूजरपुरा, लालोनी, कुरैंधा, बदरैठा, विधानसभा बसेड़ी के ग्राम दांदीपुरा, मिर्जापुर, नूरपुर, जोरगढ़ी तथा विधानसभा राजाखेड़ा के ग्राम बीच का पुरा, आम का पुरा, जारहा, धारापुरा एवं 17 मई को विधानसभा धौलपुर के ग्राम भिलगंवा, सरेखी का पुरा, पुरानी छावनी, मोरोली का पुरा, विधानसभा बाड़ी के ग्राम बैनपुरा खालसा, पुरा मदारी, रानपुर, कुहावनी, विधानसभा बसेड़ी के ग्राम कांकरैट, सुनकई, सुरारी खुर्द, सुरारी कलां तथा विधानसभा राजाखेड़ा के ग्राम दिघी, रन्छोरपुरा, गढ़ी जौनाबाद, नदौरा में प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

# गैस पाइन लाइन की समीक्षा बैठक

**बांदा।** सिटी गैस डिस्ट्रीब्युशन से सम्बन्धित संस्थाओं को स्थानीय निकायों में घर घर पाइन लाइन नेचुरल गैस के कनेक्शन वितरण हेतु भूमिगत पाइन बिछाये जाने हेतु जनपद हेतु चयनित संस्था आई0जी0एल0 द्वारा अबतक की गयी कार्यवाही संबंधी प्रगति समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षयता में कलेक्ट्रेट कार्यालय में की गयी ।आई0 सी0एल0 अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि नगर पालिका स्तर से 5 एन0ओ0सी0,पी0डब्ल्यू0डी0 स्तर से 1,सिचाई विभाग से 1 एवं रेल्वे से 1 एन0ओ0सी0 अभी तक निर्गत नहीं जा सकी है। उपस्थित अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद बांदा के स्तर से लम्बित एन0ओ0सी0 के संबंध में पूछे जाने पर उनके द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यालय स्तर से डिमाण्ड नोट जारी कर दिया गया है,जैसे ही कार्यदायी संस्था,कम्पनी द्वारा धनराशि जमा किये जाने के उपरान्त एन0ओ0सी0 निर्गत कर दी जायेगी ।खैरार जंक्शन पर 12 इंच सीएस पाइपलाइन बिछाने के लिए मार्ग अनुमति हेतु आगे की मंजूरी के लिए संयुक्त सर्वेक्षण रिपोर्ट प्रस्ताव अभी लम्बित है ।इस पर उपस्थित रेल्वे अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि एन0ओ0सी0 से सम्बन्धित कार्यवाही प्रक्रियाधीन है ।शीघ्र निस्तारण उच्च स्तर से करा लिया जायेगा ।इस संबंध में आई0जी0एल0 अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे स्वयं रेल्वे विभाग से सम्पर्क व पैरवी कर वांछित कार्यवाही तत्काल पूर्ण करना सुनिश्चित करें ।बैठक में निर्णय लिया गया कि पी0एन0जी0 गैस की महत्ता एवं सुलभता का प्रचार–प्रसार करते हुए बांदा नगर पालिका परिषद के समस्त गैस उपभोक्ताओं को पी0एन0जी0 से आच्छादित किया जाये ।निर्देशित किया कि नगर पालिका परिषद में अबतक निर्गत 2653 सकिय पी0एन0जी0 कनेक्शन धारकों की सूची आई0जी0एल0 के पदाधिकारी जिला पूर्ति कार्यालय को उपलब्ध कराये ताकि इन पी0एन0जी0 उपभोक्ताओं से एल0पी0जी0 के कनेक्शन समर्पित कराने की कार्यवाही पूर्ण करायी जा सके ।बैठक में पी0डब्ल्यू0डी0,सिचाई,रेल्वे के पदाधिकारी,अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका एवं आई0जी0एल0 के अधिकारी अमित नांजिया अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे।

# वन विभाग की पहल से बदलेगी ग्रामीण स्कूलों की तस्वीर , विद्यार्थियों को मिले टेबल-कुर्सी सेट



**धौलपुर, समय जगत ।** ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में वन विभाग द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए गुरुवार को आरएफबीडीपी योजना के अंतर्गत रेंज बाड़ी नाका धौर्रा क्षेत्र में ग्राम वन सुरक्षा एवं प्रबंध समिति बांसुरई के माध्यम से सरकारी विद्यालयों में टेबल-कुर्सी सेट वितरित किए गए। कार्यक्रम के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खनपुरा, बांसुरई एवं नादनपुर में प्रत्येक विद्यालय को 89 टेबल-कुर्सी सेट उपलब्ध कराए गए, जिससे विद्यार्थियों को अब सुविधाजनक वातावरण में अध्ययन करने का अवसर मिलेगा। मुख्य कार्यक्रम बांसुरई विद्यालय में आयोजित हुआ, जहां विद्यालय प्रशासन एवं ग्रामीणों ने अतिथियों का माला और साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय वन अधिकारी बाड़ी नकुल शर्मा ने कहा कि उप वन संरक्षक धौलपुर की सकारात्मक सोच के चलते यह पहल संभव हो सकी है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है, ताकि विद्यार्थी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण कर सकें और पढ़ाई के प्रति उनका उत्साह बढ़े।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सरपंच गजानंद शर्मा ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में आरएफबीडीपी पदाधिकारी शुभम उपस्थित रहे।

इस दौरान प्रधानाचार्य मनोज जी, फॉरेस्टर अजय दुबे, पवन शर्मा, रणवीर सिंह, विद्यालय स्टाफ एवं ग्राम बांसुरई के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने वन विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए इसे शिक्षा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।

# गांजे का आरोपी गिरफ्तार

बांदा–देर रात्रि थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा जमुआ रोड पर गश्त एवं चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति राजेश पुत्र रामानुज निवासी ग्राम पुरवा तरौहां थाना कर्वी चित्रकूट को अवैध सूखे गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया ।पुलिस द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए इस संबंध में थाना तिन्दवारी पर अभियोग पंजीकृत किया गया ।अभियुक्त पर आधा दर्जन से अधिक चोरी,डकैती, हत्या का प्रयास व धोखाधड़ी आदि सहित आधा दर्जन से अधिक मामलें दर्ज है।

# क्षेत्राधिकारी ने थानों के साइबर प्रभारियों संग की समीक्षा गोष्ठी त्वरित कार्यवाही के दिए निर्देश



**महोबा।** क्षेत्राधिकारी साइबर गौरव उपाध्याय द्वारा जनपद के समस्त थानों के साइबर सेल प्रभारियों के साथ एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी के दौरान साइबर पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक शिकायत पर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों की प्रकृति को देखते हुए समयबद्ध कार्रवाई अत्यंत आवश्यक है, जिससे पीड़ितों को शीघ्र राहत प्रदान की जा सके। क्षेत्राधिकारी साइबर द्वारा विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि साइबर पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का तत्काल संज्ञान लिया जाए। प्रत्येक प्रकरण में प्राथमिक जांच शीघ्र पूर्ण कर आवश्यक विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। पीड़ितों से नियमित संवाद बनाकर उन्हें कार्यवाही की प्रगति से अवगत कराया जाए। बैंकिंग फ्रॉड एवं ऑनलाइन ठगी के मामलों में त्वरित समन्वय स्थापित कर धनराशि होल्ड, रिफंड की कार्यवाही प्राथमिकता पर की जाए ।इसके अतिरिक्त, सभी साइबर सेल प्रभारियों को तकनीकी दक्षता बढ़ाने एवं नवीन साइबर अपराध के तरीकों के प्रति सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। साथ ही आमजन को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु अभियान चलाने पर भी बल दिया गया। गोष्ठी के अंत में क्षेत्राधिकारी साइबर ने स्पष्ट किया कि साइबर अपराधों के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी अधिकारी पूर्ण जिम्मेदारी एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें।

# बच्चे की मौत के बाद परिजनों ने किया रोड जाम

## पुलिस अधिकारियों ने तत्परतापूर्वक शांत कराया मामला



**समय जगत मुस्करा हमीरपुर।** तेज रफ्तार ट्रक ने मामा की शादी में आए भांजे को ट्रक ने रौंद दिया भांजे की मौके पर ही मौत। परिजनों ने ट्रक को खड़ाकर लिया ट्रैक चालक ने जान बचाने के के लिए एक किलोमीटर तक भागा इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद के पास ट्रक लगा कर चालक थाने में घुस गया तथा खलाशी को पकड़कर परिजनों ने मारपीट शुरू कर दी मौके पर पुलिस ने खलासी को बचाया। इंदिरानगर उरई से दीपक राजपूत की बारात मुस्करा स्थित विक्रम पैलेस मैरिज लान में आई हुई थी द्वार चार व जय माल की रस्मो के बाद सुबह करीब 3.30 बजे बारात की विदाई की तैयारी चल रही थी इस दौरान दूल्हे का भांजा अनिकेत उम्र 9 वर्ष पुत्र राजकुमार को तेज रफ्तार ट्रैक ने उसे कुचल दिए बच्चे को कुचलने के बाद ट्रक ड्राइवर भागने लगा मैरिज लान के बाहर मौजूद बारात ने उसका पीछा किया कुछ दूर जाकर ट्रक ड्राइवर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास गाड़ी खड़ी कर जान बचाने के लिए थाने में ट्रक ड्राइवर घुस गया पीछा कर रहे लोगों ने थाने गेट पर खलासी को पकड़ लिए और उसकी जमकर धुनाई शुरू कर दी हंगामा होता देख पुलिस वाले पहुंचे भीड़ के चंगुल से खलासी को छुड़ाया और उसको हिरासत में ले लिया गया पुलिस द्वारा ड्राइवर खलासी को छुड़ाई जाने से लोग गुस्सा हो गए और 40 से अधिक लोग लाठी डंडों से लैस होकर थाने को घेर लिया 10 से 12 लोगों दोनों आरोपियों को थाने से निकालने के लिए अंदर घुस गए और पुलिस वालों से धक्का मुक्की शुरू हो गई तथा अंदर बैठे वारंटी व पुलिस वालों से धक्का मुक्की शुरू हो गई तथा थाने में रखी पुलिस कर्मियों की मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त कर दी बच्चों की मौसी भी गुस्से में थाने में घुस गई सामने खड़े हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार का कालर पकड़ लिया परिजन और पुलिस के बीच धक्का मुक्की शुरू हो गई देखते ही देखते माहौल बेकाबू होने लगा स्थिति बिगड़ते देख थाना प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह ने आसपास के थानों से फोर्स मंगाई और फोर्स पहुंची लाठी चार्ज कर प्रदर्शनकारियों को थाने से खदेड़ा लाठीचार्ज में कई बारातियों को हल्की छोटे भी आई हैं एक युवक घायल भी हो गया है इसके बाद लोगों का गुस्सा और बढ़ गया थाने से निकलने के बाद गुस्साए लोगों ने मिर्जापुर हाईवे को जाम कर दिया परिजनों की धरने की वजह से दोनों तरफ सैकड़ो गाड़ियों की कतारे लग गई और पुलिस क्षेत्राधिकार व उप जिलाधिकारी मौके पर पहुंचे परिजनों को समझाया गया और मामला शांत कराया गया विदित हो कि गुस्साए लोगों ने लाठी डंडों से लैस राहगीरों की जमकर धुनाई भी की जिससे बाजार में अफरातफरी का माहौल हो गया है।

# नगर पालिका के निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री का हो रहा उपयोग

## गुणवत्ताहीन गिट्टी -सीमेंट से चल रहे हैं करोड़ों के काम





**समय जगत, पन्ना।** नगर पालिका पन्ना में करोड़ों रूपये के निर्माण कार्य ठेकेदारों के माध्यम से हो रहे हैं लेकिन अधिकांश कार्य घटिया तथा गुणवत्ता हीन तरीका से चल रहे हैं इसीलिए उक्त निर्माण कार्य बनते ही उखड़ जाते हैं जब कि सीसी निर्माण कार्य सीमेंट छड़ गिट्टी से होने वाले निर्माण कार्यों की अवधि 15 से 20 वर्ष तक होती है लेकिन पन्ना नगर पालिका द्वारा निर्मित कार्य 1 वर्ष के अंदर ही उखड़ जाते हैं जिसका मुख्य कारण यही है। वर्तमान समय में बेनी सागर तालाब सौंदर्य करण का कार्य चल रहा है। जिसमें लगातार डसट का उपयोग किया जा रहा है तथा लोकल गिट्टी एवं घटिया सीमेंट से निर्माण किया जा रहा है छड भी बहुत पतली लगाई गई है। यह निर्माण कार्य कितने दिन तक चलेगा यह स्वयं अंदाजा लगाया जा सकता है जबकि यह कार्य एक करोड़ 75 लाख से अधिक का है इसी प्रकार मठिया तालाब का कार्य एक करोड़ 36 लाख का चल रहा है इसके अलावा अन्य निर्माण कार्य भारी गुणवत्ताहीन किए गए हैं। गांधी चौक मुख्य मार्ग से लेकर जगदीश स्वामी मंदिर तक 6 महीना पूर्व बनाई गई सीसी सड़क के पर कच्चे उड़ गए हैं। इसी प्रकार होटल शान्वी लैंडमार्क मोहन निवास नहर पट्टी नाला निर्माण सहित नगर के अनेक स्थानों पर नगर पालिका द्वारा कराए गए कार्य गुणवत्ता हीन एवं बहुत ही घटिया रहे जिससे सभी निर्माण कार्य धराशाई हो रहे। नगर पालिका में अध्यक्ष पति विष्णु पांडे तथा उनके कुछ पार्षदों एवं चिन्हित ठेकेदारों के द्वारा ही कर कराए जाते हैं जिससे घटिया एवं गुणवत्ता हीन निर्माण कर चल रहे हैं जिला प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है और ना ही निगरानी की जाती है नगर पालिका की शिकायतों पर भी कार्यवाही नहीं होती है जिससे नगर पालिका के भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलंद है।

वर्तमान समय में नगर में साफ सफाई पानी की समस्या है लेकिन नगर पालिका सीएमओ आम जनता के फोन भी नहीं उठाते और ना ही उनकी समस्याओं का निराकरण करते हैं पाइपलाइन डालने के लिए पूरे नगर की सड़कों को खोद दिया गया है जिससे नगर में चलना मुश्किल हो रहा है।

# शौच के लिए गई युवती की गोली मारकर हत्या

## पुलिस द्वारा आरोपियों को किया गया गिरफ्तार



**समय जगत, पन्ना।** जिले के लक्ष्मीपुर गांव में बुधवार सुबह एक सनसनीखेज वारदात सामने आई, जहां एक युवक ने 25 वर्षीय आरती यादव की गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपी ने पहले देशी कट्टे से युवती पर फायरिंग की और फिर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार आरती यादव सुबह घर के पीछे शौच के लिए गई थी, तभी गांव का ही विनोद यादव पहले से घात लगाकर बैठा था। आरोपी अपने साथ देशी कट्टा और चाकू लेकर पहुंचा था। आरती के भाई आकाश यादव ने बताया कि गोली चलाने के बाद आरोपी ने चाकू से कई वार किए और बंदूक की बट से भी युवती को पीटा। बहन की चीख सुनकर जब आकाश उसे बचाने पहुंचा तो आरोपी ने उस पर भी गोली चलाने की कोशिश की, लेकिन कट्टा मिसफायर हो गया। घटना देखकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। भागने की कोशिश कर रहे आरोपी विनोद यादव और उसके पिता भीकम उर्फ बच्चा यादव को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और बिजली के खंभे से बांधकर लाठी-डंडों और लात-घूंसों से जमकर पीटा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को भीड़ के कब्जे से छुड़ाकर हिरासत में लिया। कोतवाली थाना प्रभारी रोहित मिश्रा यदि समय से तत्परता पूर्वक लक्ष्मीपुर नहीं पहुंचते तो आरोपी पिता पुत्र की भी हत्या हो सकती थी लेकिन कोतवाली प्रभारी की सूझबूझ के चलते आरोपी दो लोगों की जान भीड़ से बच गई है पुलिस ने।गंभीर रूप से घायल आरती यादव को पहले पन्ना जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर मेडिकल कॉलेज रीवा रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। शव को वापस पन्ना लाया गया, जहां पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। पन्ना कोतवाली टीआई रोहित मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने आरोपी और उसके पिता को गिरफ्तार कर लिया है। युवती की मौत के बाद हत्या समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि आरोपी का परिवार पिछले करीब 10 वर्षों से गांव में रहकर खेती-किसानी कर रहा था। फिलहाल हत्या के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है और पुलिस हर पहलू से जांच में जुटी हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### एसडीएम श्री राय व सीएमओ ने की अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही



**समय जगत, सिवनी मालवा।** सिवनी मालवा बानापुरा में अतिक्रमण बेतहाशा सुरसा के मुंह की तरह फैल रहा हैं। जिससे आमनागरिक को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग अपने वाहनों को लेकर लंबे समय तक सड़कों पर जाम की स्थिति में खड़े रहते हैं। नगर का हृदय स्थल गांधी चौक तो जैसे फल सब्जी वालों ने अपने कब्जे में ले रखा हो। जिसे चारों ओर से घेरकर वे खड़े हो जाते हैं और आमजनों को परेशानी का सामना करना पड़ता हैं। इन्ही सब अव्यवस्थाओं को देखते हुए मंगलवार को एसडीएम विजय राय को दलबल के साथ अतिक्रमण की व्यवस्था से दो चार होने सड़क पर उतरना पड़ा। इससे पूर्व सीएमओं अमर सिंह उइके ने नगर पालिका अमले, राजस्व और पुलिस बल के साथ जयस्तंभ चौक, गांधी चौक का अतिक्रमण हटाने की कार्वाई शुरू की। जिसमें गांधी चौक पर बेतरतीब तरीके से पसरे हाथठेलों पर रखें फल, सब्जी और तराजू को नगर पालिका अमले ने जब्त कर ट्राली में पटककर ले गए। उक्त कार्रवाई से नगर में मुख्य मार्ग पर लगे हाथठेले वालों में भगदड़ मच गई। तत्पश्चात शाम को एसडीएम विजय राय ने गांधी चौक, जयस्तंभ चौक का निरीक्षण करते हुए मुख्य मार्ग पर हाथठेले, वाहन खड़े नहीं करने की हिदायत दी। इसी क्रम में एसडीएम के नेतृत्व में अतिक्रमण अमला बानापुरा बस स्टैंड पहुचा। जहा मुख्य मार्ग पर लगे सब्जी, फल के हाथठेले वालों और सड़क पर दुकान का सामान रखने वालों को हिदायत दी गई। तो कुछ का सामान जब्त किया गया।

### प्रेमसरचक आसन रोड निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने पीएमजीएसवाई कार्यालय में उठाई मांग



**समय जगत, श्योपुर।** ग्राम चकआसन, रामनगर, हरगोविंद का पूरा एवं चकज्वाड के ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना कार्यालय पहुंचकर जीएम से मुलाकात की। इस दौरान ग्रामीणों ने वर्षों से लंबित प्रेमसर चकआसन सड़क के निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू कराने की मांग उठाई। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर से भी चर्चा कर सड़क निर्माण हेतु प्रस्ताव जल्द तैयार करवाने का आग्रह किया। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क नहीं होने के कारण क्षेत्र के लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बरसात के दिनों में स्थिति और अधिक खराब हो जाती है, जिससे गांवों का संपर्क प्रभावित होता है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण होने से चकआसन, रामनगर, हरगोविंद का पूरा एवं चकज्वाड सहित आसपास के गांवों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी, साथ ही किसानों, विद्यार्थियों एवं मरीजों को भी राहत मिलेगी।

# करोड़ों रुपये का अनाज घोटाला हुआ उजागर

## जिम्मेदारों के संरक्षण में फला-फूला गो-ग्रीन का सिंडिकेट



**कटनी।** कटनी जिले में करोड़ों रुपये के धान और गेहूं की बर्बादी महज एक 'प्रशासनिक लापरवाही' नहीं, बल्कि अधिकारियों और निजी एजेंसी के बीच पनपे एक गहरे सिंडिकेट का नतीजा है। ताज़ा जानकारी के अनुसार, 'गोग्रीन वेयर हाउसेस प्राइवेट लिमिटेड' को उस वक्त के प्रभावशाली अधिकारियों का सीधा संरक्षण प्राप्त था, जिसके चलते अरबों रुपये का अनाज गोदामों के बजाय खुले में सड़ने के लिए छोड़ दिया गया।

**सिंडिकेट बनाकर खेला गया भ्रष्टाचार का खेल:** सूत्रों का दावा है कि जिले में अनाज भंडारण और उठाव की प्रक्रिया को एक सोची-समझी रणनीति के तहत बाधित किया गया था। एजेंसी और तत्कालीन अधिकारियों ने मिलकर एक ऐसा सिंडिकेट तैयार किया था, जिसका उद्देश्य सरकारी नियमों को ताक पर रखकर निजी लाभ कमाना था। यही कारण है कि 5 साल तक अनाज खुले आसमान के नीचे सड़ता रहा, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने एजेंसी पर न तो दबाव बनाया और न ही भंडारण की वैकल्पिक व्यवस्था की।

**संरक्षण ऐसा कि कार्रवाई की फाइलें दबी रहीं:** हैरानी की बात यह है कि जब अनाज सड़ने की खबरें प्रारंभिक तौर पर सामने आई, तब भी तत्कालीन अधिकारियों ने गोग्रीन वेयर हाउसेस के खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठाया। नियमों के मुताबिक, लापरवाही बरतने वाली एजेंसी को तत्काल ब्लैकलिस्ट किया जाना चाहिए था, लेकिन इसके उलट उसे 'संरक्षण' दिया जाता रहा। अब यह पूरा मामला कोर्ट की दहलीज पर है। वहीं बड़े अधिकारियों के आपसी मिली भगत से दोषी अधिकारियों को बचने का एक कानूनी रास्ता मिल गया है।

**सिंडिकेट की भेंट चढ़ी किसानों की मेहनत:** खुले में सड़ा 7 करोड़ 29 लाख रुपये का धान इस सिंडिकेट के 'वर्किंग मॉडल' का सबसे बड़ा सबूत है। जब उठाव नहीं किया गया, तो अनाज को कागजों पर सुरक्षित दिखाकर असल में उसे सड़ने दिया गया। इस सिंडिकेट ने न केवल सरकारी खजाने को चूना लगाया, बल्कि जिले की भंडारण क्षमता को भी जानबूझकर 'फुल' दिखाया ताकि नए ठेकों और व्यवस्थाओं में हेरफेर किया जा सके।

**रिटायरमेंट की आड़ में बचने की तैयारी:** इस पूरे खेल में शामिल कई आला अधिकारी अब सेवानिवृत्ति के करीब हैं या उनका स्थानांतरण हो चुका है। चर्चा है कि यह पूरी प्रक्रिया इतनी धीमी जानबूझकर रखी गई ताकि जांच पूरी होने से पहले ही दोषी अधिकारी कानून की पहुंच से दूर हो जाएं। जो सवाल उठ रहे है, उनमें मार्कफेड और वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन के जिम्मेदार अधिकारियों ने गोग्रीन एजेंसी की मॉनिटरिंग क्यों नहीं की? क्या खुले में अनाज सड़ाना किसी बड़े 'अनाज बदलने' के घोटाले का हिस्सा था? आखिर क्यों 5 साल तक जिला प्रशासन ने भंडारण के लिए नई जगह का अधिग्रहण नहीं किया।

**गठबंधन की जीती-जागती तस्वीर:** कटनी का यह अनाज घोटाला सरकारी सिस्टम के भीतर बैठे सफेदपोशों और निजी कंपनियों के नापाक गठबंधन की जीती-जागती तस्वीर है। अब जनता की नजरें हाई कोर्ट के फैसले और शासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं।

# सड़क पर अवैध गेहूं ट्रॉलियों से बढ़ी परेशानी

## मोहल्लेवासियों ने की समाधान की मांग



**समय जगत, श्योपुर।** जिले के ग्राम ईछापुरा में मुख्य सड़क पर अवैध रूप से गेहूं बिक्री की ट्रॉलियां लगाए जाने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समस्या से परेशान मोहल्लेवासियों ने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर ट्रॉलियों को हटवाने और मंडी रोड पर व्यवस्थित रूप से लगवाने की मांग की है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि गांव वाली मुख्य सड़क पर गेहूं से भरी ट्रॉलियां खड़ी रहने के कारण दिनभर जाम जैसी स्थिति बनी रहती है। सड़क पर भीड़ बढ़ने से स्कूली बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और वाहन चालकों को आवागमन में कठिनाई होती है। कई बार दुर्घटना होने जैसी स्थिति भी निर्मित हो चुकी है। लोगों ने बताया कि ट्रॉलियों के कारण सड़क संकरी हो जाती है और दोपहिया व चारपहिया वाहनों का निकलना मुश्किल हो जाता है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। मोहल्लेवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित लोगों को कई बार समझाइश देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। इसके बाद मजबूर होकर ग्रामीणों ने प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि जनहित और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गेहूं बिक्री की ट्रॉलियों को गांव की मुख्य सड़क से हटाकर मंडी रोड पर लगवाया जाए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।

### ड्रेनेज सुधार, नाले सफाई और अतिक्रमण हटाने पर रहा विशेष फोकस

# मानसून पूर्व तैयारियों को लेकर निगमायुक्त ने ली सामूहिक समीक्षा बैठक




**समय जगत, कटनी।** आगामी वर्षा ऋतु के दौरान शहर में जल-जमाव की स्थिति उत्पन्न न हो तथा नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए नगर निगम प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में मंगलवार को नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार की अध्यक्षता में निगम के एमआईसी सभागार में लोक निर्माण शाखा, स्वास्थ्य शाखा एवं जल प्रदाय शाखा के अधिकारियों की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्षा पूर्व तैयारियों, जल निकासी व्यवस्था तथा संवेदनशील क्षेत्रों में किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान नगर आयुक्त सुश्री परिहार ने कहा कि पूर्व वर्षों में जल-जमाव के कारण शहर के अनेक क्षेत्रों में नागरिकों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ा था। इससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई, व्यापारिक गतिविधियां बाधित हुई तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी बढ़ीं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस वर्ष ऐसी स्थिति किसी भी हाल में उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए वर्षा प्रारंभ होने से पूर्व आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करें। नगर आयुक्त ने स्वास्थ्य शाखा के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर के प्रमुख एवं छोटे नालों की व्यापक स्तर पर सफाई कर जल प्रवाह को सुचारू बनाया जाए। जिन स्थानों पर नालियां अवरुद्ध अथवा क्षतिग्रस्त हैं, वहां प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कार्य तत्काल प्रारंभ किए जाएं। वहीं, जहां नई नालियों के निर्माण की आवश्यकता है।

# नवजात बालिका की मौत के मामले में दोनों पक्ष पहुंचे थाने, दिया आवेदन



**समय जगत, विदिशा।** मेडिकल कालेज में एक नवजात बच्ची की मौत के मामले में बुधवार को मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टर्स और परिजन कोतवाली थाने पहुंच गए और दोनों पक्ष ने आवेदन देकर अपनी शिकायत थाना प्रभारी से की। इस मामले में थाना प्रभारी द्वारा दोनों पक्षों को समझाइश देकर मामले को शांत कराया। बताया गया कि राजपूत कॉलोनी निवासी विक्रम राजपूत अपनी पत्नी अनुराधा राजपूत को प्रसव के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां 3 मई को अनुराधा राजपूत ने एक बेटी को जन्म दिया। उन्होंने बताया कि डॉक्टर शरद कुशवाह द्वारा उसका इलाज कराया जा रहा था। प्रसव के बाद डॉक्टर के अनुसार जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ थे, लेकिन दूसरे दिन से नवजात बच्ची की तबीयत खराब होने की बात कही गई। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। परिजन बिशन सिंह राजपूत और अखिलेश राजपूत ने बताया कि 9 दिन के दौरान नवजात बच्ची को 12 यूनिट रक्त चढ़ाया गया। उसके बाद भी उसकी मौत हो गई है। इसी बात से परेशान नवजात बच्ची के पिता विक्रम और अन्य परिजनों ने डॉक्टर के साथ थप्पड़ मार कर अपना विरोध जताया था। इसी बात से नाराज तमाम जूनियर डॉक्टर एकत्रित होकर बुधवार को कोतवाली थाने पहुंचे, जहां पीड़ित परिवार के लोगों पर कार्रवाई की मांग करते हुए आवेदन दिया गया। परिजनों का कहना है कि डॉक्टर द्वारा न तो इलाज ठीक से किया गया और न ही उनका व्यवहार ठीक था। परिवार को देख लेने की धमकी दी गई थी। उसके बाद बेटी के मृत होने के बाद थप्पड़ मारा गया था। परिवार ने मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। वहीं इस पूरे मामले में बच्ची का इलाज कर रहे डॉक्टर का कहना है कि जब बच्ची यहां लाई गई थी उसकी हालत बहुत ज्यादा खराब थी, उसे झटके आ रहे थे और ब्रेन हेमरेज का खतरा बना हुआ था।

# पुलिस द्वारा आरोपी को किया गया गिरफ्तार



**समय जगत, दमोह ।** हटा सिविल अस्पताल में नाबालिग की डिलीवरी के बाद सामने आए दुष्कर्म मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बीएनएस एवं पाक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गत 12 मई को एक नाबालिग युवती पेट दर्द की शिकायत लेकर हटा सिविल अस्पताल पहुंची थी। चिकित्सकीय जांच में उसके लगभग सात माह की गर्भवती होने की पुष्टि हुई। पूछताछ के दौरान परिजनों द्वारा कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दिए जाने पर अस्पताल प्रबंधन ने इसकी सूचना हटा थाना पुलिस को दी। बाद में अस्पताल में पीड़िता की सुरक्षित डिलीवरी कराई गई, जहां उसने एक बच्ची को जन्म दिया। मामले की सूचना दमोह में पदस्थ महिला पुलिस अधिकारी महमूदा बानो को दी गई। उन्होंने सिविल अस्पताल पहुंचकर पीड़िता के बयान दर्ज किए। जांच में पीड़िता की उम्र आधार कार्ड के अनुसार 16 वर्ष 8 माह पाई गई जबकि भर्ती के समय उसकी उम्र 18 वर्ष बताई गई थी। पीड़िता की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 00/26 के तहत धारा 65 (1), 64(2)(एफ), 64(2)(एम), 351(2) बीएनएस तथा 3/4, 5जे (2), 5एल, 5एन/6 पाक्सो एक्ट के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया। पीड़िता ने पूछताछ में नवजात बच्ची के पिता के रूप में आरोपी हरिदास बंसल का नाम बताया। उसने पुलिस को बताया कि वह कक्षा 9वीं तक पढ़ी है और आरोपी रिश्ते में उसके चाचा तिजुआ का पुत्र है जिसे वह भाई कहती थी। आरोपी का उसके घर आना-जाना था। पीड़िता के अनुसार करीब डेढ़ वर्ष पहले आरोपी अपनी पत्नी के प्रसव के बाद उसे काम कराने के बहाने अपने घर ले गया था। इसी दौरान 26 नवंबर 2024 की रात आरोपी ने उसकी पत्नी के सो जाने के बाद उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। डर और बदनामी के कारण उसने यह बात किसी को नहीं बताई। इसके बाद आरोपी कई बार उसके साथ जबरदस्ती करता रहा जिससे वह गर्भवती हो गई। पीड़िता ने बताया कि 9 मई 2026 को अचानक पेट में दर्द होने पर वह अपने परिजनों के साथ सरकारी अस्पताल हटा पहुंची जहां उसने बच्ची को जन्म दिया।

### जाम मामले में प्रशासन हुआ सख्त

# फोरलेन निर्माण के बीच ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने हुईउच्च स्तरीय बैठक



**समय जगत, दमोह ।** दमोह-पन्ना फोरलेन निर्माण कार्य के चलते हटा नगर में पिछले एक सप्ताह से लगातार जाम की गंभीर समस्या सामने आ रही थी। विशेष रूप से अंधियारा बगीचा क्षेत्र में दोनों ओर करीब एक.एक घंटे तक वाहन जाम में फंसे रहने से आम नागरिकों-व्यापारियों और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। सोशल मीडिया पर भी नागरिकों द्वारा जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई जा रही थी। मंगलवार को स्थिति तब और गंभीर हो गई जब क्षेत्रीय विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक का वाहन भी जाम में फंस गया। इसके बाद प्रशासन ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई शुरू की। जाम की लगातार बन रही स्थिति और पुलिस की अनदेखी को लेकर उठ रहे सवालों के बीच एसडीएम राकेश सिंह मरकाम ने एसडीएम कार्यालय में राजस्व, पुलिस, नगर पालिका एवं एमपीआरडीसी के अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की। बैठक में जाम के कारणों और उसके स्थायी समाधान पर विस्तार से विचार.विमर्श किया गया। बैठक में सड़क निर्माण कंपनी के प्रतिनिधियों ने बताया कि सीसी रोड पर कई दुकानदार सड़क किनारे सामान रख देते हैं। वहीं बड़ी संख्या में दोपहिया वाहन भी अव्यवस्थित रूप से खड़े रहते हैं जिससे सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है और यातायात प्रभावित होता है। इसके अलावा अंधियारा बगीचा चौराहे पर क्रॉसिंग के दौरान भी वाहनों की आवाजाही बाधित होने से जाम की स्थिति बनती है। समस्या के समाधान के लिए प्रथम चरण में नगर पालिका द्वारा मुनादी कराकर नागरिकों और व्यापारियों को जागरूक करने का निर्णय लिया गया है।

# झांसी की शिक्षण संस्थाओं पर विशेष ....

## पाली पहाड़ी में सरकारी विद्यालय खोलने की मांग को लेकर डीएम को दिया ज्ञापन



**समय जगत, झांसी ।** सहारिया समाज के लोगों की समस्याओं को लेकर न्याय अधिकार चौपाल भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी एल भास्कर, शिक्षाविद वरिष्ठ समाज सेवी के नेतृत्व एवं सहारिया मां साबरी सहारिया आदिवासी कल्याण समिति के संयुक्त रूप से जिलाधिकारी झांसी को दिया ज्ञापन। जिसमें पाली पहाड़ी में शिक्षा वास्ते सरकारी विद्यालय खोलने, बच्चों एवं अभिभावकों के कैंप लगाकर आधार कार्ड बनवाने तथा केंद्र एवं राज्यसरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाने तथा अवैध कब्जा हटाने की मांग की।

इस दौरान प्रमुख रूप से सहारिया समाज के अध्यक्ष गोपाल सहारिया मां साबरी सहारिया आदिवासी कल्याण समिति, राजेश रानी, मानसिंह परिहार, गौरव सक्सेना,उमा पाठक, क्रांति देवी, दीपा यादव, अदिति, शशांक यादव, सियाराम सहारिया, मेवा सहारिया, कुसमा सहारिया, मुन्नी सहारिया, द्रौपदी सहारिया, श्रीदेवी, बुंदा सहारिया, बसंती, रजनी, संध्या सहारिया, गुड्डी सहारिया, पूनम सहारिया, राम रति, शीला सहारिया आदि उपस्थित रहें।


माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश से मान्यता प्राप्त

**प्रवेश प्रारंभ** (हिन्दी / अंग्रेजी माध्यम)

हाफिज सिद्दीक नेशनल इण्टर कालेज,
हाफिज सिद्दीक नेशनल गर्ल्स इण्टर कालेज,
संकाय (कला/विज्ञान/वाणिज्य)
हाफिज सिद्दीक नेशनल प्राइमरी स्कूल



इलाइट-सीपरी मार्ग सिविल लाइन, झांसी

मुख्तार अहमद खान (अध्यक्ष) | उस्मान खान (प्रधानाचार्य) | अब्दुल रज्जाक खान प्रबंधक

मोबाइल - 9415506267



S HRI RAGHURAJ S INGH INTER COLLEGE JHANS I

ADMISSION OPEN

English Medium / CBSC Pattern
Registration Formt are Available For Class Nursery to XII



:: Features::

- :: Home Work Help
- :: Focus on all Subject
- :: Computer Education
- :: Music , art , craft , Calsses
- :: One on One Training
- :: Improving Tests Cores
- :: Play Learn & grow..... TOgether
- :: Hindi- English Speaking and Writing
- :: App Based Monitoring Facillity
- :: Computerized Result Facillity
- :: Wide and Varied Curriculum
- :: Effcient Staff
- :: Smart Classes
- :: Auto Facility Available

स्कूल नर्सरी से कक्षा 12 तक केवल इंग्लिश मीडियम

ADD :: Pathouriya Jhansi
Contact .9415401187, 9454051800



स्थापना 1881

# बिपिन बिहारी इण्टर कॉलेज

खुशीपुरा रोड, झाँसी (उ.प्र.)

नि:शुल्क प्रवेश प्रारम्भ कक्षा 6,7,8



प्रवेश प्रारम्भ कक्षा 9 एवं 11,

विद्यालय की विशेषतायें

1. सुन्दर बिल्डिंग एवं आकर्षक हॉल
2. विशाल हरा, भरा एवं प्रदूषण मुक्त परिसर।
3. खेल के लिये भव्य क्रीड़ा स्थल ।
4. पुस्तकालय एवं वाचनालय की समुचित व्यवस्थां
5. इण्टरमीडिएट भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान एवं हाईस्कूल विज्ञान की अलग-अलग प्रयोगशालाओं की उत्तम उपकरणों सहित व्यवस्था ।
6. खुले साफ सुथरे हवादार अध्यापन कक्ष।
7. शुद्ध एवं शीतल पेयजल की समुचित व्यवस्थां
8. पंखा व प्रकाश की जनरेटर सहित समुचित व्यवस्था।
9. शौचालय की साफसुथरी व्यवस्था एवं बालिकाओं के लिये अलग से वॉशरूम की व्यवस्था।
10. कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों के लिए मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था।
11. राज्य सरकार की ओर से कक्षा 6 से 8 तक के लिये यूनिफार्म, पुस्तकों एवं शिक्षण की नि:शुल्क व्यवस्था।
12. कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों के लिये कम्प्यूटर शिक्षा की व्यवस्था। 13. सभी छात्रों को छात्रवृत्ति की व्यवस्था।
14. हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट कक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को विद्यालय की ओर से अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि पुरूस्कार की व्यवस्था। 15. मासिक शुल्क शासन के नियमानुसार (कक्षा 9 से 12 तक)।
16. विद्यालय में स्काउट/गाइड की गतिविधि। 17. एन.सी.सी. प्रस्तावित है।

कक्षा 6, 7, 8, 9 एवं 11 में बालिकाओं का प्रवेश प्रारम्भं

बालिकाओं के लिये अलग कॉमन रूम की व्यवस्था।

सम्पर्क सूत्र -: 7007333624 - 8840307880- 9839149194



# सरस्वती पाठशाला इण्डस्ट्रियल इण्टर कॉलेज

लक्ष्मी बाई पार्क के सामने, सिविल लाइन्स, झाँसी

कक्षा 6, 7 व 8 के लिये नि:शुल्क शिक्षा, पाठ्य पुस्तकें एवं मिड-डे मील की सुविधा



S.P.I. Inter College , Jhansi

अटल टिंकरिंग लैब
भौगोलिक पार्क

हमारी विशेषतायें

1. उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम
2. शासन द्वारा चयनित अध्यापकों द्वारा शिक्षण कार्य।
3. विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा खेल एवं विज्ञान में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग।
4. विशाल हरा भरा एवं प्रदूषण मुक्त परिसर साथ ही स्मार्ट क्लास एवं सीसीटीवी से आच्छादित।
5. खेल के लिये भव्य क्रीड़ा स्थल एवं प्रदेश स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिताओं की सफल मेजवानी 16. पुस्तकालय एवं वाचनालय की समुचित व्यवस्था।
7. इण्टरमीडिएट भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, भूगोल एवं हाईस्कूल विज्ञान व गणित की अलग-अलग प्रयोगशालायें।
8. खुले साफ सुथरे हवादार अध्यापन कक्ष।
9. शुद्ध एवं शीतल पेयजल की समुचित व्यवस्था।
10. पंखा व प्रकाश की जनरेटर सहित समुचित व्यवस्था।
11. शौचालय की साफसुथरी व्यवस्था एवं बालिकाओं के लिये अलग से वॉशरूम की व्यवस्था।
12. सभी छात्रों को छात्रवृत्ति की व्यवस्था।
13. मासिक शुल्क शासन के नियमानुसार (कक्षा 9 से 12 तक)।
14. विद्यालय में स्काउट गाइड की गतिविधि।

छात्र / छात्राओं का प्रवेश प्रारंभ

विज्ञान, कला एवं वाणिज्य संकाय

श्री दिनेश कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष, 9026866015 | श्री राकेश टण्डन, प्रबन्धक, 9415179495 | डॉ. मनोज कुमार मिश्र, प्रधानाचार्य, 9415073931



हमारा लक्ष्य - बेहतर शिक्षण

माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र प्रयागराज से स्थाई मान्यता प्राप्त

# कुलदीप सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज

KULDEEP CITY PUBLIC SCHOOL

प्रवेश प्रारंभ 2026-27 | हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम

प्ले सेन्टर से XII - कला , विज्ञान, वाणिज्य वर्ग

- :: कम्प्यूटर व सांइस लैब
- :: इन्डोर, आऊटडोर गेम्स
- :: स्मार्ट क्लासिस
- :: झूले एवं खेल का विशाल मैदान

स्वामी प्रसाद आई.टी.आई. , ट्रेड - इलेक्ट्रिशियन फिटर

बाहर लक्ष्मी द्वार झांसी

फोन - 0510 - 3563413 , 9453031068


# खेर इण्टर कॉलेज गुरसरांय (झांसी)

प्रवेश प्रारंभ




## विद्यालय का गौरवशाली इतिहास....

**खेर इंटर कॉलेज**, गुरसरांय केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि बुंदेलखंड की शैक्षिक चेतना, संस्कार और राष्ट्र निर्माण की एक गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है। इस ऐतिहासिक विद्यालय की स्थापना वर्ष 1949 में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं तत्कालीन जेल मंत्री जी के करकमलों द्वारा की गई। विद्यालय के संस्थापक गरौठा विधानसभा क्षेत्र के प्रथम विधायक पंडित रामसहाय शर्मा जी थे, जिनकी दूरदृष्टि और शिक्षा के प्रति समर्पण ने इस महान संस्थान को जन्म दिया। 05 जुलाई 1950 में निदेशक पंचायतीराज उ0प्र0 द्वारा विधिवत् उद्घाटन किया गया।

विद्यालय का नाम तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष एवं महान जननेता आत्माराम गोविंदराव खेर जी के सम्मान में खेर इंटर कॉलेज रखा गया, जो शिक्षा, सेवा और समाज उत्थान की भावना का प्रतीक है। 1968 से ध्वजवाहक एवं उत्तराधिकारी बनकर पं. श्री कृष्णचन्द्र पालीवाल जी एवं श्री यशवतराव नेवालकर जी ने इसे संभाला। लगभग सात दशकों से अधिक समय से यह संस्थान हजारों विद्यार्थियों के जीवन को ज्ञान, संस्कार, अनुशासन से आलोकित करता आ रहा है। ग्रामीण अंचल के सामान्य परिवारों से निकलकर यहाँ के विद्यार्थियों ने देशभर में अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। विद्यालय के पूर्व छात्र आज आईएएस, पीसीएस, इंजीनियर, डॉक्टर, शिक्षक, बैंक अधिकारी, पुलिस एवं रेलवे सेवाओं सहित अनेक महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कार्यरत होकर राष्ट्र सेवा में अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं।

### विद्यालय ने दिये 13 आई.ए.एस., 19 पी.सी.एस.

विद्यालय ने 13 आई.ए.एस., 19 पी.सी.एस. अन्य बड़े पदों के अधिकारी चिकित्सक अभियंता एवं राजनेता देकर गौरव प्राप्त किया। खेर इंटर कॉलेज ने सदैव शिक्षा के साथ साथ राष्ट्रभक्ति सामाजिक उत्तरदायित्व, नैतिक मूल्यों एवं भारतीय संस्कृति के संरक्षण को भी प्राथमिकता दी है।

विद्यालय की गौरवशाली परंपरा, अनुशासनपूर्ण वातावरण, अनुभवी शिक्षकगण एवं उत्कृष्ट शैक्षिक उपलब्धियाँ इसे पूरे क्षेत्र की शान बनाती हैं। आज भी यह महान शिक्षण संस्थान नई पीढ़ी को ज्ञान संस्कार और सफलता की दिशा प्रदान करते हुए राष्ट्र निर्माण के अपने पवित्र दायित्व का निर्वहन कर रहा है।

### विद्यालय में 5300 छात्र / छात्रायें अध्यनरत

वर्तमान में विद्यालय के 03 भवन , 2 क्रीडांगन, एवं औषधीय 2 उपवन है। विद्यालय में 5300 छात्र / छात्रायें अध्यनरत है। 72 लोगों का वैतनिक स्टाफ सेवारत है। विद्यालय में अत्यन्त आधुनिक कॉन्फ्रेस हाल, संगीतकक्ष, विशाल पुस्तकालय, आधुनिक प्रयोगशालायें कृषि कक्षों, सहित 79 शिक्षण कक्ष है। विज्ञान विद्वान शिक्षकों द्वारा शिक्षण कार्य प्रमुखता है।

- स्थापना वर्ष 15 अगस्त 1949
- तत्कालीन गृहमंत्री भारत सरकार लाल बहादुर शास्त्री के कर कमलों द्वारा।
- 5 जुलाई 1950 को तत्कालीन निदेशक पंचायती राज उ.प्र. द्वारा विधिवत उद्घाटन ।
- उ.प्र. के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष जननेता आत्माराम गोविन्द खेर के सम्मान में खेर इण्टर कॉलेज नाम रखा गया। जो शिक्षा, सेवा सम्मान और समाज उत्थान की भावना का प्रतीक है।

धनप्रकाश तिवारी (प्रधानाचार्य) | मनोहरराव नेवालकर (प्रबन्धक) | देवेश पालीवाल (अध्यक्ष)


B.D.G. SHISHU VATIKA

# भानी देवी गोयल सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज

ADMISSION OPEN

English & Hindi Medium
(Boys & Girls - PC to 12)

Hostel Facility Available



SCIENCE & COMMERCE STREAM







Salient Features :

- Situated in peaceful surroundings away from the Noisy atmosphere.
- Education based on Indian Cultural environment.
- Dedicated & Experienced Teachers.
- Stadium Available for all Games.
- NCERT Based Syllaabus.
- Large & Beautiful Campus and Sports Ground with Greenery.

UNNAO BALAJI MARG, JHANSI | Contact No.: 7839503527, 7839503552 | Email : bhanidevigoyal1997@gmail.com



विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान

माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त

# महाराजा अग्रसेन सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज

दीनदयाल नगर, शिवपुरी रोड (पहूज पुल के पास), झाँसी उ.प्र.

हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम | प्ले ग्रुप से कक्षा -12 तक | NCERT पाठ्यक्रम पर आधारित शिक्षा

प्रवेश प्रारंभ



बालक/बालिका

:: विशेषताएँ ::

-: बच्चों के खेलने हेतु घास युक्त विशाल मैदान ।
-: शिशु मंदिर व विद्या मंदिर के भैया/बहिनों हेतु अलग-अलग डिजिटल बोर्ड से सुसज्जित कक्षाएँ।
-: उच्च प्रकाश युक्त एवं स्वच्छ हवादार कक्षाएँ।
-: आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित सभी विषयों की अलग - अलग प्रयोगशालाएँ।
-: शत-प्रतिशत परिणाम, 80% से अधिक छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण।
-: आध्यात्मिक, मानसिक, नैतिक शिक्षा व बौद्धिक विकास हेतु वन्दना सभा ।
-: शिशु वाटिका के भैया/बहिनों के लिए तरण-ताल एवं चिड़ियाघर सहित मनोरंजक वातावरण।
-: शिशु मंदिर एवं विद्या मंदिर के भैया एवं बहिनों के लिए अलग-अलग सुसज्जित कम्प्यूटर लैब ।
-: उपलब्धियाँ :-
-: मेधावी छात्र सूर्यप्रताप सिंह सेंगर का 2021 में विद्यालय के छात्रों का उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग , बिहार लोक सेवा आयोग में चयन
-: पीयूष साहू का 2019 में नायब तहसीलदार पद पर चयन व आशुतोष द्विवेदी का 2017 में आई.ए.एस. में चयन।
-: एस.जी.एफ.आई. एवं खेलों इण्डिया में बहनों व बहिन संध्या राजपूत को सिल्वर मेडल ।
-: लगभग हर वर्ष JEE MAINS, JEE ADVANCE, NEET में भैया/बहिनों का चयन।
-: यू.पी. बोर्ड की परीक्षाओं में प्रत्येक जिले में उत्तम परीक्षाफल ।
-: अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें- प्रात: 8 से दोपहर 2 बजे तक, प्रत्येक कार्य दिवस में ।

प्रधानाचार्य
बृजकिशोर सिंह चौहान
सम्पर्क सूत्र - 9219681383, 9208518337


स्वत्वाधिकारी, समय जगत मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक अशोक त्रिपाठी द्वारा एवरेस्ट प्रेस ई-49/8 औखला, इंडस्ट्रीयल-एरिया प्लॉट-2 प्रींटिंग प्रेस से मुद्रित एवं बी-125 सादतपुर कालोनी दिल्ली-110094 से प्रकाशित। RNI NO. DELHIN/2005/14553, **प्रधान संपादक:** अशोक त्रिपाठी * **संपादक** अनिल श्रीवास्तव * **समाचार संपादक** सौरभ वार्ष्णेय
**दिल्ली कार्यालय :** एस-557, हीरा कॉम्पलेक्स 203 द्वितीय तल मुख्य मार्ग शकरपुर दिल्ली- 01142173537, 9899589700, **भोपाल कार्यालय** - 9, रायल हाउस, प्रेस काम्पलेक्स, एम.पी. नगर जोन-1, भोपाल। **फोन :** 0755-4273868, 4203479 **फैक्स :** 4094417 **ई-मेल** dainiksamayjagat.delhi@gmail.com *(समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार)

# मंडी परिसर में 1.45 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन, राज्यमंत्री बोले- गुणवत्ता है हमारे लिये सर्वोपरि




## इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर से कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री, सार्वजनिक परिवहन और ईंधन बचत का दिया संदेश

**समय जगत, सारंगपुर।** गुरुवार को मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. गौतम टेटवाल ने कृषि उपज मंडी परिसर में लगभग 1 करोड़ 45 लाख रुपए की लागत से बनने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इनमें ट्रॉली शेड, डामरीकरण, पानी की टंकी, सीसी रोड एवं विद्युतीकरण सहित अन्य निर्माण कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर राज्यमंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि मंडी परिसर में कराए जा रहे सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हों, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में बेहतर कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान डॉ. टेटवाल ने मंडी परिसर में व्यापारियों एवं अन्नदाता किसान भाईयों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण भी हम सभी की जिम्मेदारी है। विशेष बात यह रही कि राज्यमंत्री डॉ. टेटवाल कार्यक्रम में इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर वाहन से पहुंचे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने एवं वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को अपनाने की अपील से प्रेरित होकर वे इलेक्ट्रिक वाहन का उपयोग कर रहे हैं। इससे ईंधन बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, कृषि उपज मंडी विधायक प्रतिनिधि धर्मेंद्र गुर्जर, जिला पंचायत सदस्य रामलाल खटक, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉ. ध्रुव भल्ला, मंडल महामंत्री कमल राठौड़, पार्षद श्री राकेश पुष्पद, कुलदीप राठौर, श्री सुनील बागवान, एसडीएम रोहित बामोरे, मंडी सचिव श्री राजेश खरे सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं अन्नदाता किसान बंधु उपस्थित रहे।

## राज्यमंत्री डॉ. टेटवाल ने की बस से यात्रा, पेट्रोल पंप हादसे में मृतक को दी श्रद्धांजलि



**समय जगत, सारंगपुर।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'राष्ट्र प्रथम' के आह्वान से प्रेरित होकर ईंधन बचत, पर्यावरण संरक्षण एवं सार्वजनिक परिवहन को प्रोत्साहित करने की अपील से प्रभावित होकर गुरुवार को प्रदेश सरकार तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री डॉ गौतम टेटवाल पचोर तक सार्वजनिक परिवहन बस सेवा के माध्यम से यात्रा की इस दौरान राज्यमंत्री डॉ टेटवाल ने विगत दिनों पेट्रोल पंप की दुःखद घटना से प्रभावित परिवारों से भेंट कर उनकी समस्याओं को सुना एवं हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही पचोर नगर में नागरिकों से जनसंपर्क कर विभिन्न जनसमस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित विषयों पर चर्चा की।इसके पश्चात राज्यमंत्री डॉ टेटवाल पुनः पचोर से सारंगपुर तक बस से यात्रा की। मंत्री डॉ टेटवाल ने कहा कि यह यात्रा केवल एक साधारण सफर नहीं, बल्कि माननीय का एक छोटा सा प्रयास है। सार्वजनिक परिवहन अपनाकर हम न केवल ईंधन की बचत कर सकते हैं, बल्कि प्रदूषण कम करने और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में भी अपना योगदान दे सकते हैं।

### महापौर और प्रशासन पर बरसे नेता

# नगर निगम में भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस ने किया जंगी प्रदर्शन

**मुरैना।** शहर की बदहाल सड़कों, गंदे पानी की सप्लाई और नगर निगम में जड़ जमा चुके भ्रष्टाचार के खिलाफ गुरुवार को कांग्रेस ने उग्र प्रदर्शन किया। 'जंगी प्रदर्शन' के बैनर तले सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और नगर निगम कार्यालय का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। दोपहर 12 बजे शहर के विभिन्न वार्डों से कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में झंडे और तख्तियां लेकर रैली के रूप में नगर निगम कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे वरिष्ठ नेताओं ने निगम प्रशासन की कार्यप्रणाली पर तीखे सवाल उठाए। इस दौरान कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि शहर की जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए त्राहि-त्राहि कर रही है, जबकि निगम अधिकारी और जिम्मेदार भ्रष्टाचार में डूबे हैं।



**दिग्गज नेताओं ने साधा निशाना:** धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से विधायक दिनेश गुर्जर, जिलाध्यक्ष, मधुराज सिंह तोमर, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सत्यपाल सिंह सिकरवार (नीटू) और शहर जिलाध्यक्ष गजेन्द्र जाटव, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष दीपक शर्मा शामिल हुए। नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि शहर में नियमित सफाई न होने से गंदगी का अंबार लगा है। जनता को पीने के लिए दूषित पानी मिल रहा है, जिससे बीमारियाँ फैलने का खतरा है। सड़कों की हालत जर्जर है, लेकिन विकास के नाम पर केवल 'कमीशनखोरी' चल रही है। 'नगर निगम में भ्रष्टाचार का खुला खेल चल रहा है। जनता ने विकास के लिए वोट दिया था, लेकिन यहाँ केवल बंदरबांट हो रही है। हम चुप नहीं बैठेंगे।'

**अपनों से ही 'बैर': निशाने पर रहीं महापौर:** इस प्रदर्शन का सबसे तीखा हमला महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी पर रहा। गौरतलब है कि श्रीमती सोलंकी ने कांग्रेस के टिकट पर महापौर का चुनाव जीता था, लेकिन बाद में वे भाजपा में शामिल हो गईं। कांग्रेस नेताओं ने उन पर वादाखिलाफी और शहर के विकास के प्रति निष्क्रिय होने के गंभीर आरोप लगाए।

**पार्षदों का भारी समर्थन:** प्रदर्शन में कांग्रेस के एक दर्जन से अधिक पार्षद भी अपने समर्थकों के साथ शामिल हुए। पार्षदों का आरोप है कि वार्डों में विकास कार्य ठप पड़े हैं और नगर निगम के अधिकारी जनप्रतिनिधियों की सुनवाई नहीं कर रहे हैं। शहर की स्थिति: इस प्रदर्शन ने मुरैना की जमीनी हकीकत और राजनीतिक गरमाहट को उजागर कर दिया है। अब देखना यह होगा कि इस 'जंगी प्रदर्शन' के बाद नगर निगम प्रशासन जनता की समस्याओं के समाधान के लिए क्या कदम उठाता है।

## अवैध रेत परिवहन पर पुलिस का कड़ा प्रहार दो आरोपी गिरफ्तार

**मुरैना।** मुरैना जिले में अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत देवगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए अवैध रेत से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है और मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुरैना पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना के निर्देशानुसार जिले में रेत और पत्थर के अवैध परिवहन को रोकने के लिए सभी थाना प्रभारियों को सतर्क किया गया था। इसी क्रम में, अति. पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र पाल सिंह डावर और एसडीओपी जौरा नितिन बघेल के मार्गदर्शन में देवगढ़ थाना पुलिस ने ग्राम गुढ़ा चम्बल के पास चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोककर जब उसकी तलाशी ली गई, तो उसमें अवैध रूप से भरी हुई रेत पाई गई। वाहन चालकों से जब रेत के परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे गए, तो वे कोई भी कागज पेश नहीं कर सके। इसके बाद पुलिस ने उक्त दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध रेत से भरी हई एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त की है।

# शनिश्चरी अमावस्या एवं शनि जयंती पर श्रद्धालुओं के स्वागत को तैयार शनि धाम

### कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**मुरैना।** शनिश्चरी अमावस्या एवं श्री शनि जयंती के अवसर पर 16 मई को जिले में स्थित प्रसिद्ध शनि मंदिर में लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। श्रद्धालुओं को सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित दर्शन व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ एवं पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा ने गुरुवार को शनि मंदिर परिसर पहुंचकर मेले की तैयारियों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर जांगिड़ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि 15 एवं 16 मई को शनि मेले में लगाए गए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण जिम्मेदारी, सतर्कता एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि संपूर्ण मेला परिसर सीसीटीवी निगरानी में रहेगा तथा ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए मेला परिसर में पर्याप्त टेंट, मैटिंग एवं छायादार व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पार्किंग स्थल, मेला परिसर एवं प्रमुख मार्गों पर निर्बाध विद्युत व्यवस्था बनाए रखने तथा विद्युत बाधित होने की स्थिति में वैकल्पिक बैकअप व्यवस्था रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल के समुचित प्रबंध किए जाएं तथा जल टैंकरों के नियमित रिफिल हेतु जल स्रोतों की पूर्व व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मोबाइल नंबर एवं वाहन चालकों की जानकारी आपस में साझा रखने के निर्देश भी दिए गए, ताकि आपात स्थिति में त्वरित समन्वय किया जा सके। कलेक्टर ने अस्थायी अस्पताल में चिकित्सकों, दवाइयों, स्वास्थ्य स्टाफ, एंबुलेंस एवं ओआरएस पैकेट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से संबंधित सभी व्यवस्थाएं प्राथमिकता के आधार पर की जाएं।

## सार-समाचार

### 10 साल बाद कोर्ट ने शादी को बताया शून्य पति को मिली राहत



**आमला, हरिप्रसाद गोहे।** जिला न्यायालय आमला ने 13 अगस्त 2015 को हुए विवाह को शून्य घोषित कर दिया। न्यायालय ने पाया कि महिला का पहला विवाह 2011 में हुआ था और उसका वैधानिक तलाक नहीं हुआ था, इसलिए यह विवाह हिंदू विवाह अधिनियम की धारा-5 के विपरीत था। आमला निवासी युवक ने याचिका में बताया कि छिंदवाड़ा की युवती से 2015 में विवाह कराया गया था। बाद में पता चला कि महिला ने पुराना विवाह छिपाकर नोटरी शपथ पत्र के आधार पर मंदिर में शादी की बात कही थी। शादी के बाद दोनों में लगातार विवाद हुए और महिला ने दहेज प्रताड़ना व भरण-पोषण के मामले भी दर्ज कराए। अदालत ने गवाहों, दस्तावेजों और शपथ पत्रों की जांच के बाद कहा कि सप्तपदी और हिंदू रीति-रिवाज के बिना हुआ विवाह वैध नहीं है। वकील राजेंद्र उपाध्याय के अनुसार नोटरी शपथ पत्र को अदालत ने विधिसंगत नहीं माना। न्यायालय ने धारा-11 के तहत विवाह को शून्य घोषित करते हुए याचिकाकर्ता को कानूनी राहत दी। यह फैसला पूर्व वैवाहिक स्थिति छिपाकर किए गए विवाहों के लिए मिसाल माना जा रहा है।

### हाई कोर्ट के स्टे को दिखाया ठेंगा



**मुरैना।** शहर के सदर बाजार स्थित झंडा चौक के सामने बन रही एक मल्टी का निर्माण कार्य हाई कोर्ट के स्टे आदेश के बावजूद लगातार जारी रहने का मामला सामने आया है। आरोप है कि कतिपय लोग कानून को चुनौती देते हुए खुलेआम निर्माण करा रहे हैं।जानकारी के अनुसार, उक्त भूमि को लेकर देवीराम उपाध्याय द्वारा मध्यप्रदेश हाई कोर्ट ग्वालियर में रिट याचिका क्रमांक 11334/2026 दायर की गई थी। मामले की सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने दिनांक 08 अप्रैल 2026 को अंतरिम आदेश जारी करते हुए 25 फरवरी 2026 के आदेश के प्रभाव और क्रियान्वयन पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी थी। इसके बावजूद सदर बाजार में निर्माण कार्य लगातार जारी रहने से स्थानीय लोगों में भी चर्चा का माहौल बना हुआ है। बताया जा रहा है कि जब डिप्टी कलेक्टर उमेश स्वास्थ्य और तहसीलदार ज्योति लक्ष्यकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान मौके पर पहुंचे, तब उन्हें हाई कोर्ट के स्टे आदेश के बावजूद निर्माण जारी रहने की जानकारी मिली। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद लोगों को समझाइश देकर निर्माण कार्य रोकने के निर्देश दिए, लेकिन आरोप है कि दबंगों ने प्रशासनिक निर्देशों को भी नजरअंदाज कर दिया।

## विधायक दोगने की मांग पर भोपाल-इंदौर फोरलेन से हरदा तक सड़क निर्माण प्रस्ताव पर केंद्रीय मंत्री ने दिए कार्यवाही के निर्देश



**समय जगत, हरदा।** क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने द्वारा क्षेत्र की जनता की सुविधा एवं क्षेत्रीय विकास को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर भोपाल-इंदौर फोरलेन सड़क मार्ग से सीहोर-इछावर-नसरुल्लागंज होते हुए हरदा तक फोरलेन सड़क मार्ग निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की गई थी। विधायक डॉ.दोगने ने अपने पत्र में उल्लेख किया था कि उक्त सड़क मार्ग क्षेत्रीय आवागमन, व्यापारिक गतिविधियों एवं ग्रामीण संपर्क की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। वर्तमान में सड़क की स्थिति कई स्थानों पर जर्जर होने के कारण आमजन,किसानों एवं व्यापारियों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही इस मार्ग पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री एवं मालवाहक वाहनों का आवागमन होने से यातायात का दबाव लगातार बढ़ रहा है। यदि भोपाल-इंदौर फोरलेन सड़क मार्ग से सीहोर-इछावर-नसरुल्लागंज से हरदा तक फोरलेन सड़क मार्ग का निर्माण किया जाता है तो यह मध्यप्रदेश के मालवा एवं नर्मदांचल क्षेत्र के बीच एक महत्वपूर्ण लिंक कॉरिडोर के रूप में विकसित होगा। इससे भोपाल,इंदौर सहित दक्षिण भारत एवं महाराष्ट्र की ओर आवागमन और अधिक सुगम होगा तथा व्यापार,कृषि परिवहन, औद्योगिक गतिविधियों एवं पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। विधायक डॉ.रामकिशोर दोगने के उक्त पत्र पर केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी द्वारा जवाब प्रेषित किया गया है कि विधायक द्वारा प्रेषित पत्र प्राप्त हुआ है,जिसमें भोपाल-इंदौर फोरलेन सड़क मार्ग से सीहोर-इछावर-नसरुल्लागंज से हरदा तक फोरलेन सड़क मार्ग निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर निर्माण कार्य कराए जाने का विषय उल्लेखित है।

### एसडीएम ने सुमावली में परीक्षाओं का किया निरीक्षण

**समय जगत, जौरा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल के तत्वाधान में चल रही बोर्ड परीक्षाओं के तहत एसडीएम शुभम शर्मा ने सुमावली पहुंचकर परीक्षा केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। 14 मई को एसडीएम शुभम शर्मा अचानक सुमावली में चल रही बोर्ड परीक्षा का निरीक्षण करने पहुंचे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की परीक्षा केंद्र पर दसवीं की सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा चल रही थी। निरीक्षण के दौरान परीक्षा शांतिपूर्ण चल रही थी।

## देश के लिए मॉडल बनेगा हरदा जिला : अशोक गुर्जर



**समय जगत, हरदा।** भाजपा के पूर्व जिला प्रवक्ता एवं अक्षत ऊर्जा के संचालक अशोक गुर्जर ने लघु उद्योग भारती जिला इकाई हरदा के अध्यक्ष अभय जैन एवं सचिव राजेश अग्रवाल के समक्ष हरदा जिले में कृषि आधारित लघु उद्योगों की व्यापक संभावनाओं को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखा है।उन्होंने कहा कि संकट में समाधान देने की क्षमता हरदा जिले में है और इस क्षमता का योजनाबद्ध रूप से भरपूर उपयोग करने की आवश्यकता है। विशेष रूप से खाद्य तेल एवं तिलहन उत्पादन के क्षेत्र में हरदा जिला आने वाले समय में मध्यप्रदेश ही नहीं बल्कि देश के लिए एक मॉडल बन सकता है।अशोक गुर्जर ने प्रस्ताव रखा कि लघु उद्योग भारती हरदा जिले के प्रगतिशील कृषकों,कृषि विभाग, जिला प्रशासन एवं कृषि विज्ञान केंद्र के साथ मिलकर एक विस्तारित बैठक आयोजित करे, जिसमें आगामी फसल चक्र, तिलहन उत्पादन एवं खाद्य तेल आधारित लघु उद्योगों की संभावनाओं पर गंभीर चर्चा की जाए।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश को खाद्य तेल के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का जो आह्वान किया गया है, उसमें हरदा जिला महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यदि अभी से योजनाबद्ध तैयारी प्रारंभ की जाए तो किसान वर्षाकालीन फसलों में सोयाबीन के साथ-साथ तिल, सूरजमुखी,मूंगफली एवं अन्य तिलहन फसलों का रकबा बढ़ा सकते हैं।उन्होंने बताया कि जब स्थानीय स्तर पर पर्याप्त तिलहन उत्पादन बढ़ेगा तब हरदा जिले में छोटी-छोटी तेल घानी एवं खाद्य तेल आधारित लघु उद्योग स्थापित होने की व्यापक संभावनाएँ निर्मित होंगी। इससे स्थानीय स्तर पर शुद्ध कच्ची घानी तेल उपलब्ध होगा,जो स्वास्थ्य की दृष्टि से लाभकारी होने के साथ-साथ आर्थिक समृद्धि का भी माध्यम बनेगा।अशोक गुर्जर ने कहा कि तेल निकालने के पश्चात जो खली शेष रहती है वह पशु आहार के रूप में अत्यंत उपयोगी होती है। इससे हरदा जिला पशु आहार के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर बन सकता है। इस प्रकार कृषि, पशुपालन एवं लघु उद्योग तीनों क्षेत्रों को एक साथ जोड़कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है।उन्होंने सुझाव दिया कि कृषि विज्ञान केंद्र एवं संबंधित विभागों के विशेषज्ञों,कृषि वैज्ञानिकों तथा तिलहन विकास से जुड़े अधिकारियों को आमंत्रित कर किसानों एवं उद्यमियों के लिए मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ ताकि भविष्य की औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप अभी से कृषि उत्पादन की तैयारी की जा सके।लघु उद्योग भारती के पदाधिकारियों ने इस विषय को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए आगामी बैठकों में इस पर विस्तृत चर्चा करने एवं एक ठोस कार्ययोजना तैयार करने की सहमति व्यक्त की।

### बीजासन माता मंदिर निर्माण कार्य को वन विभाग ने रोका, विधायक ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**मुरैना।** ग्राम पढ़ावली में बीजासन माता मंदिर निर्माण कार्य को वन विभाग द्वारा रोके जाने का मामला लगातार गरमाता जा रहा है। इसी को लेकर आज क्षेत्रीय कांग्रेस विधायक दिनेश गुर्जर ग्रामीणों के साथ नई कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने एसडीएम से मुलाकात कर मंदिर निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने की मांग रखी।ग्रामीणों का कहना है कि विजासन माता मंदिर आस्था का केंद्र है और निर्माण कार्य रुकने से लोगों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द मंदिर निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है। वहीं पूरे मामले में एसडीएम द्वारा ग्रामीणों एवं विधायक को आश्वासन दिया गया है कि मामले का परीक्षण कर शीघ्र उचित कार्रवाई करते हुए मंदिर निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

### सिंचाई विभाग की लापरवाही से बर्बाद हो रही फसल, वरिष्ठ अधिकारी दें ध्यान

# पानी सप्लाई की मांग को लेकर कृषकों ने शुरू किया धरना




**समय जगत, खिरकिया।** माचक नहर के टेल क्षेत्र में सिंचाई पानी नहीं पहुंचने से ग्रीष्मकालीन मूंग फसल पर संकट गहरा गया है। लगातार पानी की कमी से परेशान किसानों ने गुरुवार 14 मई से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। धरने में सारसूद, बावड़ियां, जूनापानी, पड़वा, तारापुर, पहेट और छीपाबड़ सहित आसपास के गांवों के बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। किसानों का आरोप है कि सिंचाई विभाग की लापरवाही और अव्यवस्थित जल प्रबंधन के कारण टेल क्षेत्र तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे उनकी मूंग फसल सूखने की कगार पर पहुंच गई है। किसानों ने बताया कि विभाग द्वारा 36 घंटे की ओसराबंदी लागू की गई थी, जिसके तहत नियमित रूप से पानी छोड़ा जाना था। शुरुआती दिनों में कुछ राहत मिली, लेकिन पिछले कई दिनों से टेल क्षेत्र के गांवों तक पानी नहीं पहुंच रहा। नहर के ऊपरी हिस्सों में ही पानी रुक जाने से अंतिम छोर के किसान पूरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। किसानों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद सिंचाई विभाग और प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। धरना स्थल पर किसानों ने विभाग के खिलाफ जमकर नाराजगी जाहिर की। किसानों का कहना है कि उन्होंने कर्ज लेकर मूंग की फसल बोई थी और अब पानी के अभाव में पूरी मेहनत बर्बाद होने की स्थिति बन गई है। कई किसानों ने आरोप लगाया कि नहर व्यवस्था में मनमानी और अनियमितता के कारण कुछ क्षेत्रों में लगातार पानी पहुंच रहा है जबकि टेल क्षेत्र को पूरी तरह नजरअंदाज किया जा रहा है। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही नहर के टेल क्षेत्र तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंचाया गया तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया जाए और टेल क्षेत्र के गांवों में तत्काल पानी उपलब्ध कराया जाए ताकि मूंग फसल को बचाया जा सके।

धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से शंकर सिंह सोलंकी, भूपेंद्र राजपूत, किसान कैलाश सिंह कलाम, बलवंत सिंह कलाम, बबलू राजपूत, शिवशंकर राजपूत, शुभम निकुम, कृष्णा राजपूत, शिवदान सोलंकी, आनंद चौहान, लोकेश सोलंकी, राहुल राजपूत, सरदार राजपूत, कैलाश राजपूत, दीवान जी, रामनाथ ठाकुर, रवि कलाम, वीरेंद्र कलाम सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# वर्षों बाद जबलपुर को मिला पूर्ण नेतृत्वयुक्त विकास प्राधिकरण : लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह

## जबलपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



**समय जगत, जबलपुर।** जबलपुर विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष संदीप जैन एवं उपाध्यक्ष प्रशांत केशरवानी का शपथ ग्रहण एवं पदभार ग्रहण समारोह आज सिविक सेंटर स्थित वंदे मातरम चौक पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के मुख्य आतिथ्य में भव्य एवं गरिमामय स्वरूप में आयोजित किया गया। पूज्य संत जनों के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम में मध्यप्रदेश तीर्थ स्थान क्षेत्र एवं मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष विनोद गोटिया, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, सुशील कुमार तिवारी इंदु, डॉ अभिलाष पांडे, नीरज सिंह एवं संतोष वरकड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोंटिया, प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी परांजपे, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष राजकुमार पटेल, नगर निगम अध्यक्ष रिंकूज विज विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। शपथ एवं पदभार ग्रहण कार्यक्रम का शुभारंभ पूज्य संतों के मंत्रोच्चार एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात नाट्य लोक संस्था द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि जबलपुर विकास प्राधिकरण में लंबे समय बाद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष की नियुक्ति हुई है, जो शहर के विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल एवं शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने ऐसे कार्यकर्ताओं पर विश्वास व्यक्त किया है, जिनकी जनसेवा एवं संगठनात्मक प्रतिबद्धता सर्वविदित है। भारतीय जनता पार्टी में कार्यों के मूल्यांकन की एक पद्धति है और उसी के आधार पर नेतृत्व मूल्यांकन करता है।

# सांदीपनि विद्यालय पांढुरना के समर कैम्प का भव्य समापन




**समय जगत, पांढुरना।** विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से सांदीपनि विद्यालय पांढुरना में आयोजित समर कैम्प का भव्य समापन बुधवार को सम्पन्न हुआ। यह समर कैम्प 1 मई से 14 मई 2025 तक आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय के लगभग 130 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। समर कैम्प के दौरान विद्यार्थियों को टीम वर्क, समस्या समाधान, रचनात्मक एवं भावनात्मक बुद्धिमत्ता, सृजनशीलता और कला कौशल का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही शतरंज, कराटे, बैडमिंटन, वॉलीबॉल एवं योग जैसी खेल गतिविधियों का अभ्यास भी कराया गया। संगीत, शिल्प एवं नृत्य जैसी रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने का अवसर मिला। कैम्प के दौरान विद्यार्थियों ने घर से दूर रहकर आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास, समय प्रबंधन, नेतृत्व क्षमता एवं समस्याओं के समाधान जैसी जीवनोपयोगी कलाओं को सीखा। बच्चों ने आपसी सामंजस्य, अनुशासन एवं सकारात्मक वातावरण में रहना भी सीखा।

समर कैम्प के सफल संचालन में शिक्षक श्री जितेन्द्र तिजारे, श्री खेलसिंह मरकाम एवं श्री प्रितम खोडे का विशेष सहयोग रहा। समापन समारोह की अध्यक्षता वार्ड पार्षद सचिन बागडे ने की। इस अवसर पर उनके द्वारा प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित व्यायाम एवं संतुलित भोजन के महत्व के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम में एच. बी. हांडे, योगीराज वानोडे एवं स्मिता पात्रीकर विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य सी.एस. बरेठ ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अभिजीत वर्मा रहे पहले स्थान पर

**समय जगत, इटारसी।** जीनियस प्लानेट स्कूल के विद्यार्थियों के परिणाम में अभिजीत वर्मा 88.4 प्रति., ख्याति वर्मा 85.4 प्रति., प्रभजोत सिंह सैनी 85.2 प्रति., श्रद्धा पटेल 84.8 प्रति., अक्षत यादव 81 प्रति. प्राप्त कर अपने माता-पिता एवं संस्था का नाम रोशन किया हैद्य स्कूल के अन्य विद्यार्थी प्रथम डिविजन में उत्तीर्ण हुए हैंद्य सभी सफल विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर स्कूल डायरेक्टरद्व जाफर सिद्दीकी, मनीता सिद्दीकी, प्राचार्य ममता छिकारा तथा समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### दिया राज्यपाल को निमंत्रण, रादुविवि का 36वां दीक्षान्त समारोह जून में है प्रस्तावित



**समय जगत, जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय का 36वां दीक्षांत समारोह माह जून 2026 में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। इस संबंध में विगत दिवस माननीय कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा जी द्वारा व्यक्तिगत रूप से भेंट कर मध्यप्रदेश के माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री मंगुभाई पटेल को समारोह की अध्यक्षता हेतु आमंत्रण पत्र एवं आयोजन तिथि की सहमति हेतु पत्र सौंपा गया है एंव विश्वविद्यालय में तैयार अंगवस्त्र से राज्यपाल का आत्मीय स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि दीक्षान्त समारोह की तैयारियां व्यापक स्तर पर प्रारंभ कर दी गई हैं। कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा एवं कुलसचिव डॉ. रविशंकर सोनवाल तथा मुख्य समन्वयक प्रो. एस. एस. संधू की उपस्थिति में विगत दिवस विभिन्न समितियों के संयोजकों के साथ दीक्षान्त समारोह की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। जिसमें स्वर्ण पदक एवं उपाधि वितरण, मंच साज-सज्जा, बैठक व्यवस्था, स्मारिका, परिवहन, आमंत्रण कार्ड, जनसंपर्क एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही माननीय कुलगुरु प्रो. वर्मा ने माह मई 2026 में तैयारियों को अंतिम रूप देने पर जोर दिया ताकि राज्यपाल से दीक्षान्त समारोह के आयोजन की तिथि हेतु सहमति प्राप्त होने के उपरांत भव्यता के साथ सम्पन्न हो सके। इस बैठक में दीक्षांत समारोह के समिति के सदस्यगण प्रो. राकेश बाजपेयी, प्रो. सुरेन्द्र सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो. एस.के. दुबे, प्रो. जे.के. मैत्रा, सहायक कुलसचिव पवन साहू, डॉ. हरेकृष्ण पाण्डेय तथा ओमप्रकाश यादव आदि उपस्थित थे।

### टीकमगढ़ होकर चलाई जाए भोपाल -लखनऊ वंदे भारत ट्रेन : विकास यादव

**समय जगत, टीकमगढ़।** भोपाल से लखनऊ को चलाई जाने वाली प्रस्तावित वंदे भारत ट्रेन को ललितपुर, टीकमगढ़, खजुराहो, चित्रकूट, प्रयागराज होते हुए चलाये जाने की मांग को लेकर भाजपा नेता विकास यादव ने रेलवे के महाप्रबंधक और मंडल रेल प्रबंधक को पत्र लिखा है। पत्र में श्री यादव ने लिखा है कि जानकारी प्राप्त हुई है कि रेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा भोपाल से लखनऊ तक नई वंदे भारत ट्रेन को चलाए जाने का प्रस्ताव है तो इसमें मेरा अनुरोध है कि यदि भोपाल से लखनऊ को चलाई जाने वाली वंदे भारत ट्रेन को भोपाल से बीना-ललितपुर-टीकमगढ़- खजुराहो-महोबा चित्रकूट-प्रयागराज मार्ग से लखनऊ तक चलाया जाये तो विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल खजुराहो, भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट, विश्व के एकमात्र त्रिवेणी संगम प्रयागराज से राजधानी भोपाल की सीधी कनेक्टिविटी हो जाएगी। भोपाल से लखनऊ तक यह प्रस्तावित ट्रेन वीरांगना लक्ष्मी बाई झांसी मार्ग से 584 किलोमीटर का सफर तय करेगी और यदि इस ट्रेन को भोपाल से बीना ललितपुर टीकमगढ़-खजुराहो-महोबा-चित्रकूट-प्रयागराज मार्ग से लखनऊ तक चलाया जाये तो 886 किलोमीटर का सफर तय करेगी जो वंदे भारत ट्रेन के लिये ज्यादा नहीं है। ट्रेन के इस मार्ग से चलने से भोपाल के साथ-साथ बुंदेलखण्ड अंचल के धर्मप्रेमियों, पर्यटकों एवं आमआदमी को भी बेहतर रेल सेवा का लाभ मिल सकेगा। श्री यादव ने उम्मीद जताई है कि बुंदेलखंड अंचल के लोगों की इस मांग के समर्थन में रेलवे द्वारा आवश्यक रूप से सकारात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# जैसवानी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल नगर को हुआ समर्पित

**समय जगत, इटारसी।** ईश्वर का धन्यवाद है कि उन्होंने मुझे इस काबिल बनाया, जिससे में लोगों की सेवा कर सकूं। मेरे माता पिता ने मुझे चिकित्सक बनने के लिए प्रेरित किया और मेरे पूरे परिवार ने हर कदम पर मेरा साथ दिया। मेरे अस्पताल के सभी साथी स्टाफ की मेहनत और साथ का परिणाम है जो आज ये सपना सच हो रहा है। सबसे ज्यादा में अपने मरीजों को धन्यवाद दूंगा, जिन्होंने पिछले 32 वर्षों से मुझ पर भरोसा बनाए रखा। इस नवीन अस्पताल के शुभारंभ पर में सिर्फ इतना ही कहूंगा कि मैं, मेरा परिवार और हमारा पूरा स्टाफ ये भरोसा हमेशा बनाएं रखेंगे। उक्त बातें भावविभोर मन से बुधवार को जैसवानी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के शुभारंभ अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ केएल जैसवानी ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कही।

बुधवार को इटारसी के नागरिकों का बहुप्रतीक्षित जैसवानी अस्पताल भव्य समारोह पूर्वक गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में नगर को समर्पित हो गया। उद्घाटन कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मप्र तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पंकज चौरे, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ आर दयाल, , जिलाध्यक्ष कांग्रेस शिवाकांत पांडेय गुड्डन सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक, राजनीतिक व्यक्तियों एवं नागरिकों की उपस्थिति में फीता काटकर अस्पताल का शुभारंभ हुआ।

आयोजन में संबोधित करते हुए पीयूष शर्मा ने कहा कि इटारसी जैसे छोटे शहर में पैसे कमाने के लिए नहीं, बल्कि समाज सेवा करने के लिए डॉ जैसवानी ने यहां इतना बड़ा अस्पताल खड़ा किया है। नहीं तो ये ओर इनके बच्चे बड़े शहर में जाकर भी इतना खर्चा कर सकते थे लेकिन इन्होंने गृह नगर में सेवा को चुना। नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि मरीजों को जिन सुविधाओं के लिए भोपाल जाना पड़ता था, अब वो इटारसी शहर में उपलब्ध रहेगी। डॉ जैसवानी से लाभान्वित हजारों मरीजों की दुआओं का असर है जो आज इटारसी शहर को यह सौगात मिली है। भविष्य में होने वाली आकस्मिक घटना, दुर्घटना और परिस्थितियों से निपटने के लिए जैसवानी अस्पताल संजीवनी साबित होगा।

कार्यक्रम में संबोधित करते हुए आईएमए के अध्यक्ष डॉ आर दयाल ने कहा कि आज सिर्फ बिल्डिंग का उद्घाटन नहीं, विज्ञान और मानवता का उद्घाटन है। एक चिकित्सक के रूप में डॉ जैसवानी का कार्य और जीवन हमेशा समाज के लिए आदर्श और प्रेरणादाई रहा है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार और समाजसेवी प्रमोद पगारे ने कहा कि इटारसी में डॉ जैसवानी का चिकित्सकीय कार्य हमेशा से ही गरीबों और जरूरतमंदों को समर्पित रहा है। सिंध प्रांत से आए सिंधी समाज में उन्होंने अपना नाम सकारात्मक कार्यों से प्रख्यात किया है। उनकी अगली पीढ़ी भी उसी संस्कार और व्यवहार से सिंचित है। शहर की इतनी बड़ी सौगात देने के लिए पूरे परिवार को बधाई।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगर के चिकित्सक, जनप्रतिनिधी, राजनीतिक हस्तियां, स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार, सिंधी समाज सहित अन्य समाजों के प्रतिनिधि सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# नीट पेपर लीक मामले को लेकर भाराछास ने किया प्रदर्शन



**ब्यावरा।** विधानसभा अंतर्गत गादिया ब्लॉक के मलावर नगर में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ द्वारा नीट घोटाले, पेपर लीक एवं छात्रों के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ के विरोध में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। विधानसभा अध्यक्ष ईश्वर गुर्जर व नगर अध्यक्ष सुभाष यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शिक्षा मंत्री एवं चेयरमैन का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

विरोध प्रदर्शन के पश्चात तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर नीट घोटाले की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर सख्त कार्रवाई एवं छात्रों के भविष्य की सुरक्षा की मांग की गई।

इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार जाट, जनपद सदस्य विष्णु गुर्जर, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश दांगी, हनुमत गुर्जर, भगवान सिंह गोस्वामी, मंडलम अध्यक्ष महेश जी, युवा कांग्रेस नगर अध्यक्ष राहुल नाथ, हेमराज ठाकुर, रोशन भिलाला, विधानसभा सचिन राजू, पवन, बबलू, रवि, अजय, अरुण, अर्जित, अजीत, हरिओम, पवन रिस्की, भूरा, नैतिक, सुमेर, अभिषेक, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र एवं युवा कार्यकर्ताओं ने छात्र हितों की लड़ाई लगातार जारी रखने का संकल्प लिया।

# सुठालिया ब्लाक के मंडलम अध्यक्ष घोषित, राधेश्याम लोधी कांग्रेस के मंडलम अध्यक्ष नियुक्त



**सुठालिया।** हाल ही में जारी की गई सुठालिया ब्लाक कांग्रेस के मंडलम अध्यक्ष की सूची में सुठालिया निवासी राधेश्याम लोधी को मंडलम अध्यक्ष मनोनीत किया है। उनकी नियुक्ति पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पूर्व मंत्री विधायक जयवर्धन सिंह की सहमति से जिला कांग्रेस के अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची ने की हे लोधी को मंडलम अध्यक्ष बनाए जाने से स्थानीय कांग्रेस नेताओं पदाधिकारी का कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त कर कांग्रेस के वरिष्ठ नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। वही खनोटा में पूर्व सरपंच पर्वत सिंह सोंधीया मऊ में चंदर सिंह बिसोनिया में ओम प्रकाश गुजर टोडी में शिवराज सिंह पवार सालेपुर में अनार सिह सोधिया नापानेर में संजय बिकावत गिंदौर हाट में प्रहलाद सिंह यादव को मंडलम अध्यक्ष नियुक्त किया हे।

# प्रतिभा सम्मान समारोह: मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान, मार्गदर्शन और नवाचार का भव्य संगम



**गुना।** क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना द्वारा जिले के मेधावी विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन, व्यक्तित्व विकास एवं उनके उज्ज्वल भविष्य को समर्पित एक भव्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम ÷प्रतिभा सम्मान समारोह÷ का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में गुना जिले के कक्षा 12वीं के टॉपर्स एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान कर उनकी अथक मेहनत, अनुशासन और प्रतिभा की मुक्त कंठ से सराहना की गई।

यह आयोजन केवल सम्मान समारोह तक सीमित नहीं रहा, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास को केंद्र में रखते हुए उन्हें आधुनिक शिक्षा, तकनीक एवं करियर संभावनाओं से परिचित कराने का एक अभिनव प्रयास भी बना। विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के लिए विशेष करियर गाइडेंस सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षा के अवसरों और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही विद्यार्थियों की रुचि, क्षमता एवं व्यक्तित्व को समझने के उद्देश्य से साइकोलॉजिकल एप्टीट्यूड एवं काउंसलिंग टेस्ट भी आयोजित किए गए।

कार्यक्रम का सबसे आकर्षक केंद्र विश्वविद्यालय की अत्याधुनिक AI एवं Innovation Lab रही, जहाँ विद्यार्थियों को xD Printing, Virtual Reality (VR), Artificial Intelligence आधारित तकनीकों तथा भविष्य की उभरती हुई वैज्ञानिक संभावनाओं से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह के साथ इन तकनीकों का अनुभव किया और विश्वविद्यालय की आधुनिक शैक्षणिक दृष्टि की सराहना की। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों के लिए ड्रोन ट्रेनिंग एवं लाइव डेमो का विशेष प्रदर्शन भी आयोजित किया गया, जिसने युवाओं में तकनीकी नवाचार के प्रति नई जिज्ञासा और उत्साह उत्पन्न किया।

कार्यक्रम में गुना जिले के टॉप 3 विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उन्हें प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी एवं नगद पुरस्कार प्रदान कर उनकी उपलब्धियों को गौरवान्वित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के चेहरों पर गर्व और प्रसन्नता स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही थी।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु महोदय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने प्रेरणादायी एवं दूरदर्शी संबोधन में उन्होंने कहा कि आज सम्मानित हो रहे ये विद्यार्थी केवल अपने परिवार की ही नहीं, बल्कि पूरे गुना जिले की आशा, ऊर्जा और भविष्य की पहचान हैं। इनकी सफलता यह प्रमाणित करती है कि परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से कोई भी ऊंचाई प्राप्त की जा सकती है। आने वाले समय में यही युवा अपने ज्ञान, नवाचार और चरित्र के माध्यम से गुना का नाम राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर गौरवान्वित करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल अंक अर्जित करना नहीं, बल्कि ऐसा व्यक्तित्व निर्माण करना है जो समाज और राष्ट्र को नई दिशा दे सके। कुलगुरु महोदय ने विद्यार्थियों को तकनीक, नैतिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व के संतुलन के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। उनका ओजस्वी संबोधन उपस्थित विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के लिए अत्यंत प्रेरणादायी रहा। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव महोदय ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युवा केवल रोजगार पाने वाला नहीं, बल्कि भविष्य का नेतृत्व करने वाला वर्ग है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखने, नवाचार अपनाने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी साझा की।

# पीएम मित्र पार्क के विकास कार्यों की समीक्षा जून 2027 तक अधोसंरचना पूर्ण करने का लक्ष्य

## वस्त्र मंत्रालय की सचिव नीलम शमी राव ने किया निरीक्षण, रेल कनेक्टिविटी और स्किल डेवलपमेंट पर जोर



**समय जगत, धार।** जिले के भैंसोला में विकसित हो रहे पीएम मित्र पार्क का गुरुवार को वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार की सचिव श्रीमती नीलम शमी राव ने दौरा कर प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों का भौतिक निरीक्षण किया और अधिकारियों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यकारी संचालक, एमपीआईडीसी श्री हिमांशु प्रजापति ने बताया कि राज्य शासन की प्रतिबद्धता के अनुसार पार्क की सीमा तक सड़क, पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं के विकास कार्य लगभग पूर्ण हो चुके हैं, जिन पर अब तक करीब 88 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। वहीं, आंतरिक अधोसंरचना और मोबिलाइजेशन कार्यों पर लगभग 76 करोड़ रुपये व्यय किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अब तक 10 किलोमीटर से अधिक सड़कों का निर्माण, जल शोधन एवं सप्लाई सिस्टम, विद्युत कार्य और सब स्टेशन जैसी सुविधाएं विकसित की जा चुकी हैं। सभी बुनियादी अधोसंरचनाओं को जून 2027 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। निरीक्षण के दौरान सचिव श्रीमती राव ने निर्देश दिए कि उद्योगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कच्चे माल (कपास) और कुशल श्रमिकों की उपलब्धता के लिए अभी से तैयारी शुरू की जाए। साथ ही निवेशक कंपनियों को अपनी उत्पादन लाइन स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने परिवहन लागत कम करने के लिए पार्क तक रेलवे कनेक्टिविटी विकसित करने पर भी जोर दिया और इस संबंध में आवश्यक प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजने के निर्देश दिए। इसके अलावा, पार्क में टेक्सटाइल आधारित पाठ्यक्रमों के साथ एक आईटीआई स्थापित करने, ईएसआईसी अस्पताल और आर एंड डी सेंटर विकसित करने के भी निर्देश दिए गए, ताकि उद्योगों को बेहतर सुविधा मिल सके। सचिव ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और गति की नियमित मॉनिटरिंग, ड्रोन और फोटोग्राफी के माध्यम से रिकॉर्ड संधारण तथा समय-समय पर ऑडिट कराने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर कलेक्टर श्री राजीव रंजन, एमपीआईडीसी के वरिष्ठ अधिकारी, नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के प्रतिनिधि, निर्माण एजेंसी और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट टीम उपस्थित रही।

# मेक्रो विज़न एकेडमी ने रचा नया इतिहास, शिक्षा में उत्कृष्टता की मिसाल मेक्रो विज़न एकेड़मी



**समय जगत, बुरहानपुर।** सी. बी. एस. ई. ने सोमवार को कक्षा 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया जिसमें मेक्रो विज़न एकेडमी, बुरहानपुर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। एकेडमी के प्राचार्य श्री जसवीर सिंह परमार ने जानकारी दी कि 53 छात्र ऐसे है जिनके अंक 90 प्रतिशत से अधिक है और 212 ऐसे छात्र हैं जिनके अंक 80 प्रतिशत से अधिक है। जो अपने आप में एक कीर्तिमान है। वाणिज्य संकाय की सुहानी साहु 97 प्रतिशत, मंयक रामचंदानी 94.2 प्रतिशत, अनन्या राठौर 93.6 प्रतिशत, अनुज कुमार पटेल 92.6 प्रतिशत, प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार विज्ञान संकाय में ओजस अग्रवाल 96 प्रतिशत, अदिती अग्रवाल 94.2 प्रतिशत, आशुतोष पवार 93.6 प्रतिशत, उत्कृष्ट अग्रवाल 93.4 प्रतिशत, तनिष्का पटेल 92.8 प्रतिशत, जव्वाद खान 92.4 प्रतिशत, लावाण्या धारे 92.2 प्रतिशत, पंशुल पाटिदार 92.2, प्रतिशत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी के साथ जीव-विज्ञान संकाय में मौलीश्री जैन 93.4 प्रतिशत, श्रेया अग्रवाल 93.4 प्रतिशत, अनन्या जैन 92.8 प्रतिशत, सृष्टी चुगवानी 92.8 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार इसी के साथ जीव-विज्ञान में आदि नेमा, ने 100 मे से 100 अंक प्राप्त किये और इसी प्रकार वाणिज्य संकाय में लेखाशास्त्र में सुहानी साहु ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किये। मेक्रो विज़न एकेड़मी के संचालक श्री आनंद प्रकाश चौकसे, श्रीमती मंजूषा चौकसे, श्री कबीर चौकसे, श्रीमती देवाषीं चौकसे, कु.अंतरा चौकसे, प्राचार्य श्री जसवीर सिंह परमार, उप प्राचार्या श्रीमती मोनिका अग्रवाल, श्री विजय सुखवानी, डॉ. संतोष सिलोरिया, डॉ. अरूण शर्मा, श्रीमती विभा जेटली, श्रीमती शीतल पोपली, श्रीमती प्रतिभा नायर के साथ-साथ एकेडमी के समस्त स्टॉफ ने विद्यार्थियों को इस सफलता हेतु हार्दिक बधाई दी।

# पत्रकारों और पार्क प्रबंधन के बीच बनी सहमति, नौ दिन से चल रहे धरने पर लगा विराम, 14 सूत्रीय मांगों पर सौंपा ज्ञापन

**मण्डला।** विगत नौ दिनों से पत्रकारों का चल रहा धरना प्रदर्शन बुधवार को समाप्त हुआ। कान्हा प्रबंधन और पत्रकारों के बीच लगभग 2 घंटे चली चर्चा के बाद 14 सूत्रीय मांगो में से अनेक मांगो को पूर्ण किए जाने के बाद धरना समाप्ति की अधिकाधिक घोषणा की गई। पत्रकार कलेक्ट्रेट मार्ग में धरना दे रहे थे बुधवार को कान्हा टाईगर रिजर्व कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया जहां पर 14 बिन्दुओं की जानकारी से प्रबंधन को अवगत कराया गया। इस बैठक में फील्ड डायरेक्टर (प्रबंधक) रविन्द्र मणि त्रिपाठी, डिप्टी डॉयरेक्टर पीके वर्मा, सहायक संचालक आशीष पांडे मुख्य रूप से उपस्थित रहे। यहां पर पत्रकारों ने अपनी-अपनी बातें रखते हुए सवाल किए जिसका समाधान किया गया।



**पत्रकारों की प्रमुख मांगें:** धरना दे रहे पत्रकारों ने 14 प्रमुख मांगें प्रशासन और कान्हा प्रबंधन के सामने रखी हैं। इनमें सबसे प्रमुख मांग यह है कि पत्रकारों के पांच सदस्यीय दल को प्रत्येक माह एक बार कान्हा पार्क की मॉनिटरिंग कराई जाए ताकि मीडिया स्वयं जमीनी स्थिति देख सके और सही जानकारी जनता तक पहुंचा सके। पत्रकारों ने आरोप लगाया कि कई बार कान्हा प्रबंधन मीडिया को अधूरी या गलत जानकारी उपलब्ध कराता है। इसलिए दूसरी प्रमुख मांग यह रखी गई है कि यदि पत्रकारों को गलत जानकारी दी जाती है तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाए। आंदोलनकारियों ने कान्हा के अंदर किए जा रहे पक्के निर्माण कार्यों पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि पार्क के भीतर होटल, रिसॉर्ट और अन्य स्थायी निर्माण पर्यावरणीय संतुलन को प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि कान्हा के अंदर बने सभी पक्के निर्माण कार्यों की जांच कर उन्हें हटाया जाए।

**अतिक्रमण रिसॉर्ट संस्कृति पर सवाल:** पत्रकारों ने कान्हा के तीनों प्रमुख गेटों के आसपास बढ़ रहे अतिक्रमण को भी गंभीर मुद्दा बताया है। उनका कहना है कि पार्क के आसपास अनियंत्रित व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं जिससे वन क्षेत्र प्रभावित हो रहा है। मांग की गई है कि सभी अवैध अतिक्रमण तत्काल हटाए जाएं। इसके अलावा रिसॉर्ट्स में देर रात तक डीजे, आतिशबाजी और शादी समारोह आयोजित किए जाने का मुद्दा भी आंदोलन का हिस्सा बना हुआ है। पत्रकारों का कहना है कि इससे वन्यजीवों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। तेज ध्वनि और रोशनी के कारण जानवरों का प्राकृतिक व्यवहार प्रभावित होता है। इसलिए पार्क क्षेत्र में डीजे, आतिशबाजी और विवाह समारोहों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है। धरना प्रदर्शन में शामिल लोगों ने यह भी मांग रखी कि कान्हा क्षेत्र को पूरी तरह मांसाहार मुक्त घोषित किया जाए।

**स्टाफ को बदलने की मांग:** पत्रकारों ने कान्हा प्रबंधन के पूरे स्टाफ को बदलने की मांग भी उठाई है। उनका आरोप है कि वर्तमान व्यवस्था में पारदर्शिता की कमी है और कई मामलों में जिम्मेदार अधिकारी अपनी जवाबदेही से बचते नजर आते हैं। आंदोलनकारियों का कहना है कि यदि नए अधिकारियों की नियुक्ति होती है तो प्रबंधन में सुधार संभव हो सकेगा। धरने में शामिल पत्रकारों ने पिछले पांच वर्षों के बजट और खर्च का पूरा विवरण सार्वजनिक करने की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि वन्यजीवों की सुरक्षा, तकनीकी उपकरणों, भोजन, चिकित्सा व्यवस्था और अन्य संसाधनों पर कितनी राशि खर्च हुई, इसकी जानकारी सार्वजनिक की जानी चाहिए।

# विधायक प्रताप ग्रेवाल द्वारा संदला में गेहूं उपार्जन केन्द्र का किया गया निरीक्षण



**अमझेरा।** सरदारपुर विधायक प्रताप ग्रेवाल ने गुरूवार को संदला वेयर हाउस पर राजोद एवं संदला सहकारी संस्था के गेहूं उपार्जन केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। विधायक ग्रेवाल ने औचक निरीक्षण के दौरान केन्द्र पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और किसानों से गेहूं उपार्जन के संबंध में विस्तृत चर्चा की। चर्चा के दौरान जानकारी मिली कि जिन किसानो को 7 मई को गेहु तुलाई का टोकन प्राप्त हुआ है उनके गेहूं की भी तौल कांटे एवं हम्माल मे कमी होने की वजह से तुलाई नहीं हुई। जिसके कारण किसानो को प्रतिदिन 1 हजार रूपये प्रति ट्रैक्टर भाड़ा लग रहा है, जिससे किसानो को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानो की समस्या हल करने के लिए विधायक प्रताप ग्रेवाल द्वारा नायब तहसीलदार प्रशस्तिसिंह जमरा, सरदारपुर वेयर हाउस प्रभारी मुकेश मित्तल, गेहूं उपार्जन केन्द्र प्रभारी दिलीप वैष्णव को तौल कांटों, हम्माल एवं वारदानों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। किसानों द्वारा उपार्जन केन्द्र पर पानी एवं बैठक व्यवस्था सुचारू रूप से नहीं होने की समस्या भी विधायक प्रताप ग्रेवाल को बताई। जिस पर विधायक ग्रेवाल ने संबंधित अधिकारियो को व्यवस्था मे सुधार करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्रसिंह राठौर, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष अरविंद जाट, सेवादल कांग्रेस के भारत वीर, मोहित जाट, श्रवण जाट, जयंतीलाल जाट, राहुल जाट आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मछली पालन क्षेत्र में निवेश और केज स्थापना के लिए आवेदन 7 जून तक आमंत्रित

**समय जगत, रतलाम।** सहायक संचालक मत्स्योधोग ने बताया कि म.प्र. शासन एकीकृत मत्स्योघोग नीति 2026 के तहत जिला पंचायत एंव निकाय में 100 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र वाले जलाशयो और मत्स्य महासंघ के चयनित जलाशयो मे केज स्थापना के लिए हितग्राहीयो और समितियो के लिए अनुदान सहायता दी जा रही है। पात्र हितग्राहीयो को उनकी पात्रता के अनुसार 40 से 60 प्रतिशत तक की सब्सिडी प्रदान की जाएगी। जिसमे प्रति हितग्राही अधिकतम 18 केज अथवा 1800 घन मीटर तथा प्रति समिति/संस्था के लिए अधिकतम 72 केज अथवा 7200 घनमीटर (3.00 लाख प्रति केज/रू 3000 प्रति घन मीटर) की सीमा निर्धारित की गई है। व्यक्तिगत और संस्थाए इस योजना का लाभ लेने के लिए 07 जून तक अपने जिले के मत्स्योघोग विभाग या क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय मे आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। अधिक जानकारी विभाग की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त कर सकते है।

### आशा, एएनएम एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना में होगा पंजीयन

**समय जगत, रतलाम।** सहायक श्रम पदाधिकारी श्री सुधीश ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आशा कार्यकर्ता एवं एएनएम वर्कर तथा महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं का प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना (पीएमएसवायएम) में पंजीयन कर सकते है। यह योजना भारत सरकार की महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना है। योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु के ऐसे कर्मचारी पात्र होंगे जिनकी मासिक आय 15 हजार रुपये से कम हो, जो आयकर दाता न हों तथा कर्मचारी भविष्य निधि, राज्य कर्मचारी बीमा या राष्ट्रीय पेंशन योजना के सदस्य न हों। योजना के तहत हितग्राहियों को आयु के अनुसार 55 रुपये से 200 रुपये तक मासिक अंशदान जमा करना होगा। हितग्राही द्वारा जमा की जाने वाली राशि के बराबर अंशदान केंद्र सरकार द्वारा भी जमा किया जाएगा। योजना में शामिल हितग्राहियों को 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 3000 रुपये प्रतिमाह की सुनिश्चित पेंशन प्रदान की जाएगी। हितग्राही की मृत्यु होने पर उसके पति या पत्नी को 1500 रुपये प्रतिमाह पेंशन मिलेगी। जिले के सभी विभागों में कार्यरत पात्र कर्मचारियों का प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना में पंजीयन कराया जाएगा ताकि उन्हें भविष्य में वृद्धावस्था पेंशन का लाभ प्राप्त हो सके।

### जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने में जुटा जन अभियान परिषद



**समय जगत, मण्डीदीप।** प्रदेशभर में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान को जनआंदोलन बनाने के उद्देश्य से जन अभियान परिषद द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मंडीदीप के वार्ड क्रमांक 18 में जल संरक्षण एवं जागरुकता अभियान को लेकर विस्तृत परिचर्चा आयोजित की गई, जिसमें नागरिकों, युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में जल संरक्षण का संदेश देते हुए लोगों को जल बचाने और पारंपरिक जल स्त्रोतों के संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक कल्याण सिंह राजपूत ने कहा कि जल ही जीवन है, जल है तो कल है केवल एक नारा नहीं बल्कि आने वाले समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि अभी से जल संरक्षण को लेकर गंभीर प्रयास नहीं किए गए तो भविष्य में जल संकट विकराल रूप ले सकता है। उन्होंने कहा कि हमारी नदियां और जल स्रोत पृथ्वी की जीवन रेखा हैं, जिनका संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्राचीन समय में राजा भोज, सम्राट विक्रमादित्य और लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जैसे शासकों ने कुएं, तालाब, बावड़ियां और जल संरचनाएं बनवाकर जल संरक्षण की मजबूत परंपरा विकसित की थी। आज आवश्यकता है कि उन्हीं परंपराओं को पुनर्जीवित किया जाए। गांवों और शहरों में पुराने जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार कर वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देना समय की मांग है। राजपूत ने बताया कि गुड़ी पड़वा से गंगा दशहरा तक प्रदेश में 139 दिवसीय जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत प्रदेशभर में जल स्त्रोतों के संरक्षण, साफ-सफाई, गहरीकरण, पौधारोपण और जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। नगर विकास समिति के अमित जैन ने कहा कि मध्यप्रदेश नदियों का मायका है, जहां से 250 से अधिक नदियां निकलती हैं। मां नर्मदा का जल केवल मध्यप्रदेश ही नहीं बल्कि अन्य राज्यों के लिए भी जीवनदायिनी धारा बनकर बह रहा है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ा की समस्याओं को लेकर कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

# अस्पताल गेट पर नारेबाजी, मरीजों की समस्याओं एवं भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**समय जगत, बोड़ा।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के ब्लॉक कांग्रेस एवं नगर कांग्रेस के नेतृत्व में बुधवार को बोड़ा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में व्याप्त समस्याओं को लेकर अस्पताल के मुख्य गेट पर धरना-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। धरने के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए डॉक्टरों की कमी, दवाइयों के अभाव, मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिलने तथा भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। इसके बाद कांग्रेस नेताओं ने कलेक्टर के नाम डॉ. सिमरन नकवाल को ज्ञापन सौंपकर अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार की मांग की। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ा में मरीजों को मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। डॉक्टर समय पर अस्पताल नहीं पहुंचते, जिससे मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीज सुबह से पर्ची बनवाकर डॉक्टरों का इंतजार करते रहते हैं, लेकिन कई बार बिना इलाज के ही वापस लौटना पड़ता है। ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने उल्लेख किया कि नरसिंहगढ़ विधानसभा का प्रमुख नगर होने तथा आसपास के अनेक गांव जुड़े होने के कारण बोड़ा-पचोर क्षेत्र में लोगों की आवाजाही अधिक रहती है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचते हैं, लेकिन अस्पताल की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया गया तो कांग्रेस बड़ा आंदोलन करेगी।



**दवाइयों की कमी से परेशान मरीज:** धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने अस्पताल में दवाइयों की भारी कमी का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। मरीजों एवं उनके परिजनों का कहना है कि अस्पताल में अधिकांश आवश्यक दवाइयां उपलब्ध नहीं रहतीं, जिसके कारण उन्हें निजी मेडिकल स्टोर्स से महंगी दवाइयां खरीदनी पड़ती हैं। इसका सबसे अधिक असर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर पड़ रहा है।

**सामान्य मरीजों को भी किया जा रहा रेफर:** कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि अस्पताल में सामान्य मरीजों को भी बिना पर्याप्त जांच के बड़े अस्पतालों के लिए रेफर किया जा रहा है। आरोप है कि पैसे नहीं देने वाले मरीजों को गंभीर बताकर राजगढ़ या भोपाल रेफर कर दिया जाता है, जबकि परिचित या साठगांठ वाले मरीजों का इलाज स्थानीय स्तर पर ही कर दिया जाता है। नेताओं ने विशेष रूप से मैटरनिटी वार्ड की स्थिति पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि बिना पैसे के सामान्य प्रसव तक नहीं किए जाते।

### कांग्रेस की प्रमुख मांगें

अस्पताल में सभी आवश्यक दवाइयों की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।


मरीजों को बाहर से दवाइयां खरीदने के लिए मजबूर न होना पड़े।

एम्बुलेंस सेवा को सुचारु किया जाए एवं डॉक्टरों तथा स्टाफ की कमी दूर की जाए।

अस्पताल परिसर में फैली गंदगी समाप्त कर नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए।

मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराया जाए।

# मोंटफोर्ट विद्यालय का परीक्षाफल रहा सराहनीय, 97.3 प्रतिशत विद्यार्थी हुए सफल




**मण्डला।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा हाल ही में घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में मोंटफोर्ट विद्यालय का प्रदर्शन सराहनीय रहा। विद्यालय का कुल परीक्षाफल 97.3 प्रतिशत दर्ज किया गया। इस वर्ष कुल 114 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 111 विद्यार्थी सफल रहे। विद्यालय की छात्रा आयुष्मा साहू ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं प्रशा झरिया ने 89.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा पर्ल सैयाम ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के संस्था प्रमुख ब्रदर बिनु चेरियन ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने इस उत्कृष्ट परिणाम के लिए शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए सभी शिक्षकों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। इसी अवसर पर विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में संस्था प्राचार्य द्वारा विद्यालय के प्रथम 10 मेधावी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों और अभिभावकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

# प्राचार्य ने परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र- छात्राओं को दी बधाई

**समय जगत, पचोर।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा कक्षा 12वीं परिणाम में प्रो. संतोष मित्तल हॉ से स्कूल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले और नगर स्तर पर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। वाणिज्य संकाय में छात्रा एकता शर्मा ने 95प्रति. अंक प्राप्त कर राजगढ़ जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कृष्णा टांक ने 94.8प्रति अंक के साथ जिले में द्वितीय स्थान हासिल किया। विज्ञान संकाय में देवराज सांखला ने 92.4प्रति अंक के साथ पचोर नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में भी विद्यालय के छात्र देवेंद्र पाराशर ने 92प्रति अंक प्राप्त कर नगर में प्रथम स्थान अर्जित किया। विद्यालय का समग्र परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा। कुल 93 विद्यार्थियों में से 79 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी एवं 4 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की। इस अवसर पर विद्यालय के मुख्य प्रबंधक संजय सोनी ने





सफलता का श्रेय समर्पित शिक्षक, मेहनती विद्यार्थी और विश्वास से भरा वातावरण को दिए। प्राचार्या मनिता पोखरना ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का प्रतिफल है। विद्यालय प्रबंधन से विनोद राठी, गोपाल गोयल एवं सत्यनारायण गुप्ता ने भी विद्यार्थियों को बधाई दी। साथ ही समस्त शिक्षकगण ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की सफलता ही विद्यालय की सच्ची पहचान है, और यह उपलब्धि आने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनेगी।

## मक्का नीलामी मामले में कृषकों ने कहा

# उपज के भारी जमावड़े से बढ़ेगी अव्यवस्था

**समय जगत, खिरकिया।** कृषि उपज मंडी में इन दिनों मक्का सीजन पूरे उफान पर है। किसान बड़ी मात्रा में अपनी उपज लेकर मंडी पहुंच रहे हैं, लेकिन इसी बीच मंडी सचिव द्वारा जारी एक आदेश ने किसानों, व्यापारियों और हम्मालों के बीच चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है। जारी आदेश में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि दिनांक 14 एवं 15 मई को हम्मालों की कमी के कारण मक्का फसल की नीलामी कार्य बंद रहेगा। सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो रहा है कि जब मंडी में गेहूं, चना एवं अन्य फसलों की नीलामी पूर्ववत जारी रहेगी, तब केवल मक्का फसल के लिए ही हम्मालों की कमी कैसे उत्पन्न हो गई? किसानों का कहना है कि यदि वास्तव में हम्मालों की कमी है तो फिर सभी फसलों की नीलामी प्रभावित होना चाहिए, लेकिन केवल मक्का नीलामी पर रोक लगाना कई शंकाओं को जन्म दे रहा है। मक्का उत्पादक किसानों का कहना है कि वर्तमान समय मक्का विक्रय का सबसे महत्वपूर्ण दौर है। दूर-दराज़ गांवों से किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं अन्य वाहनों से उपज लेकर मंडी पहुंच रहे हैं। ऐसे समय में नीलामी रोक देना किसानों के लिए आर्थिक संकट खड़ा कर सकता है। किसानों का आरोप है कि यदि दो दिन तक नीलामी बंद रही तो मंडी परिसर में उपज का भारी जमावड़ा हो जाएगा, जिससे अव्यवस्था बढ़ेगी और किसानों को अतिरिक्त परिवहन, हम्माली एवं भंडारण खर्च उठाना पड़ेगा। वहीं कई किसानों ने आशंका जताई कि उपज खराब होने का खतरा भी बढ़ सकता है। मंडी सूत्रों के अनुसार मक्का की आवक इन दिनों अच्छी मात्रा में हो रही है और नीलामी प्रक्रिया बंद रहने से मंडी शुल्क के रूप में मिलने वाले राजस्व पर भी असर पड़ेगा। यदि दो दिन तक नीलामी नहीं हुई तो लाखों रुपये के राजस्व नुकसान की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। जब मंडी में फसल की आवक चरम पर हो, उस समय नीलामी रोकना प्रशासनिक दृष्टि से भी उचित निर्णय नहीं माना जा सकता। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंडी परिसर में यह चर्चा भी जोर पकड़ रही है कि मक्का नीलामी बंद रहने की स्थिति में कुछ व्यापारी किसानों की उपज को प्राइवेट तरीके से खरीदने का प्रयास कर सकते हैं। यदि ऐसा होता है तो किसानों को मंडी में मिलने वाले प्रतिस्पर्धात्मक भाव नहीं मिल पाएंगे और उन्हें कम कीमत पर फसल बेचने को मजबूर होना पड़ सकता है।

# खरीदी केंद्रों पर कृषकों को मिलें पर्याप्त सुविधाएं उपार्जन कार्य में रहे पारदर्शिता : हर्षल चौधरी

**समय जगत, सिलवानी।** अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) हर्षल चौधरी ने विकासखंड सिलवानी क्षेत्र के विभिन्न उपार्जन केंद्रों एवं वेयरहाउसों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा सोसायटी समितियों और वेयरहाउस संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम हर्षल चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा एवं उनकी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य है कि किसानों के अन्न का एक-एक दाना पूरी पारदर्शिता, नियम और सम्मान के साथ खरीदा जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तौल व्यवस्था, अनाज भंडारण, वेयरहाउस की स्थिति तथा किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने सोसायटी समितियों को कांटों की संख्या बढ़ाने तथा उनका समय-समय पर परीक्षण एवं सत्यापन कराने के निर्देश दिए, जिससे तौल प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे और किसानों को लंबे समय तक इंतजार न करना पड़े।



एसडीएम ने अनाज की समय पर डुलाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए, ताकि किसानों के भुगतान में किसी प्रकार की देरी न हो। निरीक्षण के दौरान कुछ छोटी-मोटी अनियमितताएं पाए जाने पर उन्होंने तत्काल सुधार के निर्देश देते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के आदेश भी दिए।

### सीबीएसई कक्षा 12वीं के नतीजे में ग्रेफाइट स्कूल की नैना महेश्वरी 97 प्रतिशत के साथ जिले में प्राप्त किया प्रथम स्थान



**समय जगत, मंडीदीप।** औधोगिक नगरी में सीबीएसई 12 के परीक्षा परिणाम घोषित हुए हैं। जिसमे मंडीदीप की बेटी नैना माहेश्वरी ने 97 प्रतिशत अंक हासिल करके स्कूल और परिवार का नाम रोशन किया है। नैना ग्रेफाइट स्कूल मंडीदीप में अध्ययन करती है और 97प्रतिशत अंक हासिल करके जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है नैना गल्ला व्यापारी नरेंद्र माहेश्वरी की बेटी है इस उपलब्धि से परिवार में हर्ष का माहौल बना हुआ है वही नैना का सपना है कि की वह पढ़ लिखकर जज बने और परिवार के साथ साथ जिले का मान बढ़ाये इनकी इस उपलब्धि पर परिवार के साथ साथ समाज में हर्ष का माहौल है और बधाईयों का सिलसिला जारी है सभी ने नैना के उज्जवल भविष्य की कामना की है। इसी के साथ ही विद्यालय के अथर्व भार्गव 93.6 प्रतिशत मानसी ठाकुर 93.4प्रतिशत तनुश्री सोनी 93.4प्रतिशत देवांग सिंह 93.2प्रतिशत सूर्य प्रताप शर्मा 93प्रतिशत सोनिया राजपूत 90.8प्रतिशत आर्यन चौकसे 90.4 प्रतिशत सौम्या मालवीय 90.2 प्रतिशत शुभी शुक्ला 90प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। नैना ने कक्षा दसवीं में प्रवीण सूची में स्थान प्राप्त किया था इस उपलब्धि पर बच्चों के अभिभावकों के साथ विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# श्री यादव ने आवेदनों के निराकरण के दिये निर्देश

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष में आयोजित जनसुनवाई में जिले के दूरदराज क्षेत्रों से आये हितग्राहियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान सामान्य जनसुनवाई में 283 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय.सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में कलेक्टर श्री यादव के समक्ष बालाकोट के किसान हुकुम सिंह ने आवेदन प्रस्तुत किया कि उन्होंने कृषि विभाग से बीज की दो थैली दो एकड़ बोने के लिये ली थी, उपज नहीं होने के कारण मुआवजा की मांग की जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। दमोह जिले के ग्राम देवरी जमादार की रहने वाली मनकोरा बाई पति स्व. सुखराम अठ्या ने पहनं 81 भूमि रकबा 0.48 रानिमं इमलिया में अपनी भूमि पर सिंचाई के लिये स्थाई पंप बिजली कनेक्शन करवाना चाहती हैंए इस पर कलेक्टर ने बिजली विभाग को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये। इसी प्रकार कस्तूरी बाई लोधी ग्राम देवरी जमादार ने भी अपनी खेती की भूमि पर स्थाई पंप, बिजली कनेक्शन करवाने के लिये आवेदन प्रस्तुत किया। श्रेयांस जैन उम्र 13 वर्ष ने अपनी टीसी दिलाने के लिये आवेदन प्रस्तुत किया कि वह बांसातारखेड़ा के केशव चिल्ड्रन स्कूल में पड़ता है, एक्सीलेंस स्कूल में नाम आ गया है टीसी बिना नाम नहीं लिखा जा रहा है। जनसुनवाई में 11 आधार अपडेशन एवं 145 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही जनसुनवाई के दौरान कुछ सामूहिक आवदेन भी दिए गए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, अपर कलेक्टर मीना मसराम, डिप्टी कलेक्टर आरएल बागरी, डिप्टी कलेक्टर रचना प्रजापति, लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# ब्लैक स्पॉट्स पर सड़क सुरक्षा सुदृढ़ीकरण हेतु पुलिस अधीक्षक का व्यापक निरीक्षण अभियान



**समय जगत, आगर मालवा।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाने तथा आमजन के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी द्वारा जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग ह्य-552त्न सहित विभिन्न चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स का विस्तृत निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण अभियान जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं संवेदनशील स्थलों पर आवश्यक सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा।

निरीक्षण के दौरान जिले में पूर्व से चिन्हित 04 ब्लैक स्पॉट्स की समीक्षा की गई, साथ ही दुर्घटना संभावित 02 नए ब्लैक स्पॉट्स को भी चिन्हित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि पूर्व में किए गए परिशोधन कार्यों को और अधिक प्रभावी, वैज्ञानिक एवं सुरक्षित बनाया जाए ताकि दुर्घटनाओं की संभावना न्यूनतम हो सके। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक ब्लैक स्पॉट पर सड़क इंजीनियरिंग, संकेतक व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था तथा वाहन गति नियंत्रण के सभी आवश्यक उपायों को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए।

पुलिस अधीक्षक ने गुंदी कला फंटा क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए वहाँ स्पीड ब्रेकर निर्माण एवं हाई मास्ट लाइट लगाए जाने हेतु निर्देशित किया, जिससे रात्रिकालीन दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। पीपलोंन फंटा पर निर्मित स्पीड ब्रेकर को और अधिक प्रभावी बनाने, यातायात नियंत्रण को बेहतर करने तथा पूरे क्षेत्र को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित तिराहे के रूप में विकसित करने के निर्देश भी दिए गए। इसी क्रम में ढोटी जोड़ राधास्वामी सत्संग पॉइंट तथा तहसील कार्यालय/सेंट्रल स्कूल के सामने विशेष सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, जिससे इन अत्यधिक आवागमन वाले क्षेत्रों में वाहन गति नियंत्रित की जा सके और आमजन, विद्यार्थियों एवं स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो। इसके अतिरिक्त छावनी चौराहा, डाक बंगला सुसनेर एवं खेतीखेड़ा क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, प्रभावी स्पीड कंट्रोल उपाय एवं अन्य संरचनात्मक सुधारों को तत्काल लागू करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि जनसहभागिता से ही पूर्ण रूप से सफल हो सकती है। इसी उद्देश्य से आमजन से अपील की गई कि वाहन चलाते समय निर्धारित गति सीमा का पालन करें, यातायात नियमों का पूर्णतः अनुसरण करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करें तथा सड़क सुरक्षा के प्रति सदैव सजग रहें।

निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय पुलिस अधिकारी आगर मोतीलाल कुशवाहा, ह्यढ्ढ मैनेजर संध्या टाले, कोतवाली थाना प्रभारी शशि उपाध्याय, सुसनेर थाना प्रभारी अक्षय सिंह बैस, सूबेदार जगदीश यादव, NHAI के इंजीनियर, संबंधित कॉन्ट्रैक्टर एवं अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सार संक्षिप्त

### एसडीएम न्यायालय में पक्षियों के लिये लगाये सकोरे



**समय जगत, उचेहरा ।** बढ़ती गर्मी को दखते हुये प्यासे परिंदो को पीने के लिए पानी की एस डी एम न्यायालय में सुविधा न्यायालय के रीडर जितेंद्र गुप्ता द्वारा की गई इसके कुछ दिन पूर्व और मिट्टी के सकोरा ( पानी के पात्र) लगाये गए थे निश्चय ही अनुविभागीय न्यायालय की यह सराहनीय पहल मानी जा रही है ।अगर समाज सेवियों द्वारा इस पहल पर अमल किया जाय तो प्यासे परिंदो ,जानवरो को गर्मी में पानी सहज रूप से मिल सकता है ।इस मौके पर पत्रकार अशोक ताम्रकार सहित कई समाज सेवी मौजूद रहे ।

### श्री संस्कार एकेडमी का रहा उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम




**समय जगत, आगर मालवा ।** सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में श्री संस्कार अकैडेमी, आगर का प्रदर्शन जिले के श्रेष्ठ परिणामों में शामिल रहा ।देशभर में जहां विद्यार्थियों की सफलता की चर्चा हो रही है, वहीं आगर नगर के विद्यार्थियों ने भी अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय एवं नगर का गौरव बढ़ाया है ।विद्यालय की छात्रा चेतना यादव ने पॉलिटिकल साइंस विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की ।वहीं सौम्या रविन्द्र जाधव ने आर्ट्स संकाय में 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया ।वाणिज्य संकाय में ज्योति बाबूलाल मालवीय ने 90.6 प्रतिशत अंक अर्जित करते हुए बैंकिंग विषय में 96 अंक प्राप्त किए ।इसी प्रकार मो. फुरकान कुरेशी ने इतिहास में 97 अंक, अनुभव पलोड़ ने अकाउंटेंसी में 95 अंक दिव्य लक्ष्य राठौड़ ने बिजनेस स्टडीज में 94 अंक, अंशिका श्रीवास्तव ने फिजिकल एज्युकेशन में 94 अंक तो ओजस्व अटल एवं सिद्धांत चौहान ने मार्केटिंग विषय में 93 अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की ।इसी प्रकार विद्यालय में विद्यार्थियों ने कुल 16 विषयों में परिक्षा दे उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नगर का गौरव बढ़ाया ।इस अवसर पर विद्यालय के संचालक डॉ. पंकज अटल ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का मिठाई खिलाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा सभी के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं ।विद्यालय की उप प्राचार्य रुचिका सोलंकी ने परीक्षा परिणाम की जानकारी प्रदान कर बताया की 59 छात्रों के प्रथम श्रेणी के साथ कुल 72 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए ।

### पीएम श्री नवोदय विद्यालय सुसनेर का कक्षा 12वीं सीबीएसई परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**आगर मालवा ।** पीएम श्री नवोदय विद्यालय सुसनेर ने सीबीएसई बोर्ड कक्षा 12वीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 97 प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त किया है। विद्यालय की इस उपलब्धि से विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों में हर्ष का वातावरण है। विद्यालय के प्राचार्य अखिलेश कुमार पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के अथक परिश्रम, अभिभावकों के विश्वास एवं सहयोग तथा संपूर्ण विद्यालय परिवार के समर्पण का परिणाम है ।उन्होंने विद्यालय के सभी अध्यापकों, कर्मचारियों, अभिभावकों एवं सहयोगी स्टाफ को इस शानदार उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सभी के निरंतर प्रयास एवं मार्गदर्शन से विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नए आयाम स्थापित कर रहा है ।विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल, सफल एवं स्वर्णिम भविष्य की मंगलकामनाएं व्यक्त की हैं ।

# कैंट थाना पुलिस की गांजा तस्करी की सूचना पर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही

## नशे पर गुना पुलिस का निरंतर प्रहारः आरोपी से 3.395 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद



**समय जगत, गुना।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल के कुशल नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री, तस्करी एवं इन गतिविधियों में संलिप्त माफियाओं पर सतत निगरानी रखते हुए निरंतर कार्यवाहियां की जा रही हैं । इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं सीएसपी गुना श्रीमती प्रियंका मिश्रा के पर्यवेक्षण में कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव और उनकी टीम द्वारा थानांतर्गत अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्रय की सूचना पर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए नश तस्कर गिरफ्तार किया गया है । गत दिनांक 13 मई 2026 की शाम कैंट थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि मालपुर रोड़ पर एक व्यक्ति प्लास्टिक के कट्टे में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर उसे बेचने की फिराक में रोड़ किनारे बैठा हुआ है । थाना क्षेत्र में गांजा सप्लाई की सूचना को पुलिस द्वारा गंभीरता से लेते हुए सूचना की तस्दीक व कार्यवाही हेतु कैंट थाने से तत्काल पुलिस की एक टीम रवाना हुई । टीम द्वारा बिना कोई देरी किए तुरंत मौके पर पहुंचकर देखा तो वहां पर मुखबिर के बताए हुलिए का एक व्यक्ति अपने साथ प्लास्टिक का कट्टा लिये हुए बैठा मिला, जिसे पुलिस फोर्स ने भागने का अवसर न देते हुए घेराबंदी कर धर दबोच लिया गया । पूछताछ पर उसने अपना नाम चरण सिंह पुत्र रामप्रसाद धाकड़ उम्र 45 साल निवासी ग्राम बरखेड़ा गिर्द थाना बजरंगगढ़ जिला गुना का बताया एवं मुखबिर सूचना के आधार पर जिसके पास मिले कट्टे की विधिवत तलाशी लेने पर उससे 3.395 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा अनुमानित कीमत करीब 75 हजार रुपये का बरामद हुआ, जिसे पुलिस द्वारा विधिवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया और जिसके विरुद्ध कैंट थाने में प्रकरण क्रमांक 342/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है । पुलिस द्वारा आरोपी के गांजा तस्करी के अन्य स्त्रोतों एवं संभावित नेटवर्क की गहन जांच की जा रही है ।

नशे के खिलाफ कैंट थाना पुलिस की इस उल्लेखनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, उपनिरीक्षक ज्योति राजपूत, प्रधान आरक्षक दीपेन्द्र परिहार, आरक्षक महेन्द्र वर्मा, आरक्षक विनोद धाकड़, आरक्षक मयंक गोस्वामी, आरक्षक रामनिवास शर्मा, आरक्षक विकाश राजपूत, आरक्षक गौरव देवलिया एवं आरक्षक गौरव शर्मा का विशेष योगदान रहा है ।

### गौ सम्मान आव्हान अभियान के द्वितीय चरण को लेकर बैठक संपन्न



**समय जगत, आगर मालवा ।** संपूर्ण भारत में संत महापुरुषो के द्वारा चलाए जा रहे प्रथम चरण में गो सम्मान आह्वान अभियान की भारत की 5400 तहसीलो में तहसीलदार के माध्यम से 5 करोड़ हस्ताक्षरो से प्रार्थना पत्र युक्त की सफलता बाद , द्वितीय चरण 27 जुलाई 2026 के लिए सम्पूर्ण भारतवर्ष के 790 जिले में कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति , प्रधानमंत्री, राज्यपाल मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र सौंपा जायेगा जिसमें सम्पूर्ण वेदलक्षणा गोवंश की सेवा सुरक्षा सम्मान के लिए भारत से गो हत्या बंद हो ,जिसके लिए गोपालन मंत्रालय व केन्द्रीय कानून बने गो माता राष्ट्र माता बने जिसके लिए सत्संग भवन छावनी आगर मालवा मुख्यालय पर बैठक रखी गई बडोद सुसनेर पिपलोन आगर मालवा से गो भक्त मातृशक्ति पधारे

जिसमें द्वितीय चरण में 27 जुलाई को देश के 790 जिले मुख्यालय पर प्रात : 8-00 से 9-15 तक सवा घंटे का विजय मंत्र श्री राम जय जय जय राम जप होगा पूरे देश से 15 करोड हस्ताक्षर होंगे जिसमें आगर जिले से साढ़े तीन लाख हस्ताक्षर लक्ष्य रखा गया है गो सम्मान आह्वान अभियान के लिए आगर नगर को दुल्हन की तरह सजाये जाने जैसे अनेक निर्णय लिए गए एवं गो भक्तों ने जिले सेवा प्रभार प्राप्त कर गो भक्तों ने देश के व आगर जिले के नागरिको मातृशक्ति भाई बंधुओ सभी सामाजिक जन से आग्रह किया जिससे प्रतिदिन प्राण त्याग रहे 80000 गो वंश के प्राणो की रक्षा हो इस प्रकार अति महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई ।

# संभागायुक्त की अध्यक्षता में उज्जैन संभाग की कलेक्टर कॉन्फ्रेंस आयोजित

## राजस्व प्रकरणों को समय सीमा में निपटाए




**आगर मालवा।** संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में संभाग के सभी कलेक्टर को निर्देश दिए कि राजस्व के प्रकरणों को समय सीमा में पूर्ण करने के लिए अधीनस्थ कार्यालयों का लगातार निरीक्षण करे और लोक सेवा गारंटी के आवेदनों पर समय सीमा में काम नहीं होने पर संबंधित अधिकारी पर पेनाल्टी लगाए। सीमांकन, बंटवारा, नामांतरण के अविवादित प्रकरणों की पेंडेंसी एक माह में खत्म करे। नामांतरण, सीमांकन के प्रकरणों में निचले अमले की कार्रवाई पर भी निगाह रखे। बिना कारण सीमांकन प्रकरण रद्द नहीं हो। उज्जैन कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बताया कि उज्जैन में सीमांकन के प्रकरण लंबित नहीं हैं । इसी प्रकार नीमच जिले में भी पेंडेंसी नहीं है। नक्शा दुरुस्ती के प्रकरण होने पर आवेदन लेकर प्रकरण दर्ज कर ले उसके बाद भी सीमांकन प्रकरण रद्द नहीं हो। उज्जैन,देवास, रतलाम,शाजापुर ,आगर मालवा,मंदसौर,नीमच, के कलेक्टर ने गेहूं खरीदी, वरदान उपलब्धता, गेहूं का परिवहन की जानकारी भी दी ।

# दरगाह ए हकीमी प्रबंधन ने नवागत एसपी आशुतोष बागरी का किया स्वागत



**बुरहानपुर।** दरगाह-ए-हकीमी प्रबंधन ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर नवागत एसपी आशुतोष बागरी का शॉल-श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। दाऊदी बोहरा समाज के पीआरओ कोऑर्डिनेटर तफज्जुल हुसैन मुलायमवाला ने बताया कि नए एसपी ने गुरुवार को जिले का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर दरगाह-ए-हकीमी के उप प्रबंधक शेख मुस्तफा उज्जैनी द्वारा उनका स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान तफज्जुल हुसैन मुलायमवाला, मोहम्मद नूर पार्टी, दरगाह ए हकीमी के अकाउंटेंट अशोक लार्ड और ओम यादव मौजूद रहे। दरगाह ए हकीमी प्रबंधन ने नए एसपी को ऐतिहासिक दरगाह-ए-हकीमी आने का निमंत्रण भी दिया। गौरतलब है कि गृह विभाग की आईपीएस तबादला सूची में पूर्व एसपी देवेंद्र पाटीदार का तबादला झाबुआ किया गया है। उनके स्थान पर आशुतोष बागरी को जिले का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने अधिकारियों और स्टाफ से चर्चा की।

# श्री श्री रविशंकर के 70वें जन्मोत्सव पर जल प्रहरी नीरज वानखड़े सहित समाजसेवियों का हुआ सम्मान



**समय जगत, पांढुरना।** आध्यात्मिक गुरु एवं श्री श्री रविशंकर के 70वें जन्मोत्सव के अवसर पर आर्ट ऑफलिविंग परिवार छिंदवाड़ा द्वारा एक भव्य एवं गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आध्यात्मिकता, सेवा और समाजहित के संदेश के साथ विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में अनुयायी, प्रशिक्षक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विवेक बंटी साहू एवं राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय के कुलगुरु इंद्र प्रसाद त्रिपाठी रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में सांसद श्री साहू ने कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग संस्था समाज में सकारात्मक ऊर्जा, मानसिक शांति और सेवा भाव को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को नई दिशा देने के साथ लोगों को मानवीय मूल्यों से जोड़ते हैं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छिंदवाड़ा एवं पांढुरना जिले के प्रसिद्ध 'वाटर हीरो' और जल प्रहरी नीरज वानखड़े का सम्मान रहा।

जल संरक्षण और जल जागरूकता के क्षेत्र में उनके द्वारा किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की सराहना करते हुए, सांसद श्री विवेक बंटी साहू एवं कुलगुरु श्री इंद्र प्रसाद त्रिपाठी ने उन्हें शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनके कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर पांढुरना से आए वरिष्ठ टीचर अनीश मेहता सहित अन्य प्रशिक्षक एवं स्वयंसेवक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी के स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए सामूहिक प्रार्थना की गई। पूरे आयोजन में आध्यात्मिक वातावरण, सेवा भावना और सामाजिक समर्पण का अद्भुत संगम देखने को मिला।

### शासकीय पॉलीटेक्निक में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

**आगर मालवा ।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, आगर मालवा में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।यह दिवस प्रतिवर्ष 11 मई को मनाया जाता है और 11 मई 1998 को पोखरण-2 ऑपरेशन शक्ति परमाणु परीक्षण, हंस-3 एयरक्राफ्ट की पहली उड़ान तथा त्रिशूल मिसाइल की सफल लॉन्चिंग को समर्पित है ।कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्राचार्य डॉ. हितेंद्र सिंह तोमर ने की ।इस अवसर पर भारत सरकार की ओर से जिला युवा अधिकारी सागर वाधवानी एवं भरत शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नवीन प्रौद्योगिकी से अवगत कराना, भविष्य में तकनीकी क्षेत्र के अवसरों की जानकारी देना तथा विद्यार्थियों में प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि जागृत करना था ।मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को पीएम इंटर्नशिप, इसरो, डीआरडीओ एवं नेशनल एयरोस्पेस लेबोरेटरीज जैसे संस्थानों में भविष्य की संभावनाओं के बारे में विस्तार से मार्गदर्शन दिया ।उन्होंने बताया कि तकनीकी नवाचार ही राष्ट्र निर्माण की नींव है और विद्यार्थियों को अनुसंधान एवं स्टार्टअप की ओर कदम बढ़ाना चाहिए ।कार्यक्रम का संचालन अंकित गोड ने किया तथा आभार श्रीमती मयूर शिखा पंचोली ने माना । इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रताप सिंह कटारा, अंकित गोड, श्रीमती रीना राजावत, डॉ हर्षो चौहान, सुश्री एकता जादोन, सुश्री दीपिका परमार सहित समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

# आबकारी विभाग द्वारा की गई बड़ी कार्रवाई, महुआ शराब और लहान जब्त



**समय जगत, मनेंद्रगढ़।** जिले में आबकारी विभाग के जिलास्तरीय उड़नदस्ता दल ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए हरफरा वार्ड क्रमांक 10, थाना जनकपुर क्षेत्र में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान आरोपी जगतबहादुर सिंह के कब्जे से 9.500 लीटर महुआ शराब एवं लगभग 210 किलो महुआ लहान बरामद किया गया। मामले में आबकारी एक्ट की धारा 34(2), 59(क)(च) एवं 36 के तहत अपराध क्रमांक 01/26 कायम कर कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में विवेचक अधिकारी शिवेंद्र सिंह मरावी एवं बनवारी लाल पांडे की अहम भूमिका रही। टीम में प्रधान आरक्षक विनोद मिश्रा, रामेश्वर सिंह, सुजीत यादव, रश्मि किरण तथा वाहन चालक आशीष मिंज शामिल रहे। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब निर्माण और बिक्री के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा।